भाद्रपद कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 24 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 278, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



मेघालय में सरकार से ज्यादा शक्तिशाली हैं दरबार 14

बार्डर 2 में सनी देओल के साथ नजर आएंगे वरुण 13

## कुछ यूं मिले मोदी-जेलेंस्की...



कीव : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युद्धग्रस्त देश यूक्रेन पहुंचने के बाद राष्ट्रपति जेलेंस्की को गले से लगा लिया। ● एजेंसी

# यूक्रेन-रूस साथ बैठकर युद्ध से बाहर निकलने के तलाशें रास्ते

### पीएम मोदी ने जेलेंस्की को शांति के हर प्रयास में भूमिका निभाने का दिलाया भरोसा

- युद्धग्रस्त यूक्रेन का ऐतिहासिक दौरा राष्ट्रपति जेलेंस्की को लगाया गले

कीव, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ व्यापक वार्ता की और यूक्रेन-रूस के बीच जारी संघर्ष का समाधान निकालने के लिए एक-दूसरे से बातचीत की जरूरत पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत शांति के हर प्रयास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

प्रधानमंत्री मोदी ने चर्चा के दौरान एक ऐसा अभिनव समाधान विकसित करने के लिए सभी हितधारकों के बीच व्यावहारिक बातचीत की आवश्यकता जताई, जो व्यापक स्वीकार्यता बनाने में मदद करे और क्षेत्र में शांति तथा स्थिरता में योगदान दे सके। जेलेंस्की से वार्ता के बाद मोदी ने कहा, 'दोनों पक्षों को एक साथ बैठना चाहिए और उन्हें इस संकट से बाहर आने के रास्ते तलाशने होंगे। आज मैं यूक्रेन की धरती पर आपके साथ शांति और आगे बढ़ने के मार्ग पर विशेष रूप से चर्चा करना चाहता हूं।' प्रधानमंत्री ने जेलेंस्की को भरोसा दिलाते हुए कहा, 'भारत शांति के हर प्रयास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अगर मैं व्यक्तिगत रूप से इसमें योगदान दे सकता हूं तो मैं ऐसा जरूर करना चाहूंगा। एक मित्र के रूप में मैं आपको इसका विश्वास दिलाता हूं।' यूक्रेन के 1991 में स्वतंत्र होने के बाद यह भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब यूक्रेन ने रूसी क्षेत्र में आक्रामक सैन्य अभियान चला रखा है। युद्ध की शुरुआत में भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी में मदद के लिए मोदी ने जेलेंस्की का आभार जताया।

### भारत-यूक्रेन के बीच चार समझौतों पर हस्ताक्षर

**कीव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन की एक दिवसीय ऐतिहासिक यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कृषि एवं खाद्य उद्योग, औषधि एवं स्वास्थ्य, सामुदायिक विकास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के क्षेत्र में सहयोग के चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। प्रधानमंत्री मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की मुलाकात के बाद दोनों पक्षों की ओर से सहयोग के इन चार करार पर हस्ताक्षर किए गए।

### मोदी बोले-पुतिन से कहा था यह युद्ध का समय नहीं

प्रधानमंत्री मोदी ने जेलेंस्की की मौजूदगी में अपनी रूस यात्रा और उस दौरान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से हुई वार्ता का भी जिक्र किया और कहा कि उन्होंने पुतिन से स्पष्ट शब्दों में कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है। किसी भी समस्या का समाधान कभी भी रणभूमि में नहीं होता है। समाधान केवल बातचीत, संवाद और कूटनीति के जरिए होता है और हमें समय बर्बाद किए बिना उस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।' मोदी ने आज के दिन को ऐतिहासिक बताया और कहा कि भारत का प्रधानमंत्री आज पहली बार यूक्रेन की धरती पर आया है।

### जेलेंस्की बोले- आप पुतिन को रोक सकते हैं

राष्ट्रपति जेलेंस्की ने विश्वास जताया कि संघर्षग्रस्त क्षेत्र में शांति लाने में भारत की भूमिका है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए जेलेंस्की ने कहा कि मुझे लगता है कि भारत ने यह पहचानना शुरू कर दिया है कि यह सिर्फ संघर्ष नहीं है, यह पूरे देश के खिलाफ युद्ध है। जेलेंस्की ने पीएम मोदी और भारत को लेकर कहा कि आप एक बड़े देश हैं। आपका प्रभाव बहुत बड़ा है। आप पुतिन को रोक सकते हैं और उनकी अर्थव्यवस्था को रोक सकते हैं।

***मोदी ने जेलेंस्की को दिया भारत आने का न्यौता :*** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति जेलेंस्की को भारत आने का निमंत्रण दिया, जिसे जेलेंस्की ने स्वीकार किया। जेलेंस्की ने कहा कि मेरी भारत की यात्रा करने की योजना है। मुझे लगता है कि दोबारा एक साथ मिलना अच्छा रहेगा और अगर हमारी मुलाकात भारत में होगी तो मुझे खुशी होगी।

# 21 फीसदी ने छोड़ी परीक्षा, 61 नकलची गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूपी पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड के मुताबिक प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के बाद भी शुक्रवार को पहले दिन लगभग 21 प्रतिशत उम्मीदवारों ने यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा छोड़ दी। राज्य भर में 61 नकलची और अनुचित साधनों का उपयोग करने वाले उम्मीदवारों को गिरफ्तार किया गया।

प्रदेश के 67 जिलों के 1174 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा हुई, जिसमें परीक्षा आयोजित होने के छह महीने बाद बायोमेट्रिक सत्यापन शामिल था, जिसमें फिंगर प्रिंट और चेहरे की पहचान शामिल थी। फिर फरवरी में प्रश्न पत्र लीक होने के बाद रद कर दिया गया था। उधर, परीक्षा के दौरान डीजीपी खुद ग्राउंड जीरो पर उतरे और दो केंद्रों का निरीक्षण किया। एडीजी रेलवे प्रकाश डी अभ्यर्थियों की व्यवस्थाओं को परखते रहे। सिपाही भर्ती के 60,244 पदों के लिए लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए 48,17,441 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को पहले दिन परीक्षा की दोनों पालियों में 79.11 प्रतिशत उम्मीदवार उपस्थित हुए।

### सिपाही भर्ती परीक्षा

- ग्राउंड जीरो पर उतरे डीजीपी एडीजी रेलवे ने परखी व्यवस्थाएं



एक केंद्र का जायजा लेने पहुंचे डीजीपी।

### इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ एक को पकड़ा

**रायबरेली।** आचार्य द्विवेदी इंटर कालेज में उस समय खलबली मच गई, जब एक अभ्यर्थी को इलेक्ट्रानिक डिवाइस के साथ पकड़ा गया। सीओ सिटी ने बताया कि कोतवाली में आरोपित अभ्यर्थी उपेंद्र सिंह निवासी पूरे ताला, जनपद औरेया के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## अयोग्य पायलटों के साथ भरी उड़ान, एयर इंडिया पर 90 लाख का जुर्माना

- डीजीसीए ने बड़ी सुरक्षा चूक बताते हुए की कार्रवाई

**नई दिल्ली।** विमानन नियामक डीजीसीए ने अयोग्य चालक दल के सदस्यों के साथ उड़ान संचालित करने के लिए एयर इंडिया पर 90 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा, नियामक ने इस चूक के लिए एयर इंडिया के परिचालन निदेशक तथा प्रशिक्षण निदेशक पर क्रमशः छह लाख और तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने संबंधित पायलट को आगाह किया कि भविष्य में ऐसी घटना न हो। इसमें कहा गया कि एयर इंडिया लिमिटेड ने एक नॉन-ट्रेनर लाइन कैप्टन द्वारा संचालित उड़ान का संचालन किया, जिसे एक नॉन-लाइन-रिलीज प्रथम अधिकारी के साथ जोड़ा गया था।

नियामक ने इसे एक गंभीर शेड्यूलिंग घटना पाया है, जिसके गंभीर सुरक्षा परिणाम हो सकते हैं। एयरलाइन द्वारा 10 जुलाई को प्रस्तुत स्वैच्छिक रिपोर्ट के जरिये घटना के संज्ञान में आने के बाद नियामक ने एयरलाइन के परिचालन की जांच की, जिसमें दस्तावेजों आदि की जांच शामिल थी।

# नेपाल में 150 फीट नीचे नदी में गिरी बस, 27 भारतीयों की मौत



नेपाल के तनहुन जिले के आंबुखरैनी क्षेत्र में मर्सियांगडी नदी में गिरी बस। ● एजेंसी

- महाराष्ट्र के 40 से ज्यादा लोग पोखरा से जा रहे थे काठमांडू

काठमांडू, एजेंसी

मध्य नेपाल में शुक्रवार को एक भारतीय यात्री बस 150 फीट नीचे तेज बहाव वाली मर्सियांगडी नदी में गिर गई। इस हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई, जबकि 16 यात्री घायल हुए हैं। बस में चालक, सहचालक और कंडक्टर को मिलाकर कुल 43 लोग सवार थे। सभी 40 यात्री महाराष्ट्र जिले के जलगांव के बताए जा रहे हैं।

बस में सवार यात्री 104 भारतीय तीर्थयात्रियों के एक समूह का हिस्सा थे, जो दो दिन पहले हिमालयी देश की 10 दिवसीय यात्रा के लिए तीन बसों में सवार होकर महाराष्ट्र से नेपाल पहुंचे थे। तीर्थयात्री जलगांव जिले के भुसल गांव से आए थे। पोखरा में दो दिन घूमने के बाद तीनों बसें शुक्रवार सुबह काठमांडू के लिए रवाना हुईं। कुरिन्तार के सशस्त्र पुलिस बल प्रमुख माधव प्रसाद ने कहा कि तीनों बस में यात्रा करने वाले ज्यादातर यात्री परिवार के सदस्य और रिश्तेदार थे। दुर्घटनाग्रस्त बस में सवार 43 यात्रियों के नामों की सूची जारी कर दी गई है।

यूपी सरकार ने घटना का संज्ञान लेते हुए राहत पहुंचाने के लिए महाराजगंज के एसडीएम को नेपाल भेजा है। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने कहा, "आज पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे पंजीकरण संख्या- यूपी 53 एफडी 7623 नंबर की एक बस नेपाल के तनहुन जिले में मार्सयांगडी नदी में लगभग 150 मीटर नीचे गिर गई। बस में चालक और सहायक समेत महाराष्ट्र के 43 यात्री सवार थे।







## केजरीवाल पर चलेगा मुकदमा, सीबीआई को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत को सूचित किया कि उसने आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के विधायक दुर्गेश पाठक पर मुकदमा चलाने की मंजूरी प्राप्त कर ली है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत को यह जानकारी दी गई, जिन्होंने मामले को 27 अगस्त को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया। इस मामले में केजरीवाल की न्यायिक हिरासत अवधि 27 अगस्त को समाप्त होने वाली है।

# दूसरी कंपनियों में कोष को खपाने के मास्टरमाइंड थे अनिल अंबानी: सेबी

नई दिल्ली, एजेंसी



- बाजार नियामक ने पांच साल के लिए किया प्रतिबंधित, 25 करोड़ जुर्माना भी लगाया

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अपने आदेश में अनिल अंबानी को कोष को दूसरी कंपनियों में खपाने का मास्टमाइंड बताते हुए कहा है कि रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) की ऋण मंजूरी प्रक्रिया में भारी अनियमितताएं पाई गईं, जिसमें कंपनी की कर्ज नीति से विचलन और अधूरे दस्तावेज भी शामिल हैं।

सेबी ने अनिल अंबानी तथा रिलायंस होम फाइनेंस के पूर्व प्रमुख अधिकारियों समेत 24 अन्य को कंपनी से धन के हेर-फेर के मामले में शेयर बाजार से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है।

सेबी ने अंबानी पर 25 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने आदेश में कहा है कि आरएचएफएल के निदेशक मंडल ने इस तरह ऋण देने के व्यवहार पर लगाम लगाने और कंपनियों को कर्ज देने की नियमित समीक्षा करने के कड़े निर्देश जारी किए थे, लेकिन कंपनी प्रबंधन ने उन आदेशों की अनदेखी की। सेबी ने आदेश में कहा कि यह एक अजीबोगरीब मामला है, जहां कंपनी के प्रबंधन ने अपने ही निदेशक मंडल के उस आदेश की अवहेलना की है, जिसने सामान्य जरूरतों के लिए कॉरपोरेट कर्ज देने के बारे में चिंता जताई थी। सेबी ने कहा कि धोखाधड़ी की इस योजना के पीछे का मास्टरमाइंड एडीएजी का चेयरमैन अनिल अंबानी होने की संभावना दिखाई देती है।'

## भारतीय सेना का छोटा ड्रोन गलती से पाकिस्तानी क्षेत्र में गिरा

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना का एक छोटा ड्रोन तकनीकी खराबी आने के कारण जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा को पार करके पाकिस्तानी क्षेत्र में चला गया। पाकिस्तानी सैनिकों ने ड्रोन को कब्जे में ले लिया। भारतीय सेना ने ड्रोन लौटाने के लिए पाकिस्तानी सेना को हॉटलाइन पर एक संदेश दिया है। अधिकारी ने कहा सुबह 9:25 बजे एक छोटा ड्रोन प्रशिक्षण अभियान पर था और उसमें तकनीकी खराबी आने के कारण उस पर नियंत्रण नहीं रहा, जिससे ड्रोन पाकिस्तान के निकियाल सेक्टर की ओर चला गया।

# कोतवाल के साथ घूसखोरी में लिप्त 5 पुलिसकर्मी निलंबित

- सीओ की रिपोर्ट के बाद एक दरोगा और सिपाही लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दो अफीम तस्करों को सात लाख की घूस लेकर छोड़ने और आवास से 9.84 लाख बरामद होने के मामले में निलंबित फरीदपुर कोतवाल रामसेवक के करीबी पांच पुलिसकर्मियों को भी निलंबित कर दिया गया। एक दरोगा व एक सिपाही का लाइन हाजिर किया है। ये सभी रामसेवक के इशारे पर डील करते थे।

सीओ की रिपोर्ट के बाद एसएसपी आर्य ने शुक्रवार देर रात कार्रवाई की। कोतवाली में तैनात मुख्य आरक्षी रिजवान, नीरज व एहसान, आरक्षी सौरभ कुमार, कृष्ण कुमार, अतुल वर्मा और दरोगा जावेद अली रामसेवक के इशारे पर पकड़े गए आरोपियों के परिजनों से रिश्वत लेने की डील करते थे। रिश्वत की डील थाना परिसर में बनी बैरक में होती थी। रामसेवक का भंडाफोड़ होने के बाद एसएसपी और सीओ को गोपनीय सूत्रों ने पांचों आरोपी पुलिसकर्मियों के नाम बताए। एसएसपी के निर्देश पर सीओ गौरव सिंह ने जांच की, जिसमें आरोप सही पाए गए। दरोगा जावेद अली और सिपाही अतुल वर्मा को संदेह का लाभ मिला। इन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया।

## गले में फंसा भुना चना बच्चे ने तोड़ा दम

**शाहजहांपुर।** तीन साल के बच्चे के गले में चना फंस जाने से उसकी मौत हो गई। नगर के मोहल्ला गढ़ी निवासी हरिओम मिश्रा का तीन साल का बेटा दिव्यम सुबह करीब 8 बजे अपने दादा के साथ बैठकर भुने चने खा रहा था। अचानक उसके गले में चना फंस गया तो उसकी हालत खराब होने लगी। चना गले से नीचे उतारने के लिए परिजनों ने बच्चे को पानी, दूध पिलाया। इसके बाद भी चना नीचे नहीं उतरा। परिजन उसे निजी चिकित्सक के पास ले गए। उसके हाथ खड़े करने पर परिजन दूसरे अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।



दिव्यम

# शाह ने कांग्रेस-राहुल से पूछे 10 सवाल

### गृहमंत्री ने कश्मीर, आरक्षण और विभाजनकारी सियासत पर घेरा

नई दिल्ली, एजेंसी



- नेता विपक्ष से अनुच्छेद 370 पर रुख स्पष्ट करने को कहा

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच गठबंधन पर प्रमुख विपक्षी पार्टी पर हमला किया। शाह ने उससे यह स्पष्ट करने को कहा कि क्या वह अनुच्छेद-370 बहाल करने के अब्दुल्ला परिवार के चुनावी वादे का समर्थन करती है।

शाह ने 'एक्स' पर एक लंबी पोस्ट में आरोप लगाया, 'सत्ता के लालच में बार-बार देश की एकता और सुरक्षा के साथ खेलने वाली कांग्रेस पार्टी ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में अब्दुल्ला परिवार की नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन करके फिर से अपने मंसूबों को देश के सामने रखा है।' शाह ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के चुनावी घोषणापत्र में किए गए वादों का उल्लेख करते हुए कांग्रेस और राहुल गांधी से 10 प्रश्न पूछे। उन्होंने पूछा कि क्या कांग्रेस नेशनल कॉन्फ्रेंस के जम्मू-कश्मीर में फिर से अलग झंडे के वादे का समर्थन करती है? क्या राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी अनुच्छेद-370 और अनुच्छेद 35-ए को वापस लाकर जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने के नेशनल कॉन्फ्रेंस के निर्णय का समर्थन करती है?

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 2019 में जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया था। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने यह सवाल भी किया कि क्या कांग्रेस कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता करके फिर से अलगाववाद को बढ़ावा देने का समर्थन करती है?

### कोलकाता हत्याकांड

## आरोपी की न्यायिक हिरासत बढ़ी, पालीग्रॉफ टेस्ट की तैयारी

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या मामले के मुख्य आरोपी संजय रॉय की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 14 दिन के लिए बढ़ा दी गई। गत 9 अगस्त की शाम गिरफ्तार किए गए संजय को सियालदह कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसकी न्यायिक हिरासत 14 दिन के लिए बढ़ा दी गई। इस बीच सीबीआई ने रॉय, आरजी कर अस्पताल के बर्खास्त प्रिंसिपल संदीप घोष और पांच अन्य डॉक्टरों पर पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की तैयारी शुरू कर दी है।

# यौन शोषण मामले में दिल्ली कोर्ट में हाजिर हुए बृजभूषण

नई दिल्ली, एजेंसी



- महिला पहलवानों की गवाही जज के सामने होगी
- आरोपी के वकील नहीं होंगे शामिल

यूपी के कैसरगंज से पूर्व भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष रहे बृजभूषण शरण सिंह राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। महिला पहलवानों के उत्पीड़न मामले में सुनवाई के दौरान कोर्ट की ओर से महिला पहलवानों को बयान दर्ज करवाने के दो विकल्प दिए।

विकल्प में कहा गया कि अगर महिला कोर्ट रूम में गवाही देने में सहज हैं तो इसकी इजाजत दी जा सकती है। दूसरा विकल्प यह कि अगर वे सहज नहीं हैं तो फिर उन्हें 'कमजोर गवाह' मानकर उनके बयान दर्ज किए जाएंगे। फैसला पहलवानों पर निर्भर करता है। कोर्ट ने महिला पहलवानों की सहमति के बाद कहा कि उनकी गवाही जज के सामने होगी। इसमें बृजभूषण शरण सिंह के वकील भी शामिल नहीं होंगे। यह बयान कोर्ट रूम के साथ वाले कमरे में दर्ज कराया जाएगा। कोर्ट के इस निर्णय पर बृजभूषण शरण सिंह के वकील ने भी पक्ष रखा।

## पिस्टल सटाकर भूमि बैनामा कराने के मामले में अब्बास को जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पिस्तौल की नोक पर जमीन का बैनामा कराने के मामले में विधायक अब्बास अंसारी को शुक्रवार को जमानत दे दी। मामले के तथ्यों के मुताबिक वर्ष 2023 में फखर नाम के एक व्यक्ति द्वारा गाजीपुर की कोतवाली में अंसारी पर मामला दर्ज कराया गया कि 2012 में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर बंदूक की नोक पर एक जमीन का बैनामा कराया और जमीन की कीमत अदा नहीं की।



# तीसरी बार देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बने योगी

### सर्वे की रिपोर्ट में केजरीवाल, ममता बनर्जी, एमके स्टालिन और चंद्रबाबू नायडू रहे काफी पीछे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार तीसरी बार देश के सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बनकर उभरे हैं। प्रतिष्ठित मीडिया समूह के 'मूड ऑफ द नेशन' सर्वे में योगी को सर्वश्रेष्ठ सीएम के तौर पर जनता ने चुना है। मुकाबले में मुख्यमंत्री केजरीवाल, ममता बनर्जी, एम के स्टालिन और चंद्रबाबू नायडू काफी पीछे रहे।

'मूड ऑफ द नेशन' सर्वे में देश के 30 राज्यों की जनता से सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री के बारे में पूछे गए सवालों में योगी आदित्यनाथ को सर्वाधिक मत मिले हैं। जनता से पूछा गया कि वे किसे देश का सबसे बेहतरीन मुख्यमंत्री मानते हैं? इस पर 33 प्रतिशत से अधिक लोगों ने योगी आदित्यनाथ के नाम पर अपनी मुहर लगाई है। इस सर्वे में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मात्र 13.8 प्रतिशत लोगों ने लोकप्रिय माना है, जबकि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तीसरे स्थान पर हैं। उन्हें 9.1 प्रतिशत लोगों ने समर्थन दिया। वहीं, चौथे स्थान पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन हैं, जिन्हें 4.7 प्रतिशत मत मिला। पांचवें स्थान पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू हैं, जिन्हें 4.6 फीसदी लोगों ने समर्थन दिया।

इस सूची में महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, कर्नाटक के सीएम सिद्दारमैया, असम के हिमंता बिस्वा सरमा, उत्तराखंड के पुष्कर सिंह धामी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी कुछ हद तक समर्थन मिला है।

### 'मूड ऑफ द नेशन' के सर्वे में 33% जनता ने योगी को बताया सर्वश्रेष्ठ



### लोकप्रियता की वजह कानून-व्यवस्था भी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते साढ़े सात साल में कानून-व्यवस्था से लेकर रोड कनेक्टिविटी, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में मिशन मोड में कार्य किया। इसके साथ ही राज्य को उद्योग प्रदेश बनाने में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त करके नया कीर्तिमान रचा। इसके अलावा दो करोड़ युवाओं को रोजगार और साढ़े छह लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी देकर भी योगी ने अपनी लोकप्रियता में इजाफा किया है।

# पहली पाली में 1509, दूसरी में 1481 ने छोड़ी परीक्षा

## जिले के 12 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच हुई पुलिस भर्ती प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस भर्ती प्रवेश परीक्षा शुक्रवार को संपन्न हुई। निष्पक्ष व पारदर्शी परीक्षा संपन्न कराने के लिए अलग-अलग कॉलेजों में 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। दो पालियों में परीक्षा संपन्न कराई गई। कुल 5256 परीक्षार्थियों में पहली पाली में 1509 और दूसरी पाली में 1481 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शेष पुलिस भर्ती परीक्षा 24, 25, 30 और 31 अगस्त को होगी।

पहली पाली की परीक्षा शुक्रवार सुबह 10 बजे से शुरू हुई, लेकिन परीक्षा केंद्रों पर सुबह सात बजे से ही परीक्षार्थियों का पहुंचना शुरू हो गया था। जिले में आर्य महिला इंटर कॉलेज, आर्य महिला पीजी कॉलेज, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज, जीएफ कॉलेज ब्लॉक-1, जीएफ कॉलेज ब्लॉक-2, गर्वमेंट इंटर कॉलेज, गर्वमेंट पॉलीटेक्निक कालेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज, धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज, एसएस कॉलेज ब्लॉक-1 और एलबीजेपी इंटर कॉलेज तिलहर में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सुबह 7:30 बजे तक परीक्षा केंद्रों पर लंबी लाइन लग गई। सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल लगाया गया था। परीक्षा केंद्र में प्रवेश लेने से पहले परीक्षार्थियों की तलाशी ली गई। सुबह पाली 10 से मध्याहन 12 बजे तक चली, जिसमें 5256 परीक्षार्थियों में से कुल 3747 परीक्षार्थी 71.290 प्रतिशत उपस्थित रहे तथा 1509 परीक्षार्थी 28.710 प्रतिशत अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली अपरान्ह 3 से 5 बजे तक परीक्षा चली, जिसमें 5256 परीक्षार्थियों में से कुल 3775 परीक्षार्थी 71.822 प्रतिशत उपस्थित रहे तथा 1481 परीक्षार्थी 28.178 प्रतिशत अनुपस्थित रहे। इस दौरान डीएम ने जीएफ कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज एवं इस्लामिया इंटर कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होने पुलिस भर्ती परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा को सुचितापूर्ण, निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल रूम, प्रकाश, पेयजल व्यवस्था, परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थित के संबंध में जानकारी ली तथा परीक्षा कक्षो में औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं को देखा।

- **तीन घंटा पहले से ही परीक्षा केंद्रों पर लगनी शुरू हो गई लाइन**
- **जिलाधिकारी समेत अफसरों ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण**


आर्य महिला पीजी कॉलेज परीक्षा केंद्र पर लगी परीक्षार्थियों की लाइन। ● अमृत विचार


आर्य महिला पीजी कॉलेज परीक्षा केंद्र पर सीटिंग प्लान देखते परीक्षार्थी।


जीएफ कॉलेज परीक्षा केंद्र के बाहर कतार में लगे परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

### होटलों में रही भीड़भाड़

परीक्षा आज भी जारी रहेगी, जिसके चलते शुक्रवार शाम को ही दूर दराज से युवा होटल और लॉज में रुक गए हैं। जिससे होटल और लॉज में भारी चहल पहल रही। रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर भी भारी संख्या में लोग देखे गए। दोपहर बाद से शुरू हुआ युवाओं के आने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

### केंद्र बार परीक्षार्थियों की स्थिति

| प्रथम पाली | | | | द्वितीय पाली | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| परीक्षा केंद्र | उपस्थित | अनुपस्थित | आवंटित छात्र संख्या | परीक्षा केंद्र | उपस्थित | अनुपस्थित | आवंटित छात्र संख्या |
| आर्य महिला इंटर कॉलेज | 284 | 100 | 384 | आर्य महिला इंटर कॉलेज | 264 | 120 | 384 |
| आर्य महिला पीजी कॉलेज | 278 | 106 | 384 | आर्य महिला पीजी कॉलेज | 275 | 109 | 384 |
| देवी प्रसाद इंटर कॉलेज | 293 | 139 | 432 | देवी प्रसाद इंटर कॉलेज | 316 | 116 | 432 |
| जीएफ कॉलेज ब्लॉक | 1 336 | 144 | 480 | जीएफ कॉलेज ब्लॉक | 1 338 | 142 | 480 |
| जीएफ कॉलेज ब्लॉक | 2 353 | 127 | 480 | जीएफ कॉलेज ब्लॉक | 2 351 | 129 | 480 |
| गर्वमेंट इंटर कॉलेज | 294 | 114 | 408 | गर्वमेंट इंटर कॉलेज | 298 | 110 | 408 |
| गर्वमेंट पॉलीटेक्निक कालेज | 338 | 118 | 456 | गर्वमेंट पॉलीटेक्निक कालेज | 323 | 133 | 456 |
| इस्लामिया इंटर कॉलेज | 327 | 153 | 480 | इस्लामिया इंटर कॉलेज | 334 | 146 | 480 |
| जनता इंटर कॉलेज | 297 | 111 | 408 | जनता इंटर कॉलेज | 307 | 101 | 408 |
| धर्मानंद इंटर कॉलेज | 278 | 106 | 384 | धर्मानंद इंटर कॉलेज | 278 | 106 | 384 |
| एसएस कॉलेज ब्लॉक | 1 331 | 149 | 480 | एसएस कॉलेज ब्लॉक | 1 336 | 144 | 480 |
| एलबीजेपी इंटर कॉलेज तिलहर | 338 | 142 | 480 | एलबीजेपी इंटर कॉलेज तिलहर | 355 | 125 | 480 |


इस्लामिया इंटर कॉलेज के सामने ट्रैफिक व्यवस्था संभालते पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार


परीक्षा देकर परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

**एक नजर**

### डीडी के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले सचिव

**खुदागंज, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत में निरीक्षण के दौरान डीडी पंचायत को ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत अधिकारी के नहीं मिलने से उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और सभी को नियमित उपस्थित रहने के निर्देश दिए। शुक्रवार को डिप्टी डायरेक्टर महेंद्र सिंह ने विकास क्षेत्र खुदागंज के ग्राम कंसर्ट व अकबरी का निरीक्षण किया। इस दौरान अकबरी में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश कुमार के अनुपस्थित रहने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने दोबारा से अनुपस्थित मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान सहायक विकास अधिकारी पवन कुमार, अशोक कुमार गंगवार सहित ब्लॉक के कई अधिकारी मौजूद रहे।

### जाम में फांसी एंबुलेंस में तड़पती रही महिला

**पुवायां, अमृत विचार :** कोप नबलपुर गांव की टीकाराम की पत्नी मोनी देवी(65) को शुक्रवार को तेज बुखार आ गया, जिसके बाद दोपहर 12:20 बजे वह एंबुलेंस से अस्पताल लेकर पहुंचा। अस्पताल में स्टाफ की लापरवाही के चलते बाइकें अड़ी तिरछी खड़ी थी, जिस कारण एंबुलेंस जाम में फंस गई और लगभग आधे घंटे तक तेज बुखार से मोनी एंबुलेंस में ही तड़पती रही। आधे घंटे बाद इमरजेंसी कक्ष में पहुंचने के बाद मोनी का इलाज शुरू हुआ, जिसके बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

## प्रज्ञांशी पाठक ने जीती ऑल इंडिया कत्थक प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शहर की किशोरी ने कोलकाता में अपने नृत्य का लोहा मनवाया है। हाल ही में स्वामी विवेकानंद फाउंडेशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर कोलकाता की ओर से आयोजित ऑल इंडिया कत्थक नृत्य प्रतियोगिता में नृत्यांगना प्रज्ञांशी पाठक(12) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर रोशन किया। प्रतियोगिता में देशभर से भाग लेने वाले नृत्य प्रतिभागियों के बीच प्रज्ञांशी ने अद्वितीय कत्थक नृत्य कला का प्रदर्शन कर जीत हासिल की।

प्रज्ञांशी के पिता अशित पाठक एडवोकेट और राष्ट्र स्वाभिमान ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। माता प्रज्ञा पाठक वीरांगना वाहिनी की प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि बेटी को आधुनिक डांस स्टाइल के बजाय भारतीय शास्त्रीय नृत्य कत्थक सिखाने का निर्णय लिया। प्रज्ञांशी ने चार वर्ष की उम्र से ही कत्थक की शिक्षा प्रारंभ की और वर्तमान में वह विख्यात कत्थक गुरु पंडित अनुज मिश्रा से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। पंडित अनुज मिश्रा के पिता पंडित अर्जुन मिश्रा भी एक प्रसिद्ध कत्थक गुरु थे और उनके दादा गुरु पद्म विभूषण पंडित बिरजू महाराज कत्थक नृत्य की दुनिया के एक दिग्गज थे। प्रज्ञांशी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता की प्रेरणा और गुरुजनों की शिक्षा को दिया है। उन्होंने कहा कि मेरे माता-पिता के सहयोग और गुरु के मार्गदर्शन से ही यह संभव हो पाया है।


कत्थक करतीं प्रज्ञांशी पाठक।

- **स्वामी विवेकानंद फाउंडेशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर कोलकाता की ओर से हुआ था आयोजन**
- **देशभर से भाग लेने वाले प्रतिभागियों के बीच अद्वितीय कत्थक कला का प्रदर्शन कर पाया स्थान**

## पहले दिन हजारों परीक्षार्थियों ने किया निःशुल्क सफर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर रोडवेज बस में उपलब्ध कराई गई निःशुल्क सेवा में करीब चार हजार परीक्षार्थियों ने मुफ्त सफर किया। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए दिल्ली रूट की कुछ बसों को बंद करके अन्य जिलों के लिए लगाया गया था। रोडवेज बस अड्डे पर सीट पाने के लिए मारामारी रही।

पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा 23 अगस्त से 25 अगस्त तक और 30 व 31 अगस्त को होगी। यहां पर 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। प्रदेश सरकार ने पुलिस भर्ती परीक्षा में परीक्षार्थियों के लिए रोडवेज की बसों में निःशुल्क सफर की घोषणा की थी। निर्देश दिए थे कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। डिपो में 114 निगम और 70 अनुबंधित बसें है। जबकि दिल्ली के लिए 30 बसें संचालित होती है। परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो दिल्ली की 20 बसों को हटाकर दूसरे जिले के लगा दिया गया था। गुरुवार की रात से ही परीक्षार्थियों का रोडवेज की बसों से आना शुरु हो गया था। शुक्रवार की सुबह दस बजे तक अन्य जिलों से परीक्षार्थी बसों से आ रहे थे। जिन परीक्षार्थियों की 24 अगस्त को परीक्षा है, वह भी परीक्षार्थी आ रहे है। शाम को परीक्षा समाप्त होने के बाद रोडवेज बस अड्डे पर परीक्षार्थियों की भीड़ जमा हो गयी है। बस में सीट पाने के लिए परीक्षार्थियों में आपस में नोकझोंक तक हुई। जिस रूट के परीक्षार्थी अधिक होते थे , उस रूट के लिए पहले बस लगा दी जाती थी। ध्वनि विस्तारक से बराबर एनाउंस किया जा रहा है। इधर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात था। एआरएम शैलेंद्र सक्सेना ने बताया कि परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र की फोटोकॉपी परिचालक के पास जमा करनी होती है। शाम सात बजे तक करीब चार हजार परीक्षार्थियों ने निशुल्क सफर किया है। दिल्ली की कुछ बसों को दूसरे रूट पर भेजा गया है।


रोडवेज बस स्टैंड पर जलभराव से जूझते दिखे परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

- **रात में बस अड्डे और रेलवे प्लेटफार्म गुजारी रात**
- **दिल्ली की बसें रोककर अन्य रूट पर चलाई गई बसें**


जीएफ कॉलेज के पास सुरक्षा में तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

### रेलवे स्टेशन पर स्लीपर कोच में किया कब्जा

**शाहजहांपुर।** पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के बाद शाम को रेलवे स्टेशन पर परीक्षार्थी काफी संख्या में पहुंचे। स्टेशन पर देखते-देखते पर परीक्षार्थियों को भीड़ लग गई। प्लेटफार्म चार पर गंगा सतलज एक्सप्रेस व राज्यरानी एक्सप्रेस और बरेली-प्रयाग एक्सप्रेस, बरेली-वाराणसी एक्सप्रेस प्लेटफार्म एक पर आकर रुकी तो जनरल कोच में पहले से ही पैर रखने की जगह नहीं थी। परीक्षार्थी स्लीपर कोच में जबरन घुस गए और लोगों की बर्थ पर कब्जा कर लिया। रिजर्वेशन वाले यात्रियों को दिक्कत हुई। स्लीपर कोच में भी पैर रखने की जगह नहीं थी। कुछ परीक्षार्थी गुरुवार की रात में आ गए थे और प्लेटफार्म पर चादर बिछाकर रात काटी। तीन टिकट घर चालू कराए गए। स्टेशन पर जीआरपी द्वारा खोले गए हेल्प डेस्क पर कोई कर्मचारी नहीं बैठा। इसके अलावा पे एंड यूज शौचालय पर पांच रुपये के स्थान पर दस रुपये वसूल किए गए। जीआरपी और आरपीएफ के जवान प्लेटफार्म पर बराबर घूमते रहे।

**सक्रियता** | जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला पौधरोपण, पर्यावरण व गंगा समिति की बैठक

## डीएम ने ईओ तिलहर और पुवायां का जवाब तलब किया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला पौधरोपण समिति, जिला पर्यावरण समिति व जिला गंगा समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में हुए वृहद पौधरोपण की विभागवार जियो टैगिंग की समीक्षा की।

संबंधित विभागों विशेषकर पंचायती राज विभाग, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, ऊर्जा विभाग, कृषि विभाग, रेशम विभाग, नगर विकास विभाग की जियो टैगिंग मानक से कम पायी गई। इस संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया गया कि संबंधित विभाग 1 सप्ताह में शेष जियो टैगिंग कार्य को शत प्रतिशत पूरा कराना सुनिश्चित करें। साथ ही रोपित किए गए पौधों की देखभाल ससमय करवाने के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जिला पर्यावरण समिति तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंध् व प्लास्टिक वेस्ट की नगर निकायवार समीक्षा की और असंतोष प्रकट करते हुए कार्यप्रणाली में परिवर्तन लाने व स्वयं की इच्छाशक्ति से कार्य करने के लिए अभिप्रेरित किया।

ई-वेस्ट, सी एंड डी वेस्ट, बायो मेडिकल वेस्ट, सीवरेज, नदी प्रदूषण इत्यादि पर बिंदुवार चर्चा करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी अपशिष्टों का मानक के अनुरूप निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। सिंगल यूज प्लास्टिक जब्तीकरण, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन व एमआरएफ सेंटरों की स्थिति ठीक न पाए जाने पर ईओ तिलहर व पुवायां का जवाब तलब करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिशासी अधिकारी सिंगल यूज प्लास्टिक जब्तीकरण का अभियान चलाकर कार्रवाई करें। एमआरएफ सेंटरों के निरीक्षण करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारी व खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देश दिए कि स्वच्छता समितियां ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय करना सुनिश्चित करें व कूड़ा उठान और आरआरसी सेंटरों को भी सक्रिय करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी गौरव गर्ग सहित समिति के सदस्य व अधिकारी मौजूद रहे।


अधिकारियों संग समीक्षा बैठक करते डीएम उमेश प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

- **कूड़ा कलेक्शन और एमआरएफ सेंटरों की स्थिति खराब**

### जिला स्तरीय महाकुंभ गंगा योजना बनाने को कहा

जिला गंगा समिति के अंतर्गत आगामी महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन के लिए जिला स्तरीय महाकुंभ गंगा योजना बनाने के निर्देश दिये व आने वाले पर्वों पर नदियों में पूजन सामग्री, फूल माला इत्यादि को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से पुर्नचक्रण द्वारा निपटान करने के लिए नगर निगम को आदेशित किया।

## अंतरिक्ष प्रश्नोत्तरी में राजन रोली और शरद विजयी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** विकास खंड ददरौल के पूर्व माध्यमिक विद्यालय निवाड़ी में शुक्रवार को प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर अंतरिक्ष विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राजन सिंह ने प्रथम, रोली ने द्वितीय और शरद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रधानाध्यापिका रूफिया खान ने बताया कि भारत के लिए 23 अगस्त देश की अंतरिक्ष यात्रा में एक महत्वपूर्ण दिन है, जो चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता के बाद पहली बार राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। चंद्रयान-3 मिशन भारत का तीसरा चंद्र मिशन था। विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर के साथ इस मिशन ने 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरकर इतिहास रचा था। इस तरह भारत चांद के साउथ पोल पर उतरने वाला दुनिया का पहला और चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला दुनिया का चौथा देश बना।


शिक्षिका अर्चना सक्सेना के संयोजन में आयोजित अंतरिक्ष विज्ञान प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विजेताओं के अंतरिक्ष विज्ञान संबंधी पुस्तिका पुरस्कार स्वरूप दी गई। कार्यक्रम में स्टाफ के सदस्यों का सहयोग रहा।


पूर्व माध्यमिक विद्यालय निवाड़ी में विज्ञान संबंधी पुस्तिका के साथ विजेता।

- **पूर्व माध्यमिक विद्यालय निवाड़ी में मना प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस**






शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# नेशनल हाईवे में जानलेवा गड्ढों की भरमार...जिम्मेदारों को नहीं आते नजर

## शाहजहांपुर से पुवायां के बीच बदहाली के आंसू बहा रहा हाईवे, दो-दो फीट तक हैं गहरे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आए दिन वाहनों से गिरकर चोटिल हो रहे लोग
- बारिश में पानी भरने से होती है और ज्यादा परेशानी
- लखनऊ दिल्ली फोरलेन में भी जानलेवा कट

**अमृत विचार :** फर्राटा भरने के लिए जाने जाना वाला नेशनल हाईवे महानगर में दुर्दशा का शिकार हैं। शाहजहांपुर-पलिया हाईवे हो या दिल्ली लखनऊ फोरलेन सभी पर दुश्वारियां हैं। रिंग रोड पर भी बाढ़ आने के बाद से खतरनाक गड्ढे हो गए हैं। जो रात के समय बहुत घातक हैं। हालत यह है कि डामर रोड से नीचे उतरते ही इंसान दस फुट गहरे गड्ढे में गिरेगा और गंभीर रूप से घायल हो जाएगा।

वाहन स्पीड में होने पर जान भी जा सकती है। इसके अलावा महानगर की सड़कों के गड्ढे भी हाथ-पैर तोड़ने भर को काफी हैं। शहर की कई सड़कों पर गड्ढे हैं, कहीं सड़कें दबी हुई हैं। जिसके चलते हादसा होने खतरा बना रहता है। यह स्थिति उस समय में देखने को मिल रही है जब आए दिन खराब सड़क और बिगड़ी यातायात व्यवस्था के चलते लोगों की जान हादसों में जा रही है। लगातार हो रहे हादसों के बाद भी अधिकारियों को हाईवे और महानगर की सड़कों के गड्ढे दिखाई नहीं देते। पलिया हाईवे के चौड़ीकरण का काम होना है, लेकिन इस समय यह कार्य धीमी गति से चल रहा है। इस समस्या की ओर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। लखनऊ से हरदोई शाहजहांपुर होते हुए पलिया तक नेशनल हाईवे के चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। चिनौर तिराहे से नियामतपुर मोड़ तक हाईवे पर खाईनुमा गड्ढे हैं। बरसात में पानी भर जाने पर गड्ढे ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं। खासतौर पर अगर बाइक का पहिया गड्ढे में गया तो वाहन नियंत्रित करना तक मुश्किल हो जा जाता है। चिनौर तिराहे तक दस से ज्यादा बड़े गड्ढे हैं। बाकी सड़क भी जगह-जगह से टूट गई है। छोटे गड्ढों की संख्या तो अनगिनत है। भारी वाहन चलने के कारण हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। दो पहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा दुर्घटना का शिकार होते हैं। अक्सर ई-रिक्शा गड्ढे में जाने से अनियंत्रित होकर पलट जाते हैं। सिंधौली, पुवायां, बंडा और खुटार क्षेत्र के हजारों लोग यहां से प्रतिदिन गुजरते हैं। लोग जान का जोखिम उठाकर इन गड्ढे वाली सड़कों से गुजरते हैं। पलिया - शाहजहांपुर हाईवे के चौड़ीकरण कार्य एनएचएआई करा रही है। अधिकारियों का दावा है कि चौड़ीकरण का काम समय से पहले पूरा किया जाएगा। सड़क को सात मीटर से बढ़ाकर 10 मीटर चौड़ा किया जाएगा। मार्च 2023 में हाईवे के चौड़ीकरण का कार्य शुरू हुआ था। इसे मार्च 2025 में पूरा होना है।


पलिया-शाहजहांपुर हाईवे में बने बड़े-बड़े गड्ढे। ● अमृत विचार

"पलिया हाईवे के चौड़ीकरण का काम चल रहा है। हमारा प्रयास है कि जल्द से जल्द चौड़ीकरण पूरा कर लिया जाए ताकि जनता को परेशानी न हो। –प्रशांत दुबे, परियोजना निदेशक, एनएचएआई।

### ...अचानक आ जाते हैं तेज रफ्तार वाहन


शहर और पलिया हाईवे के साथ-साथ फोरलेन की भी स्थिति खराब है। इस पर जगह-जगह अनगिनत अवैध कट बन गए हैं। जिन पर लोग लगातार आवाजाही करते हैं। जबकि यहां वाहन अचानक बहुत तेज रफ्तार से सामाने आ जाते हैं, ऐसे में हादसा होने की आशंका लगातार बनी रहती है। लंबे समय से अवैध कट हैं, लेकिन उनकी ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है।

### रिंग रोड धसने से बढ़ा खतरा


बाढ़ आने के चलते रिंग रोड के किनारे से काफी मिट्टी कट गई है। सड़क भी धस गई। पानी खत्म होने के बाद धंसी सड़क की मरम्मत कराई जानी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बाढ़ समाप्त हुए अब एक महीने से ज्यादा का समय हो गया है, लेकिन फिर भी सड़क को सही करने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। मिट्टी डालकर सड़क के किनारे के भाग को समतल नहीं किया गया है, जिसके चलते रात के समय सड़क से नीचे गड्ढे में लोग गिर जाते हैं और चोटिल हो जाते हैं।

### ललिता देवी मंदिर रोड भी बदहाल


ललिता देवी मंदिर रोड पर बाढ़ आने के बाद से कई गड्ढे बन गए हैं। इनमें गिरकर आए दिन लोग चोटिल होते रहते हैं। कई लोगों ने तो इस सड़क से परहेज शुरू कर दिया है। इस सड़क की जगह दूसरी सड़कों से गुजरते हैं। यहां छोटे बड़े अनगिनत गड्ढे हैं। बारिश के दिनों में पानी भर जाने पर यह गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिसके चलते मोटरसाइकिल और साइकिल सवार इनमें गिरकर चोटिल हो जाते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे, जिसके चलते जनता को परेशानी बनी हुई है।

## एक नजर

### बुलेट न देने पर रिश्ता तोड़ा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव हवासपुर निवासी लल्लूराम ने बताया कि उसने अपनी पुत्री सत्यभामा की शादी मई माह में दीपक निवासी जरौल थाना फतेहगंज पूर्वी जिला बरेली के साथ तय की थी। गोद भराई में पचास हजार रुपये खर्च हुए थे। 13 जुलाई को बरात थी और बरात को लेकर पूरी तैयारी कर ली थी। बरात से दो दिन पहले लड़के पक्ष वालों ने खबर भिजवाई कि पहले बुलेट मोटर साइकिल भिजवा दो, तब बरात लेकर आएंगे। बुलेट नहीं दी तो बरात लेकर नही आए। पुलिस ने दीपक, नरेश, रामवती, शिवानी के खिलाफ दहेज उत्पीड़ की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जान से मारने की धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला अजीजगंज निवासी आकाश ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक सप्ताह पूर्व रात नौ बजे मोहल्ले के रोहित, धमेंद्र, सौरव, गौरव आदि उसके दरवाजे पर आए। पुरानी रंजिश को लेकर गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव कूरा बडा निवासी अवनीश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बुधवार की शाम पांच बजे गांव के ही राजू, विवेक उसके दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर उसे पीटकर घायल कर दिया। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**निगोही, अमृत विचार :** कुष्ठ रोग अश्रम में रह रही शीला देवी(45) पत्नी राजेंद्र को गुरुवार को सर्प ने काट लिया। जिससे महिला की मौत हो गई। टिकरी चौकी प्रभारी परवीन कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है।

# प्रेस करते समय लगा करंट सिलाई कारीगर की मौत

संवाददाता, जमुका/ रोजा

- घर में बनी दुकान में बच्चों की ड्रेस सिलने का काम करता था विनोद

**अमृत विचार :** घर में बनी दुकान में कपड़ों में प्रेस लगाते समय सिलाई कारीगर की करंट लगने से मौत हो गई। उसकी मौत से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।


मृतक विनोद प्रजापति।

मठिया कॉलोनी निवासी विनोद प्रजापति(35) बच्चों की ड्रेस सिलकर उनकी सप्लाई का काम करते थे। उन्होंने घर में ही दुकान खोल रखी थी। शुक्रवार सुबह करीब 8:30 बजे कपड़ों में प्रेस लगा रहे थे, तभी अचानक शॉर्ट-सर्किट हो गया। जिससे विनोद को करंट लग गया। घटना के बाद लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही विनोद के साढ़ू हरिओम प्रजापति विनोद को मेडिकल कॉलेज के लिए ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मना कर दिया। इसके बाद परिजन और साढ़ू विनोद को लेकर निजी अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने उन्हें देखा तो उनकी सांसे थम चुकी थी। सूचना मिलने पर घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। विनोद की मृत्यु की सूचना जिन-जिन लोगों को मिली, वह उन्हें देखने के लिए उनके घर पर पहुंच गए। विनोद अपने घर में अकेले ही कमाने वाले सदस्य थे। रक्षाबंधन पर उनकी बहन कुसुमा आई हुई थी। इकलौते भाई की मौत से उसका भी रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। पिता मेवाराम ने बताया कि विनोद के दो बेटे हैं, जिनमें अभय(13) और अनुज(7) है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा विपिन का शव

**बंडा/शाहजहांपुर, अमृत विचार:** शारदा नहर में कूदे दो भाईयों में से बड़े भाई का शव आठ दिन बाद संडिया गांव के निकट शारदा में तैरता हुआ मिला। पुलिस ने शव को निकाल कर पीएम के लिए भेज दिया है। आठ दिन पूर्व मुड़िया छावन के निवासी रामधन तिवारी के दो बेटे विपिन तिवारी और सुनील तिवारी एक साथ मकसूदापुर पुल से शारदा नहर में कूद गए थे। एनडीआरएफ और पुलिस की खोजबीन के बाद तीसरे दिन छोटे भाई सुनील का शव सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव उमरपुर में शारदा नहर से मिला था। जबकि बड़े भाई की तलाश जारी थी। शुक्रवार सुबह संडिया गांव के निकट शारदा में एक शव तैरने की सूचना मिली तो पुलिस व परिजनों ने मौके पर जाकर शव को बाहर निकाला। जिसकी शिनाख्त रामधन तिवारी ने अपने बेटे विपिन तिवारी के रूप में की। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

# टायर फटा, बस की चादर उखड़ने से दो यात्री घायल

संवाददाता, निगोही/शाहजहांपुर


दूसरी बस के इंतजार में खड़े यात्री। ● अमृत विचार


इसी बस का फटा पिछला टायर।

- बस के अंदर पिछले टायर के ऊपर सीट पर बैठे थे दोनों
- हालत गंभीर, घटना के बाद दूसरी बस से रवाना हुए यात्री

**अमृत विचार :** शाहजहांपुर से बीसलपुर जा रही रोडवेज बस का पिछला टायर कजरीनूरपुर के पास फट गया। जिससे बस की चादर उखड़ने से बस के अंदर बैठे दो यात्री घायल हो गए। घायलों को निगोही सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया और बाकी यात्रियों को दूसरी बस से रवाना किया गया।


घायल यात्री विनोद।

शाहजहांपुर डिपो की बस संख्या यूपी 27 टी 7339 शुक्रवार दोपहर शाहजहांपुर से यात्रियों को लेकर निगोही-बीसलपुर होते हुए पीलीभीत जाने के लिए निकली थी। बस के अंदर पिछले पहिये पर टीन की चादर के ऊपर बनी सीट पर समस्तीपुर के थाना इकोना के इकोना बाजार निवासी विनोद कुमार(60) और पीलीभीत के थाना खमरिया के गांव अंडा गौटिया निवासी प्यारेलाल(45) बैठे हुए थे। दोपहर करीब 2:30 बजे बस निगोही-बीसलपुर रोड पर कजरीनूरपुर के पास पहुंची, तभी अचानक टायर फट गया और तेज धमाके की आवाज के साथ ही सीट पर बैठे दोनों यात्रियों के पैरों के पास टीन की चादर उखड़ गई, जिसमें दोनों घायल हो गए। उनके पैर बुरी तरह से जख्मी हो गए। बस में चीख-पुकार मच गई। चालक ने बस को रोका तो देखा कि दोनों यात्री खून से लथपथ कराह रहे थे। यात्रियों की मदद से दोनों घायल यात्रियों को बस से उतारा गया और इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घायलों को निगोही सीएचसी भेज दिया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उधर, घटना के बाद यात्री परेशान होने लगे। करीब एक घंटे बाद शाहजहांपुर से दूसरी बस आई तब कहीं जाकर यात्रियों को गंतव्य को रवाना किया गया।

### रबड़िंग करके चलाए जा रहे पुराने टायर

प्रतिदिन यात्रा करने वाले यात्रियों ने बताया कि रोडवेज बस में सबसे सुरक्षित सफर माना जाता है लेकिन विभाग की लापरवाही की वजह से बसों में भी यात्रा सुरक्षित नहीं लग रही है। बसों में खराब हो जाने वाले पुराने टायरों को रबड़िंग करके चलाया जा रहा है, जो कहीं भी और किसी भी समय दगा दे सकते हैं लेकिन शिकायतों के बाद भी रोडवेज विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। कुछ बसें जो कंडम नजर आ रही हैं, उन्हें भी चलाया जा रहा है।

# फंदे पर लटक किशोरी ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अंदर से बंद था कमरे का दरवाजा कुंडी तोड़कर उतारा शव
- पिता की आठ और मां की 12 वर्ष पहले हो चुकी है मौत

**अमृत विचार :** वरनावा गांव में एक किशोरी ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर कुंडे से दुपट्टे का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने कुंडी तोड़कर शव को नीचे उतारा। किशोरी अपनी छोटी बहन के साथ रहती थी। मां-बाप की मौत हो चुकी है। आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

कांट थाना क्षेत्र के गांव वरनावा निवासी भोली(18) के पिता सर्वेश की आठ साल और मां की 12 साल पहले मौत हो चुकी है। उसका भाई अंश अपनी बुआ सुमन के यहां हरदोई के पाली थाना क्षेत्र के गांव मलिकापुर रहता है। भोली अपनी छोटी बहन वंशिका के साथ रहती थी। उसके चाचा राकेश कुमार पड़ोस में रहते है। उसने ढाई बीघा खेत अपने चाचा को बटाई पर दे रखा था। उसके चाचा दोनों बहनों की देखभाल करते थे। गुरुवार की रात नौ बजे दोनों बहनों ने खाना खाया। भोली कमरे में लेट गई और उसकी बहन वंशिका आगंन में लेट गई। शुक्रवार सुबह सात बजे तक भोली नहीं उठी तो उसकी छोटी बहन वंशिका ने दरवाजा खटखटाया।


पोस्टमार्टम हाउस पर गुमसुम बैठे परिजन। ● अमृत विचार

कमरे के अंदर से कोई आवाज नहीं आयी। उसने अपने चाचा रमेश को बताया कि कि भोली के कमरे का दरवाजा नहीं खुल रहा है। परिवार वालों ने कमरे का दरवाजे की अंदर लगी कुंडी तोड़ दी और देखा कि उसका शव दुपट्टे से लटका हुआ था। प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार सिंह सिपाहियों के साथ मौके पर पहुचे और शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चाचा ने बताया कि फांसी क्यों लगाई, पता नहीं है। दोनों बहनों में किसी प्रकार का विवाद भी नहीं हुआ था। मौत की खबर से उसकी बहन का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गर्रा नदी में डूबकर हुई थी आवास विकास निवासी अभिषेक की मौत

संवाददाता, तिलहर/शाहजहांपुर

- पोस्टमार्टम से 20 घंटे पहले डूबा पुलिस ने दोनों दोस्तों को छोड़ा

**अमृत विचार :** पुलिस ने अभिषेक कुमार के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी नदी में डूबने से मौत हुई है। पोस्टमार्टम के समय से 20 घंटे पहले मौत दर्शाई गई है। पूछताछ के लिए बुलाए गए दोनों दोस्तों को छोड़ दिया गया है।


मृतक अभिषेक।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी निवासी अभिषेक रंजन उर्फ मोंटू(20) दोस्त अभिनव कुमार निवासी बीबीजई हद्दफ थाना सदर बाजार व पवन गौतम निवासी आवास विकास कॉलोनी थाना सदर बाजार के साथ मंगलवार की रात साढ़े 11 बजे तिलहर के गांव राईखेड़ा में गर्रा नदी के किनारे घूमने गया था। दोस्तों ने पुलिस को बताया कि अभिषेक नदी में डूब गया है। दोस्तों का कहना था कि हाथ धोने के लिए गया था, पैर स्लिप हो जाने से नदी में डूब गया था। उसका शव दूसरे दिन शाम को बरामद हुआ था। परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त की थी। चाची ने तहरीर दी थी। पुलिस ने दोस्तों को पूछताछ के लिए थाने पर बैठाया था। शुक्रवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी डूबने से मौत हुई है और पोस्टमार्टम के समय से 20 घंटे पहले डूबा है। पुलिस ने उसके दोनों दोस्तों को परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया है। मृतक की चाची द्वारा दी गई तहरीर की जांच जांच की जा रही है। तिलहर प्रभारी निरीक्षक विशाल प्रताप सिंह ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी डूबने से मौत हुई है और जांच की जा रही है।

# फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**मकसूदापुर, अमृत विचार :** बंडा के गांव ररुआ में एक विवाहिता ने घर में फंदे पर लटक कर जान दे दी। संदिग्ध परिस्थितियों में लटके शव को देख मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाया है।

पीलीभीत के थाना पूरनपुर क्षेत्र के गांव धर्मापुर खुर्द निवासी अरविंद ने अपनी बहन कुसुमलता की शादी 12 वर्ष पहले बंडा के गांव ररूआ निवासी रामकेशन के साथ की थी, उसके दो पुत्र भी थे। आए दिन घर में कलह रहती थी। शुक्रवार सुबह कुसुमलता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के एक कमरे में फंदे पर लटकता मिला। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोग हत्या का आरोप लगाने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले को प्रथमदृष्टया आत्महत्या का मान रही है।

# सड़क की गुणवत्ता जांचने पहुंची लोक निर्माण विभाग की टीम


सड़क की गुणवत्ता चेक करते लोक निर्माण विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रोजा

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत कराए गए सड़क निर्माण कार्य में लोक निर्माण विभाग की टीम ने मानकों को परखा। जिसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपी जाएगी।

राष्ट्रीय गुणवत्ता संवेग इंजीनियर बलवीर सिंह लोक निर्माण खंड द्वितीय की टीम साथ शुक्रवार दोपहर जांच करने पहुंचे। उन्होंने रोजा क्षेत्र में गांव बल्लिया को जाने वाली सड़क की जगह-जगह खुदाई कराई और उसमें निर्माण कार्य के दौरान डाले गए पत्थर, बजरी और कोलतार आदि का निरीक्षण किया। टीम ने चेक किया कि सड़क निर्माण कितने एमएम के पत्थर डाले गए और इसका मानक क्या था। टीम लगभग एक से डेढ़ घंटे मौके पर रही। इसके बाद टीम यह कहकर लौट गई कि इस रिपोर्ट को उच्चाधिकारियों को सौंपा जाएगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग द्वितीय के इंजीनियर अनिल शर्मा मौजूद रहे।

# अपहत किशोरी बरेली मोड़ से बरामद

**कुर्रिया कला, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने 30 जुलाई को कांट में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 17 वर्षीया पुत्री को कोई व्यक्ति भगा ले गया है, जिसकी सूचना नोएडा होने की लगी है। पुलिस जब नोएडा पहुंची तो बताए हुए स्थान पर नहीं मिली। पुलिस खाली हाथ वापस आ गई। पुलिस के अनुसार उक्त लड़की को बरेली मोड़ से बरामद कर लिया गया है तथा चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया है। बरामद करने वाली टीम में उप निरीक्षक रामसुंदर यादव, शाहनवाज आलम, अनिल कुमार, महिला कांस्टेबल मनी गर्ग शामिल हैं।

# पशु भगा रहे किसान की गड्ढे में गिरकर मौत

संवाददाता, मदनापुर/शाहजहांपुर

- रात में फसल की रखवाली करने के दौरान हुई घटना

**अमृत विचार :** खेत में घुसे पशुओं को भगाते समय एक किसान गड्ढे में गिरकर घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज लाया गया। डॉक्टर ने बरेली के लिए रेफर कर दिया। वहां उसने दम तोड़ दिया।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव ककरुआ निवासी खड़क सिंह(45) गुरुवार की रात आठ बजे खेत पर फसल की रखवाली करने के लिए गया था। उसने देखा कि उसके खेत में पशु घुस आए है। उन्हें भगाने के दौरान वह गड्ढे में गिर गया और उसके सिर में चोट लग गई। परिवार वालों को खबर मिली तो खेत पर पहुंचे। परिवार वाले उसे देर रात मेडिकल कॉलेज लेकर आए। जहां डॉक्टर ने उसे भर्ती कर लिया। उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो बरेली के लिए रेफर कर दिया। परिवार वाले घायल को लेकर बरेली के एक अस्पताल में ले गए। इलाज के दौरान शुक्रवार शाम को उसकी मौत हो गई। परिवार वाले उसका शव लेकर घर लेकर आ गए। परिवार वालों मदनापुर थाना पर सूचना दी। एसओ अमित चौहान गांव में गए और जानकारी के करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ ने बताया कि जानवर भगाने के चक्कर में गड्ढे में गिर गया था। सिर में चोट लगने से उसकी मौत हो गई। उसकी पत्नी का नाम ऊषा देवी और चार बच्चे है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया


पोस्टमार्टम हाउस पर बैठे मृतक के परिजन।

# स्वास्थ्य शिविर में देखे 80 मरीज

**पुवायां, अमृत विचार :** चठिया बहादुरपुर गांव में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 80 मरीज देखे गए। जिनमें से 54 मरीज बुखार के मिले, जिन्हें दवा दी गई। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से चठीया बहादुरपुर गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 54 मरीजों में बुखार की शिकायत मिली, जिसमें से 28 मरीजों का टेस्ट कराया गया, जिनकी रिपोर्ट निगेटेव पाई गई। शिविर में डॉक्टर गोपाल दास, सीएचओ वरुणदीप सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, एएनएम श्रद्धा, स्टाफ नर्स नीलम मौजूद रही।

# फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार के पांच बच्चे बीमार

संवाददता, पुवायां

**अमृत विचार:** फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार के पांच बच्चे बीमार हो गए जिनको एंबुलेंस से अस्पताल में लाया गया, जिनमें से तीन बच्चों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

मामला बगडेर गांव का है। बगडेर गांव के सुनील के परिवार में खाना खाने के बाद उनके पांच बच्चे मुस्कान(15), रेशमा(12), संध्या(8), प्रियंका(10), प्रिया(6) की हालत खराब हो गई। परिजन उन्हें लेकर एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचे तो डॉक्टर ने इलाज शुरू किया। थोड़ी देर इलाज चलने के बाद इसमें से तीन बच्चे मुस्कान, प्रियंका और प्रिया की हालत में सुधार नहीं होने पर डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। डॉ. एमके सिंह ने बताया कि एक ही परिवार के बच्चे शिकार हुए हैं, जिसके चलते प्रथम दृष्टया फूड प्वाइजनिंग वजह लग रहा है। बच्चों को पलटी, पेट में दर्द और लूज मोशन की शिकायत थी। दो बच्चों की हालात में सुधार था जबकि तीन की हालत नाजुक थी।

# शौचालय के नाम पर रुपये मांगने का आरोप

**अल्हागंज, अमृत विचार:** गांव लालपुर इमलिया निवासी रमाकांत ने बताया कि एक प्रधान के पति ने उनसे शौचालय दिलवाने के नाम पर 2000 मांगे हैं। एक हजार की पेशी और एक हजार बाद में भुगतान के लिए कहा। आरोप है कि जब उसने धनराशि देने से मना किया, तो प्रधान व उसके पति ने उन्हें गालियां दी, साथ ही झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने की धमकी दी। मामले का सोशल मीडिया में वीडियो भी वायरल हो रहा है। ग्रामीण ने ग्राम पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध जांच करने की मांग जिला अधिकारी से की है।

Leading you to blossoming health
खुशलोक हॉस्पिटल
मल्टी सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर
सिन्धी मार्केट, निकट पुलिस चौकी मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली
फोन : 7500875003, 0581-2530800/700
HELPLINE: 9760701234
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
कैंसर के उच्चस्तरीय उपचार की उपलब्धता अब खुशलोक हॉस्पिटल में
डॉ. तूलिका त्यागी
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. रेडियेशन ऑन्कोलॉजी
कैंसर रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक कमला नेहरू मेमोरियल हॉस्पिटल, प्रयागराज
पूर्व चिकित्सक ओमेगा कैंसर हॉस्पिटल विशाखा पटनम
- सभी प्रकार के कैंसर रोगों की जाँच एवं निदान एक ही स्थान पर
- महिलाओं में होने वाले कैंसर जैसे स्तन कैंसर बच्चेदानी का कैंसर के लिये परामर्श एवं इलाज की व्यवस्था
- सभी प्रकार के कैंसर रोगों के लिए Chemotherapy (कीमोथैरेपी) की व्यवस्था
- कैंसर रोगों से बचाव के लिये परामर्श एवं टीकाकरण (Vaccination)
- आनुवांशिक रूप से होने वाले कैंसर रोगों के लिये स्क्रीनिंग (Screening) की व्यवस्था
24 घण्टे इमरजेन्सी
आई.सी.यू. व वेंटिलेटर की सुविधा उपलब्ध
Website: www.khushlokhospital.com
Email: khushlokhospital@rediffmail.com

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S., D.G.O D.M.A.S., F.M.A.S
Gyanaecologist, Ivf Specialist
हृदय रोग विभाग
स्थायी/अस्थायी पेसमेकर इम्प्लांटेशन
बैलून माइट्रल वाल्वोटॉमी
2डी ईको कार्डियोग्राफी
टी.एम.टी.
24 Hrs हॉल्टर मॉनिटरिंग
ई.सी.जी.
डिजिटल एक्स-रे
अनुभवी कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा संचालित कैथ लैब
कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
मॉड्यूलर ऑपरेशन
24/7 सुविधा उपलब्ध
निकट ईसाइयों की पुलिया, सिन्धु नगर, सैटेलाइट बरेली
0581-2990926
0581-2990928

# सरप्लस शिक्षकों के समायोजन की प्रक्रिया लटकी

## 22 तक मांगी गई थीं आपत्तियां, अब सचिव परिषद से नई सूची जारी होने की हो रही बात

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 20 अगस्त को बीएसए कार्यालय समेत बीआरसी पर चस्पा की गई थी सूची
- 79 हेड मास्टर और 95 सहायक अध्यापक शामिल थे पहले जारी की गई सूची

**अमृत विचारः** बेसिक शिक्षा परिषद के परिषदीय प्राथमिक स्कूलों में आवश्यकता से अधिक (सरप्लस) शिक्षकों की समायोजन प्रक्रिया फिलहाल लटक गई है। सरप्लस शिक्षकों की जो सूची बीएसए कार्यालय और बीआरसी पर चस्पा की गई थी, उसके एवज में अब परिषद सचिव से दूसरी सूची जारी होने की बात सामने आई है।

शासन के निर्देशानुसार अंतःजनपदीय स्थानांतरण/समायोजन की प्रक्रिया के तहत 20 अगस्त को परिषदीय स्कूलों में सरप्लस 174 शिक्षक-शिक्षिकाओं की सूची जारी की गई थी, जिसे मुख्यालय स्थित बीएसए कार्यालय समेत सभी ब्लॉक स्तरीय कार्यालयों में चस्पा कर दिया गया था और उन पर 22 अगस्त तक आपत्तियां मांगी गई थीं।

आपत्तियों पर विचार करने के बाद जिला स्तरीय समिति को शिक्षकों का समायोजन करना था। पहले चरण में प्राथमिक स्कूलों में सरप्लस शिक्षक-शिक्षिकाओं को जरूरत वाले स्कूलों में समायोजित किया जाना था।


बीएसए कार्यालय।

सूची में बड़ी संख्या में प्रधान अध्यापक भी शामिल थे। जिन स्कूलों में छात्र नामांकन के अनुरूप पद सृजित नहीं हैं, फिर भी उनकी तैनाती प्रधान अध्यापक पद पर चल रही है। ऐसे 79 प्रधान अध्यापक सूची में शामिल थे। इनके अलावा 95 सहायक अध्यापक भी सरप्लस सूची में दर्शाए गए थे।

बीएसए कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब जारी सूची के स्थान पर दूसरी सूची जारी होगी इसलिए उसकी प्रतीक्षा की जा रही है। फिलहाल पहले जारी हुई सूची की प्रगति स्थगित की जा चुकी है।

> जिले के परिषदीय स्कूलों में सरप्लस शिक्षकों की जो सूची जारी की गई थी, उसके बदले में दूसरी सूची सचिव बेसिक शिक्षा परिषद कार्यालय से जारी होनी है। अभी दूसरी सूची की प्रतीक्षा की जा रही है। फिलहाल पहले वाली सूची के सापेक्ष कोई प्रगति नहीं हो रही है।
>
> – दिव्या गुप्ता, बीएसए

### जिला समिति ने ली राहत की सांस

समायोजन प्रक्रिया लटक जाने से फिलहाल जिला समिति ने भी राहत की सांस ली है, इसका कारण यह है कि 23 और 24 अगस्त को ही आपत्तियों का निस्तारण कर सरप्लस शिक्षकों का समायोजन दूसरे स्कूलों में किया जाना था, लेकिन पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा शुरू हो जाने से सभी अधिकारी परीक्षा में व्यस्त हो गए हैं।

# हत्या के प्रयास में तीन आरोपी गिरफ्तार

**जलालाबाद, अमृत विचारः** थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि 21 अगस्त को प्रशांत कुमार निवासी जमदग्नि नगर थाना जलालाबाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी कार का पीछा करके उसे और उसके परिवार वालों को लाठी, डंडों से मारा पीटा, जान से मारने की नीयत से फायर किया था।

पुलिस ने पन्ना गुप्ता, मुकेश गुप्ता, मोनू गुप्ता, राज गुप्ता, सोनू, विशन गुप्ता निवासी नौसारा दयालनगर थाना जलालाबाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने तीन आरोपी पन्ना, राज गुप्ता, विशन गुप्ता को गंगा मंदिर के निकट से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने एक बोलेरो, दो तमंचे, दो लोहे की राड बरामद की है। टीम में उप निरीक्षक आजाद यादव, जुगेश कुमार आदि थे।

# जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करें पुलिस कर्मी


पुलिस लाइन में पीआरबी का निरीक्षण करते एसपी अशोक कुमार मीणा।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पुलिस लाइन में एसपी ने परेड का निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश

**अमृत विचारः** एसपी अशोक कुमार मीणा ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया और दिशा निर्देश दिए।

शुक्रवार को एसपी सुबह सात बजे पुलिस लाइन पर पहुंचे और परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। पुलिस कर्मियों को डयूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के निर्देशित किया। कर्मचारियों को शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए मैदान मे दौड़ लगवाई और परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई।

एसपी ने पुलिस लाइन परिसर में मैस, गणना कार्यालय, आर्मी बैरक आदि का भी निरीक्षण किया। प्रतिसार निरीक्षक को बेहतर सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने आदेश कक्ष में गार्द रजिस्टरों को चेक किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# दो लोग गिरफ्तार डोडा बरामद

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कटरा पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से डोडा बरामद किया है। बरामद डोडा 10 किलो है।

प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी को शुक्रवार की सुबह पौने नौ बजे सूचना मिली कि हाईवे पर एक ढाबे के निकट दो लोग खड़े है और उनके पास प्लास्टिक की बोरी में डोडा है। पुलिस ने घेराबंदी करके दोनों को पकड़ लिया। पकड़े गए अभियुक्त जागेश्वर निवासी कुठला थाना फतेहगंज पूर्वी जिला बरेली व रजनीश निवासी कुठला थाना फतेहगंज पूर्वी जिला बरेली है। अभियुक्तों के कब्जे से दस किलो डोडा बरामद किया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि बदायूं से डोडा खरीदकर लाते है और ढाबे के आस-पास ट्रक चालकों को डोडा बेचते है। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक अनुज चौधरी आदि थे।

# कोतवाली में आने- जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को लेनी होगी शिकायत पर्ची

संवाददाता, पुवायां

- पुवायां कोतवाल बोले, 72 घंटे में किया जाएगा समस्या का निस्तारण

**अमृत विचारः** कोतवाली में आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति का आगंतुक रजिस्टर में नाम और कारण दर्ज किया जाएगा। उसके साथ ही एक पर्ची दी जाएगी, जिसमें समस्या और उसके निस्तारण की समय सीमा होगी। 72 घंटे में समस्या का समाधान किया जाएगा।

कोतवाल हरपाल बालियान ने स्टाफ को निर्देश दिए हैं कि जो भी व्यक्ति कोतवाली के अंदर प्रवेश करेगा उसका नाम और पता आगंतुक रजिस्टर पर अंकित किया जाएगा। अगर कोई अपना प्रार्थना पत्र लेकर आता है तो उस प्रार्थना पत्र को रसीद में दर्ज करने के बाद जांच अधिकारी का नाम और नंबर दर्ज किया जाएगा और 72 घंटे में समस्या का निस्तारण किया जाएगा। अगर किसी को मुकदमा लिखाना है तो पर्ची पीड़ित को दे दी जाएगी और तहरीर मुकदमा दर्ज करने के लिए ऑफिस में प्रेषित कर दी जाएगी। पीड़ित को तत्काल मेडिकल के लिए भेज दिया जाए। निर्देश दिए कि अगर कोई भी व्यक्ति पर्ची देने से छूट गया तो पर्ची देने वाले जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पूरी पर्ची नहीं भरी गई और पीड़ित की डिटेल ऑफिस तक नहीं पहुंचाई गई तो पर्ची भरने वाला कर्मचारी जिम्मेदार होगा।

> शिकायतकर्ता कोतवाली नहीं आता है तब भी वह कह देता है कि कोतवाली आए थे, लेकिन पुलिस ने नहीं सुनी। जब रसीद होगी तो आदमी झूठ नहीं बोल पाएगा और पुलिस भी नहीं झूठ बोल पाएगी। रसीद मिलने के बाद तुरंत मुकदमा दर्ज कर दिया जाएगा। मुकदमे की विवेचना के बारे में भी आदमी जानकारी कर सकता है। उसे भी रशीद पर अंकित किया जाएगा।
>
> – हरपाल सिंह बलियान, कोतवाल

### क्या है शिकायत रसीद में

शिकायतकर्ता को दी जाने वाली पर्ची में शिकायतकर्ता का नाम, शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर, पता, शिकायत का पूरा विवरण, शिकायत को ट्रांसफर किए जाने वाले जांच अधिकारी और विवेचना अधिकारी का नाम और मोबाइल नंबर निस्तारण की अवधि सहित पर्ची शिकायतकर्ता को उपलब्ध करा दी जाएगी। वहीं शिकायत का अगर 7 दिन के अंदर निस्तारण नहीं होता है तो उस पर्ची को ले जाकर शिकायतकर्ता पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर सकता है।

# मीट की अवैध दुकानों को लेकर विहिप का हंगामा

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** स्कूलों के पास और सार्वजनिक रास्तों पर अवैध रूप से चल रही मीट की दुकानों को लेकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने हंगामा काटा। उन्होंने एसडीएम जीत सिंह को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई किए जाने की मांग की।

शुक्रवार को परिषद के जिला सह मंत्री सुरेश शर्मा पप्पू के नेतृत्व में पदाधिकारी तहसील में एकत्र हुए। जिला कोषाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा कि नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी के संरक्षण में अवैध रूप से बिना लाइसेंस के मीट मछली की दुकानों को संचालित कराया जा रहा है। नगर पालिका को उन्होंने 15 मई, 22 जून और तहसील दिवस में जिलाधिकारी को भी 22 जुलाई को प्रार्थना पत्र दिया था, परंतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद तिलहर के द्वारा अवैध मीट व मछली के कारोबार को बिना लाइसेंस के चलाए जा रहे खोखा व दुकानों को बंद नहीं कराया गया है। राजनपुर रोड पर प्राथमिक विद्यालय, कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय एवं कुमारगंज प्राथमिक विद्यालय मौजमपुर जहां पर पीपल के वृक्ष के नीचे और कुछ दूरी पर मनकामेश्वर मंदिर तथा कई जगहो पर अवैध रूप से मीट की दुकान संचालित हो रही है। इन दुकानों को तत्काल हटाया जाए नहीं तो वह लोग नगर पालिका में अनिश्चितकालीन धरना करेंगे।

इस दौरान रिशु गुप्ता, अरविंद गुप्ता, अखिल मौर्य, रविंद्र पाल सिंह, मानसिंह, शिव कुमार, नन्हे सिंह, सर्वेश गंगवार, भोला सिंह, दिलीप कुशवाहा, नरेश पाल आदि मौजूद रहे।


एसडीएम जीत सिंह को ज्ञापन सौंपते विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता।

- एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई किए जाने की मांग

# तीमारदारों ने सुरक्षा गार्ड के साथ की मारपीट

**तिलहर, अमृत विचारः** मरीज के साथ आए तीमारदारों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सुरक्षा गार्ड के साथ जमकर मारपीट की। मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

गुरुवार देर रात थाना खुदागंज क्षेत्र के ग्राम मीरपुर निवासी अंकुर कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बुधवार रात वह अपने साथी अनुज कुमार के साथ जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के इमरजेंसी वार्ड के बाहर ड्यूटी कर रहा था। इसी दौरान मरीज शमशुल हसन के साथ आए तीमारदार वहां पर हंगामा करने लगे। उसने जब हंगामा करने से मना किया तब उन लोगों ने सुरक्षा गार्ड के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। इस मामले में पीड़ित ने पुलिस को वीडियो फुटेज भी उपलब्ध करवाए हैं। कोतवाल विशाल प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के अपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकोमा की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड, बरेली।
सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# बच्चों ने टेलिस्कोप से किया आकाश दर्शन


अर्थियन सोसाइटी कार्यालय पर टेलिस्कोप से आकाश दर्शन करते बच्चे।

कार्यालय संवाददाता, शााहजहांपुर

- अर्थियन सोसाइटी कार्यालय में मनाया गया प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

**अमृत विचार :** मोहल्ला अंटा स्थित अर्थियन सोसाइटी कार्यालय पर शुक्रवार को प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को टेलिस्कोप के माध्यम से आकाश दर्शन कराया गया। बच्चों ने टेलिस्कोप से तमाम प्रकार की जानकारी हासिल की।

इस अवसर पर अर्थियन सोसाइटी के निदेशक डॉ. इरफान ह्यूमन ने बताया कि सूर्य का एक दिलचस्प पहलू इसके धब्बे हैं, जहां चुंबकीय क्षेत्र पृथ्वी की तुलना में लगभग 2,500 गुना अधिक शक्तिशाली होता है। खास बात यह है कि सूरज के धब्बों की सक्रियता में वृद्धि या कमी पृथ्वी की जलवायु को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने बताया कि सूर्य के धब्बों की अधिक सक्रियता पृथ्वी को भस्म कर सकती है और कमी से पृथ्वी पर हिमयुग आ सकता है। सौरमंडल के ग्रहों, उपग्रहों, लघु ग्रहों और उल्कापिंडों के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चे मौजूद रहे।

# पौधों को उपयोगी स्थान पर रोपित कर करें देखभाल



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण का प्रशिक्षण देते हुए छात्र-छात्राओं को पौधे वितरित किए गए। प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने छात्रों को पर्यावरण के विषय में जागरूक करते हुए उन्हें पौधरोपण की आवश्यकता एवं महत्व के बारे में उपयोगी जानकारी दी। प्रबंधक राकेश अग्रवाल ने छात्रों का आह्वान किया कि वह पौधों को उपयोगी स्थान पर रोपित कर उनकी देखभाल करें। इस दौरान उप प्रधानाचार्य वसंत कुमार आचार्य महेंद्र कुमार सिंह, पंकज शुक्ला, प्रणव मिश्र, गौरव मिश्र, सुबोध पाल आदि का सहयोग रहा।

# छात्राओं ने मां के नाम से रोपी पौध



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर स्थित जेपी पब्लिक स्कूल के कक्षा आठ के बच्चों ने अपनी मां के नाम से एक-एक पौधा ग्राम पंचायत में रोपित किया। स्कूल की प्रधानाचार्या हिना खान ने सभी बच्चों से कहा कि अपने जीवन में कम से कम 10 पौधे लगाकर उनकी पूरी देखभाल करते हुए तैयार करें। इन पेड़ों से ही हमें प्राण वायु ऑक्सीजन मिलती है व लकड़ी और फल प्राप्त होते हैं। इन्हें वैसे ही प्रेम करें जैसे अपने माता-पिता, भाई-बहन से प्रेम करते हैं। पौधरोपण के बाद ग्राम प्रधान अनिल कुमार गुप्ता ने पौधों की सुरक्षा के लिए तुरंत गमले बनवाना भी शुरू किया, जिससे कि सभी पौधे हमेशा सुरक्षित रहें। कार्यक्रम में स्कूल की अध्यापिका देवीना गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, मंजू, निदा नाज, संध्या पांडे, अंजली शर्मा, दीक्षा आदि मौजूद रहीं।

## एक नजर

### रास्ते में रोककर अधिवक्ता को पीटा, किया फायर

खुटार, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला रायटोला निवासी नीरज शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह पुवायां बार संघ का सदस्य है। गुरुवार की रात नौ बजे खाना खाने के बाद वह गोला बाईपास रोड पर टहलने के लिए गया था। आरोप है कि उसी समय एक व्यक्ति ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। अधिवक्ता के विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। इस बीच किसी तरह उक्त लोगों से बच गए और मौके से भागने का प्रयास किया। जिस पर आरोपियों ने अधिवक्ता के ऊपर असलाह से फायर कर दिया। गनीमत रही कि वह बाल-बाल बच गया। घटना के बाद आरोपियों से बचकर घर पहुंचा। जहां परिजनों को मामले की जानकारी दी। शुक्रवार को पीड़ित थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### टिकटों की ब्लैक को लेकर छापामारी

तिलहर, अमृत विचार : टिकटों की ब्लैक को लेकर आरपीएफ टीम ने जन सेवा केंद्रों पर छापामारी की। शुक्रवार को रेलवे के कर्मचारी और आरपीएफ उपनिरीक्षक रनवीर सिंह के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन के करीब संचालित होने वाले जन सेवा केंद्रों पर छापा मारा गया। टीम के सदस्यों ने जन सेवा केंद्रों के संचालकों से पूछताछ की और कई कागजात अपने साथ ले गए। उपनिरीक्षक ने बताया कि तिलहर क्षेत्र से लगातार रेलवे आरक्षण के टिकटों की ब्लैक होने की शिकायत उच्चाधिकारियों तक पहुंच रही थी। जिसके चलते जांच की गई।

### महिला सुरक्षा को मिले प्राथमिकता

खुदागंज, अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की नगर इकाई ने शुक्रवार को महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा को लेकर थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि लव जेहाद, छेड़छाड़ और घरेलू हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए विशेष पुलिस बल और रोमियो स्क्वायड की तैनाती की जाए। इस दौरान जिला विद्यार्थी प्रमुख राजीव कश्यप, प्रखंड संयोजक मोहित सिंह, अभिषेक जैन, कुश शंखधार, नैमिष रस्तोगी, मयंक सिंह, सुधांशु सिंह, अजय गिहार, सोनू कश्यप, कौशल गंगवार, श्याम मौर्य आदि मौजूद रहे।

# किशोरी से दुष्कर्म, फिर तालाब में दे दिया धक्का

## कुर्रिया कला की घटना, पेशाब करने के लिए घर से निकली थी पीड़िता, नामजद तहरीर दी

संवाददाता, कुर्रिया कला



- तलाश करने निकले परिजनों को गीले कपड़ों में मिली
- पुलिस ने किया मुआयना फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

"पीड़िता के पिता की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर की गई है। पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।
– अश्विनी कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक

मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। लड़की के बयान, मेडिकल व साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
–वीएस वीर कुमार क्षेत्राधिकार सदर"

अमृत विचार : रात में घर से पेशाब करने के लिए निकली किशोरी को युवक ने पकड़ लिया और तालाब के किनारे खींच ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारपीट कर उसे तालाब में धक्का दे दिया। तलाश करने निकले परिजनों को वह गीले कपड़ों में तालाब किनारे मिली।

पीड़िता ने परिजनों को आपबीती सुनाई। मामले में पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने मौका मुआयना किया और फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य इकट्ठा किए। थाना कांट क्षेत्र की कुर्रिया कला चौकी के एक गांव निवासी व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि गुरुवार रात करीब 11 बजे जब वह पेशाब करने के लिए उठा तो उसकी उसकी 17 वर्षीया पुत्री घर में नहीं थी। पुत्री को गायब देख वह परेशान हो गया।

उसने परिवार के सदस्यों को जगाकर पता किया तो हर कोई परेशान हो गया। इसके बाद उसकी तलाश शुरू कर गई। वह घर के पड़ोस के तालाब के किनारे भीगे कपड़ों में मिली। पीड़िता ने अपने पिता को बताया कि रात के समय पेशाब करने के लिए घर से बाहर निकली तभी उसे सुधीर ने पकड़ लिया और खींच कर तालाब के पास लेकर आ गया।

विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया। इसी दौरान आरोपी का भाई राहुल एवं उसका दोस्त शैलेंद्र भी मौके पर आ गए। इन दोनों ने उसके साथ गाली गलौज व मारपीट की और इसके बाद उसे तालाब में धक्का देकर भाग गए। जैसे-तैसे वह तालाब से बाहर निकल पाई। पीड़िता को उसका पिता सुबह थाने लेकर पहुंचा और पुलिस को मामले की जानकारी देने के साथ ही तीनों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अश्विनी कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज सत्येंद्र सिंह के साथ पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। सूचना पर फॉरेंसिक टीम भी पहुची। पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया है।

### दुष्कर्म मामले में राजीनामा का दबाव

खुटार, अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव निवासी आशा कार्यकत्री की ओर से इसी वर्ष गांव के ही एक युवक पर तमंचे के बल पर रेप करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। यह मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़ित महिला ने दर्ज रिपोर्ट में बताया था कि 13 अगस्त की सुबह करीब आठ बजे आरोपी के ताऊ बाबूराम, उनका बेटा कुलबीर, मुन्नी देवी पत्नी बाबूराम, उनकी बेटी महेश्वरी, जागेश्वरी बजे उसके दरवाजे पर लाठी डंडा लेकर पहुंचे और कहा कि मेरा भतीजा जेल में बंद है। राजीनामा कर लो नहीं तो तुम्हें जान से मार देंगे। आरोपियों ने कहा कि यदि राजीनामा रेप केस में नहीं लिया तो तुम्हें गांव से भगा देंगे या जान से मार देंगे। पीड़ित ने तहरीर में बताया कि आरोपी के परिजन कई बार पीड़ित के वकील के पास जाकर भी राजीनामा का दवाब भी बन चुके हैं। उधर, पीड़ित महिला की तहरीर पर खुटार पुलिस ने कोई भी कार्रवाई नहीं की। जिस पर पीड़िता एसपी अशोक कुमार मीणा के पास पहुंची और शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। एसपी ने प्रार्थना पत्र पर सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। खुटार पुलिस ने शुक्रवार को उक्त आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# समझौते के बाद एक साथ रहने को राजी हुए दंपती



सुलह–समझौते के बाद टीम के साथ मौजूद दंपती। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- परिवार परामर्श केंद्र में 21 पत्रावली पर की गई सुनवाई

अमृत विचार: पुलिस लाइन परिसर में परिवार परामर्श केंद्र में 21 पत्रावली पर सुनवाई की गई और एक दंपती को विदा किया गया।

शुक्रवार को पुलिस लाइन परिसर में अधिकारियों के यहां से भेजे गए शिकायती प्रार्थना पत्रों में 21 पत्रावली पर सुनवाई की गई। दंपती में समझौते की बात न बनने पर अगली तिथि दी गई। एक दंपती में समझौता हो गया। मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर निवासी जयंत्रि की शादी अनिल निवासी मोहम्मद हरा थाना मदनापुर के साथ हुई थी। पति-पत्नी में कुछ पारिवारिक विवाद चल रहा था। दोनों पक्ष को परिवार परामर्श केंद्र पर बुलाया गया था। दोनों पक्षों की आपस में वार्ता की गई और दोनों एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हो गए। दोनों को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया। इस मौके पर उप निरीक्षक मधु यादव, महिला आरक्षी लक्ष्मी रानी करुणा, मोनिका, पूनम थी।

# बुखार वाले मरीजों की जरूर कराएं ब्लड की जांच



तीमारदार से जानकारी करते सीएमओ डॉ. आरके गौतम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सीएमओ ने सीएचसी का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

अमृत विचार : सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने शुक्रवार को सिंधौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने डॉक्टरों को निर्देश दिए है कि बुखार से संक्रमित आने वाले मरीजों को ब्लड की जांच जरूर कराएं।

सीएमओ ने बच्चों के टीकाकरण के बारे में जानकारी की और कार्ड को देखा। सीएचसी पर जन्म लेने वाले बच्चों को एक घंटे के अंदर स्तनपान कराए और छह तक बच्चे को स्तनपान कराना चाहिए। ओपीडी में 553 मरीज देखे गए थे। बुखार के मरीजों के ब्लड की जांच जरूर कराई जाए। मेडिसिन स्टॉक रजिस्टर को चेक किया। आयुष्मान के 16 कार्ड बनाए गए थे। समय से पहले सीएचसी न छोड़े। निरीक्षण के समय डा जफर, डा अनुभव कुमार, डा संध्या पाठक, डा सोनिका आदि मौजूद रही।

# पैगंबर के खिलाफ टिप्पणी करने वाले पर कार्रवाई की मांग

संवाददाता, खुटार



थानाध्यक्ष संजय कुमार को ज्ञापन देते मुस्लिम समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

- मुस्लिम समुदाय ने राष्ट्रपति को संबोधित चार सूत्रीय ज्ञापन पुलिस को सौंपा

अमृत विचार : सोशल मीडिया पर पैगंबर के खिलाफ अभद्र टिप्पणी से नाराज मुस्लिम समुदाय ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन खुटार पुलिस को सौंपा। शुक्रवार को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला कि नासिक निवासी महंत रामगिरि ने हुजूर मोहम्मद साहब की शान में अभद्र भाषा बोली है। साथ ही मुसलमानों पर टिप्पणी की है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इसके अलावा हर दिन मुसलमानों के लिए नए कानून बनाए जा रहे है। मुल्क के अंदर हो रहे बलात्कारों और हत्याओं में भी कोई सुधार नहीं हो रहा है। कहा गया कि अभद्र टिप्पणी करने वाले रामगिरि पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिस पर जल्द से जल्द उसे जेल भेजा जाए। प्रांत उत्तराखंड का रहने वाला सिद्धार्थ चतुर्वेदी उर्फ समीर पर भी कार्रवाई नहीं की गई। पश्चिम बंगाल में डॉक्टर की जघन्य बलात्कार कर हत्या कर दी गई। वहीं, प्रांत उत्तराखंड की तसलीम जहां की हत्या कर दी गई। इन दोनों परिवारों को सरकारी सुरक्षा प्रदान की जाए और दोषियों पर कार्रवाई हो। इसके अलावा अल्पसंख्यक पर हो रहे अत्याचारों को संज्ञान में लेकर भय का माहौल खत्म कर भाईचारे को कायम किया जाए। मुस्लिम समुदाय ने चार मामलों में रोष व्यक्त किया। इसके बाद भारी संख्या में खुटार थाने पहुंचे। जहां ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर कासिम, अफरीद बरकाती, अनीस अहमद, उवेश मंसूरी, मोहम्मद अशफाक, इमरान, तसलीम मंसूरी, शकील, अरबाज, सलमान, अनीस अहमद आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### किशोरी को गलत नीयत से ले जा रहा था, पकड़ा गया

तिलहर, अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीया किशोरी गुरुवार शाम साइकिल से बाजार से घर जा रही थी। रास्ते में उसे दूसरे समुदाय के व्यक्ति कल्लू ने उसकी साइकिल के आगे बाइक लगाकर रोक लिया और उसे बहला फुसलाकर राजनपुर रोड पर सुनसान जगह पर ले गया। जहां शक होने पर लोगों ने उसे रोक लिया और जानकारी की तो पता चला कि किशोरी को गलत नीयत से लेकर जा रहा था। लोगों ने इसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दी। इसके बाद किशोरी के पिता का जानकारी हुई तो उसने थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को शुक्रवार को बाईपास से गिरफ्तार कर लिया है।

### पुलिस के आश्वासन के बाद परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

पुवायां, अमृत विचार : जेबा गांव के श्रवण कुमार शुक्ला की आत्महत्या के मामले में परिजनों ने शुक्रवार को पुलिस के आश्वासन के बाद मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। पुवायां के गांव जेंबा के श्रवण कुमार ने तिलहर तहसील में दो बीघा जमीन पांच लाख में बिक्री की थी, जोकि पुवायां के ही गांव नाहिल के बालेंद्र दीक्षित ने खरीदी थी। मामले में श्रवण ने तहरीर देकर आरोपी बालेंद्र से रुपये दिलाए जाने की मांग की थी। मामले में बुधवार को कोतवाली में पंचायत हुई थी, जिसमें कोई नतीजा नहीं निकलने के बाद श्रवण ने घर पर जाकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार मृतक श्रवण कुमार की पैंट की जेब में एक सुसाइड नोट भी मिला था जोकि परिजनों ने पुलिस को सौंप दिया। प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान ने बताया कि शुक्रवार को सुबह परिजन कोतवाली आकर उन्हें मिले थे, जिनको उचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया था। पुलिस काम में लगी है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

### पत्नी बनाकर 15 लाख रुपये हड़पने का आरोप

शाहजहांपुर, अमृत विचार : एक गांव की विधवा ने अपने ही गांव के एक व्यक्ति पर चार साल तक शारीरिक और आर्थिक शोषण का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि पति की मौत के बाद मायके में रहने लगी थी। गांव का एक व्यक्ति उसे प्रेम जाल में फंसा कर पत्नी की तरह रखने लगा। जलालाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की विधवा ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि पति की मौत के बाद उसने अपनी जमीन 15 लाख रुपये में बेच दी थी। वह बकरियां पालकर रोजी रोटी चलाती है। उसका आरोप है कि गांव के एक व्यक्ति ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। कोर्ट में शादी कर उसे पत्नी की तरह रखने लगा। आरोपी शादीशुदा है इसलिए फर्जी मैरिज सर्टिफिकेट बनवा लिया था। जिसकी उसे जानकारी नही थी। महिला का आरोप है कि आरोपी ने धोखाधड़ी करके उसके साथ एक ज्वाइंट खाता खुलवाया और अपने खाते में 15 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए।

आरोप है कि धीरे-धीरे आरोपी सारे रुपये हड़प गया। पीड़िता ने आधार कार्ड पर आरोपी का नाम चढ़वाने के लिए कहा तो आरोपी ने उसे छोड़ दिया। उसके दो बच्चे है। उसने मांग की है कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### दो महिलाओं समेत चार चोर गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन थाना जीआरपी ने दो महिलाओं समेत चार चोरों को गिरफ्तार किया है। शाहजहांपुर के गिरोह से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। जीआरपी ने शुक्रवार को शाहजहांपुर के थाना निगोही क्षेत्र के गांव मिलकिया निवासी सुरेश, शिवा और थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव रावतपुर निवासी राजरानी और नेमवती को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि रेलवे जंक्शन के आसपास कबाड़ बीनने का काम करते हैं। इसी दौरान वह यात्रियों की रेकी करते थे। स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ अधिक होने पर वह महिलाओं के पर्स में हाथ डालकर सामान और रुपये चोरी कर लेते थे। जीआरपी इंस्पेक्टर अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों पर पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

### मनरेगा में मिले 200 दिन काम, 600 रुपये हो मजदूरी



पूरनपुर, अमृत विचार : अखिल भारतीय किसान महासभा ने शुक्रवार को ब्लाक परिसर में धरना प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन बीडीओ शिरीष वर्मा को सौंपा गया। जिसमें आठ सूत्रीय मांगे रखी गईं। बीडीओ को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान में बढ़ती मंहगाई से मनरेगा के तहत दी जा रही मजदूरी से श्रमिकों का गुजारा नहीं हो पा रहा है। मनरेगा में 100 के बजाय 200 दिन काम और मजदूरी बढ़ाकर 600 रुपये करने की मांग की गई। इसके अलावा गरीबों के कर्ज माफ कर आवास दिलाने की मांग को भी प्रमुखता से रखा गया। कहा कि स्वयं सहायता के तहत दिए गए ऋण को माफ किया जाए। प्रदेश भर में लोगों को उजाड़ने के लिए चलाई जा रही बुलडोजर नीति पर रोक लगाई जाए। इसके अलावा अर्थिक जनगणना, बकाया बिजली माफ करने, वृद्धा और विधवा पेंशन चार हजार करने सहित राष्ट्रीय सहारा में जमा रुपया दिलाने की भी मांग की गईं। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय सचिव अफरोज आलम, जिला संयोजक सईद खां, ब्लाक सचिव देवी दयाल, मोहम्मद फिरोज, इलियास, राहत खान, महेंद्र पाल, रामकांती, सिराज खां आदि थे।

# सांसद ने प्रधानमंत्री, केंद्रीय नेतृत्व का जताया आभार



एससी/एसटी कल्याण समिति के चेयरमैन का स्वागत करते सांसद अरुण सागर व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति के सदस्य चुने गए हैं अरुण सागर

अमृत विचार : भाजपा सांसद अरुण सागर को अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति का सदस्य चुना गया है। इस समिति में बीस सदस्य निर्वाचित हुए हैं।

शुक्रवार को संसद भवन में समिति की पहली बैठक की गई। जिसमें समिति के सभी नव निर्वाचित सदस्य पहुंचे। बैठक में आए समिति के चैयरमेन फग्गन सिंह कुल्सते को समिति के सदस्य व भाजपा सांसद अरुण सागर ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। भाजपा सांसद अरुण सागर ने अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति का सदस्य निर्वाचित होने के बाद पीएम और केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को संसद भवन में समिति की पहली बैठक बुलाई गई। जिसमें समिति के चैयरमैन फुग्गन सिंह कुल्सते समेत सभी सदस्य शामिल हुए। इस दौरान चैयरमैन का सभी सदस्यों ने मिलकर स्वागत किय। साथ ही समिति में सभी सदस्यों ने एक-दूसरे से परिचय प्राप्त किया।

# ट्रांसफार्मर से सामान चोरी

खुटार, अमृत विचार: विद्युत विभाग के अवर अभियंता रामौतार ने पुलिस को बताया कि नगर के मोहल्ला देवीस्थान में बिजली आपूर्ति हेतु 250 केवीए का नया ट्रांसफार्मर रखा हुआ था। गुरुवार रात किसी समय चोरों ने ट्रांसफार्मर खोलकर सामान चोरी कर लिया। जिससे मोहल्ले की बिजली गुल हो गई। लोगों ने सूचना खुटार विद्युत उपकेंद्र पर दी।

बिजली कर्मचारी पहुंचे तो मामले की जानकारी हो पाई। ट्रांसफार्मर का सारा सामान रोड पर पड़ा हुआ था और कीमती सामान गायब था। इससे चोरी होने का पता चल सका। जिससे विभाग काफी नुकसान हो गया है। ट्रांसफार्मर फिर से सही कराकर बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराई गई, तो लोगों को राहत मिली। जेई रामौतार ने मामले में बिजली विभाग के अधिकारियों को भी अवगत कराया।

इसके बाद पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# प्रेमी से बात करते परिजन ने पकड़ा तो घर से चली गई युवती

संवाददाता, बरखेड़ा

- परिवार ने प्रेमी को पकड़कर बांधकर घर में बैठाया, पुलिस ने छुड़ाया
- दूसरे दिन मंदिर से युवती को बरामद कर बरखेड़ा पुलिस जांच में जुटी

अमृत विचार: फोन पर प्रेमी से बात करते हुए युवती को उसके परिवार वालों ने पकड़ लिया। जिसके बाद चकमा देकर देर रात युवती अपने घर से चली गई। घटना बरखेड़ा क्षेत्र के एक गांव की है। बताते हैं कि यहां की रहने वाली एक युवती का प्रेम प्रसंग करीब तीन साल से गांव के ही रहने वाले दूसरे समुदाय के युवक से चल रहा है।

परिवार से छिपकर गुरुवार देर रात युवती अपने प्रेमी से फोन पर बात कर रही थी। इस बीच उसे परिवार वालों ने पकड़ लिया। फिर युवती को मां के पास चारपाई पर लिटा दिया। देर रात किसी वक्त युवती परिवार वालों को चकमा देकर घर से चली गई। परिजन ने युवती के मोबाइल में लिखे नंबर को चेक किया और फिर युवक के घर जा पहुंचे। वहां युवक के परिजन ने बताया कि युवती उनके घर आई थी लेकिन फिर चली गई। युवती के परिजन युवक को पकड़कर अपने साथ घर ले आए। आरोप है कि उसे बांधकर अपने घर पर ही बैठा लिया और बेटी की तलाश में जुट गए। इसकी सूचना शुक्रवार सुबह पुलिस को दी गई।

जिसके बाद पुलिस युवती के घर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर थाने आ गई। कुछ देर बाद ही करोड़ चौकी क्षेत्र के एक मंदिर से युवती को भी बरामद कर लिया गया। इसकी जानकारी मिलने के बाद दोनों के परिवार वाले थाने पहुंच गए। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि युवती बरामद कर ली गई है। मामले की जांच चल रही है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। दोनों पक्षों के बीच वार्ता चल रही है।

### मामूली कहासुनी पर मां-बेटे को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

खुटार, अमृत विचार : कस्बे के मोहल्ला रायटोला निवासी राजेंद्र प्रसाद की पत्नी नीलम गुप्ता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह शुक्रवार को दरवाजे पर बैठी थी। तभी नगर के मोहल्ला पूर्वी गढ़ी निवासी सुधीर सक्सेना उर्फ भूरे उसके दरवाजे पर आया और गाली गलौज करने लगा। उसके विरोध करने पर सुधीर ने डंडे से उसकी पिटाई शुरू कर दी। जिससे उसके सिर व कान में गंभीर चोटें आई। हमले के बाद आरोपी भाग गया। थोड़ी देर बाद बेटा वीरेंद्र घर पहुंचा तो मां के साथ मारपीट होने की घटना की जानकारी हुई। जिस पर वह आरोपी के घर पहुंचा और शिकायत की। जिस पर सुधीर ने अपने साथी के साथ मिलकर बेटे को भी मारा पीटा। पुलिस ने नीलम गुप्ता की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।


## गुमशुदा की तलाश



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़का जिसका नाम अभिषेक पुत्र श्री मुन्ना लाल थाना व तहसील आँवला से दिनांक 11.08.2024 दिन रविवार ग्राम मऊचन्दपुर आंवला से लापता है। जिसकी उम्र 19 साल है जिसका हुलिया इस प्रकार है :-

हुलिया : उम्र 19 वर्ष कद 5 फुट रंग सांवला, गोल लाइट पीली बनियान व काली लोअर छींट जानकारी निम्नलिखित नाम पते अथवा मोबाइल नम्बर पर सूचित करें।

सूचना देने वाले को 2000/- नगद इनाम दिया जायेगा।

ग्राम मऊचन्दपुर तहसील व थाना, कोतवाली आँवला
मो. 7249958735, 9568198505 मुन्ना लाल पिता


# मारपीट मामले में दोनों पक्षों ने दर्ज करवाई रिपोर्ट

शाहजहांपुर, अमृत विचार: चौक कोतवाली के मोहल्ला मौजमपुर निवासी सिरोवनी ने बुधवार की सुबह नौ बजे घर की छत पर बैठी हुई थी। पड़ोसी रोहित, मोहित, रिंकू, छोटू आदि उसकी छत पर आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर युवती को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। दूसरे पक्ष की सुनीता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सिरोवनी, धनीराम, उर्मिला घर के दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने सुनीता को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# राजेश वर्मा ने संभाला ओसीएफ महाप्रबंधक का कार्यभार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- नवागत जीएम ने अधिकारियों और कर्मचारियों से मिल कर कार्य करने का किया आह्वान



राजेश कुमार वर्मा।

अमृत विचार : आयुध वस्त्र निर्माणी में राजेश कुमार वर्मा को महाप्रबंधक नियुक्त किया गया है। उन्होंने शुक्रवार को फैक्ट्री पहुंचकर विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया।

उप महाप्रबंधक/ पीआरओ अनु सक्सेना ने बताया कि राजेश कुमार वर्मा 1999 बैच के आईओएफएस अधिकारी हैं। इससे पहले वह आयुध उपस्कर निर्माणी, कानपुर में अपर महाप्रबंधक पद पर कार्यरत थे। राजेश कुमार वर्मा ओएफबी की विभिन्न निर्माणियों में कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ उन्होंने औपचारिक बैठक कर फैक्ट्री के उत्पादों के बारे में जानकारी ली। नवागत महाप्रबंधक ने सभी का आह्वान किया कि वह निर्माणी की उन्नति व प्रगति के लिए मिलकर कार्य करें और उत्पादों की गुणवत्ता बरकरार रखते हुए जिले के साथ निर्माणी का भी नाम रोशन करें। इससे पहले अपर महाप्रबंधक एके वर्मा के साथ अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नवागत महाप्रबंधक को बुके भेंटकर स्वागत किया।

# आंबेडकर ज्ञान महोत्सव एवं मित्रता दिवस सम्मलेन कल

शाहजहांपुर, अमृत विचार: प्रबुद्ध चेतना समिति के तत्वावधान में 20 अगस्त से शुरू हुए महोत्सव के अंतर्गत 25 अगस्त को सायं पांच बजे डॉ. आंबेडकर ज्ञान महोत्सव एवं मित्रता दिवस सम्मेलन का आयोजन गन्ना किसान संस्थान सभागार, लोधीपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक जगदीश चंद्रा ने बताया कि सम्मेलन में सामाजिक समरसता में डॉ. आंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर विचार विमर्श किया जाएगा। साथ ही मेधावी निर्धन छात्र-छात्राओं को अध्ययन सामग्री भी वितरित की जाएगी। ज्ञान महोत्सव 20 अक्टूबर तक मनाया जाएगा।


AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू, वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



गुप्त रोगी मिलें



हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

Dr.M. Nadeem ®
(BUMS)
यूनानी चिकित्सक
Reg. No. 19709

पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग

जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैक्स पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोड़ों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोड़ों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
9634499693
9837338306



अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ.आर.एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।



चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें



Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांकः- 18 अगस्त 2024, रविवार
01 सितंबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# ईट भट्ठे के चौकीदार को मारी गोली, हालत गंभीर

## घायल चौकीदार को मेडिकल कॉलेज में कराया भर्ती

संवाददाता, पीलीभीत

- जहानाबाद के ग्राम नवदिया में गुरुवार रात अज्ञात हमलावरों ने दिया घटना को अंजाम

**अमृत विचार** : ईट भट्ठे के चौकीदार पर अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। बंदूक से दो फायर किए गए। एक गोली चौकीदार के कंधे में लगी जबकि दूसरी दीवार में लगी। हमलावर घटना करने के बाद धमकी देकर भाग गए। घायल को मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया है। अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

बरेली जिले के थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम रिछौला के रहने वाले शकील अहमद ने थाना जहानाबाद में दी गई तहरीर में बताया कि उसने ग्राम नवदिया में एक ईट भट्ठा ठेके पर पांच साल के लिए लिया है। इस भट्ठे को ठेके पर लिए एक साल हो चुका है। एक निजी चौकीदार देखरेख के लिए लगा रखा है। 22 अगस्त को चौकीदार ग्राम ललौरीखेड़ा निवासी शहीद अहमद चौकीदारी कर रहा था। देर रात कुछ अज्ञात लोग वहां पर आ गए और चौकीदार पर बंदूक से फायर कर दिया। गोली चौकीदार के बाएं कंधे पर लगी। दूसरा फायर दीवार में लगा। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। चौकीदार ने कॉल कर घटना की सूचना दी। कुछ ही देर में वह मौके पर पहुंच गए। पुलिस भी जानकारी मिलने पर आ गई।

पुलिस ने आसपास काफी तलाश की लेकिन आरोपियों का कुछ पता नहीं चल सका। चौकीदार को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराकर इलाज कराया जा रहा है। इंस्पेक्टर जहानाबाद संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है। हमलावरों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। वजह को लेकर भी अभी कुछ पता नहीं चल सका है, जल्द खुलासा किया जाएगा।

# छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला शोहदा पुलिस के हत्थे चढ़े

संवाददाता, बरखेड़ा

- डीजीपी कार्यालय तक पहुंचा मामला तो दौड़ी पुलिस
- पिता की तहरीर पर बरखेड़ा पुलिस ने दर्ज की थी रिपोर्ट

**अमृत विचार** कक्षा दस की छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला डीजीपी कार्यालय तक पहुंचने के बाद सीओ की अगुवाई में लगी टीम ने दबिश देकर आरोपी की धरपकड़ की थी।

क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बीते दिनों बरखेड़ा थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री कक्षा दस की छात्रा है। 14 अगस्त को वह स्कूल जाने के लिए निकली। इस बीच गाजीपुर कुंडा तिराहे पर पहुंचते ही दियोरियाकला कोतवाली क्षेत्र के गांव बढ़ैरा के देवेंद्र ने पुत्री को रोका और छेड़छाड़ की। किसी तरह पुत्री ने खुद को बचाया और घर आ गई। आरोप था कि पुत्री शोहदे की हरकत से घबराकर स्कूल भी नहीं जा पा रही है। इसके अलावा भी आरोपी ने छेड़छाड़ की और धमकाया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। शोहदे से घबराकर छात्रा के स्कूल न जाने का मामला डीजीपी कार्यालय तक पहुंचा तो पुलिस विभाग में खलबली मच गई। बताते हैं कि डीजीपी कार्यालय से मामले की जानकारी कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।जिसके बाद पुलिस की टीमें लगी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को आरोपी देवेंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट पूर्व में ही दर्ज की जा चुकी थी। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है।

# प्राकृतिक और जैविक खेती करें किसान, योजनाओं का उठाएं लाभ




गोष्ठी में मौजूद विधायक बरखेड़ा, अधिकारी और किसान। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को कृषक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें त्वरित मक्का विकास योजना के तहत किसानों को धान, गन्ना समेत मोटा अनाज उत्पादन और फसलों में लगने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि विधायक प्रवक्ता नंद ने किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि किसान कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभांवित हो। किसी तरह की दिक्कत आए तो उनसे संपर्क कर सकते हैं। एडीओ एजी हरपाल गंगवार ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृष रक्षा एवं अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर कृषि रक्षा प्रभारी राजेश कुमार, बीटीएम चुड़ामनिराव, सहायक तकनीकि प्रबंधक अरुण कुमार, सोमपाल, विनोद कुमार, हरद्वारीलाल, राजीव कुमार, अनिल कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

## एलैना और आशु को अंतरिक्ष ब्रांड एंबेसडर सम्मान

**पीलीभीत।** समाधान आईएपीटी अन्वेषिका के तत्वावधान में कंपोजिट विद्यालय अशरफ खां में शुक्रवार को प्रश्नोत्तरी में छात्रा एलैना और कंपोजिट विद्यालय नखासा में पोस्टर प्रतियोगिता में आशु को अंतरिक्ष ब्रांड एंबेसडर का सामम्मान दिया गया। प्रतियोगिता में गुंजन चौहान, पारुल चौहान, परी, नैना, वैष्णवी, आर्यन, श्यामू, नैंसी कौशिक, ओंकार, महेश, मुस्कान ने भी प्रतिभाग किया था। शिक्षिका यामिनी मिश्रा, शाजिया, धनेश्वरी मिश्रा, शिक्षक रामविलास, खड़क सिंह, एआरपी अमित कुमार शर्मा ने प्रतिभागियों की प्रशंसा की। लक्ष्मीकांत शर्मा ने कहा कि 2024 राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की थीम है चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना..। यह भी बताया कि 2028 में चंद्र चंद्रयान-4 मिशन प्रस्तावित है यह चंद्रमा से मिट्टी लाएगा।

## जिला कारागार में महिला बंदियों हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**पीलीभीत।** इनर व्हील क्लब की ओर से शुक्रवार को जिला कारागार में स्वास्थ्य शिविर की शुरुआत अपर जिला जज सुनील कुमार ने की। शिविर में शामिल डॉ. गीतांजलि, डॉ. तरुण सेठी, डॉ. पूनम कटियार, डॉ. अनुज गंगवार, डॉ. रश्मि प्रकाश, डॉ. उपेंद्रनाथ आदि ने करीब 30 महिला कैदियों का ब्लड प्रेशर, शुगर आदि की जांच कर दवाएं वितरित कीं। क्लब अध्यक्ष शिल्पी अग्रवाल, सचिव शालिनी गुप्ता ने डॉक्टरों का आभार जताया। चारु जगोता, सारिका, प्रिंसी, माया, नीता मोदी, रेखा अग्रवाल, इंदु गुप्ता, किरन गुप्ता, कैलाश छाबड़ा, सुमन गुप्ता, सुमन अग्रवाल, वैशाली साहनी, पूजा खंडेलवाल, राधिका अग्रवाल समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# परीक्षा खत्म होते ही यातायात व्यवस्था धड़ाम, हर तरफ जाम


रेलवे जंक्शन पर उमड़ी अभ्यार्थियों की भीड़। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : पुलिस भर्ती परीक्षा छूटने के बाद रोडवेज और रेलवे स्टेशन पर अभ्यार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। ट्रेन और बस पकड़ने के लिए मारामारी रही। ट्रेनों में सबसे ज्यादा बिहार, हरियाणा, दिल्ली वाले अभ्यार्थियों की भीड़ रही। परीक्षा देने आए अभ्यार्थियों ने बताया कि उन्हें जिले में कोई सुविधा नहीं मिली।

पहली पाली की परीक्षा 12 बजे छूटी थी। इसके बाद अभ्यार्थी अपने घरों तक पहुंचने के लिए रेलवे जंक्शन और रोडवेज की ओर बढ़ने लगे। देखते ही देखते कुछ घंटे में टनकपुर हाईवे से रेलवे जंक्शन के पास भीड़ दिखाई देने लगी। पीलीभीत जंक्शन से 12:28 बजे जनशताब्दी पूर्णागिरि एक्सप्रेस जोकि दिल्ली के लिए जाती है। उसमें भीड़ उमड़ पड़ी। ट्रेन में जरनल बोगी कम होने की वजह से रिजर्वेशन वाली बोगी में भी अभ्यार्थी चढ़ गए। ट्रेन में चढ़ने को लेकर धक्का मुक्की होने के साथ अन्य यात्रियों से बहस भी हो गई। इधर, जिन अभ्यार्थियों का शनिवार को पेपर होना है। वह भी स्टेशन पर दिखाई दिए। जिस जहां जगह मिली वह वहीं चादर पन्नी बिछाकर बैठे मिले। स्टेशन पर बरेली की ओर जाने वाली डेमो ट्रेन में भी भीड़ रही।


पेड़ के नीचे बस का इंतजार करता अभ्यर्थी।

- **बस अड्डे और रेलवे स्टेशन पर बेशुमार भीड़ के आगे बेबस दिखे पुलिस कर्मी**

रोडवेज बसों में शासन की ओर से अभ्यार्थियों के लिए बस सेवा मुफ्त रखी गई थी। नौगवां चौराहा, छतरी चौराहा, एकता सरोवर, ईदगाह तिराहा के पास बस में सीट को लेकर भी खींचतान रही। शनिवार को जिनका पेपर है। वह एक दिन पहले ही आ गए थे। उन्होंने बताया कि स्टेशन और रोडवेज पर उन्हें कोई सुविधा नहीं मिल रही है। यहां बने होटल और ढाबा संचालकों ने खाना तक महंगा कर दिया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in CUET? Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404



# इंतजाम सख्त, घड़ी-कलावे और राखियां भी उतरवाईं

## जिले में छह केंद्रों पर दो पालियों में हुई परीक्षा में पहले दिन अभ्यर्थियों की संख्या कम, 1892 ने दी परीक्षा, 3100 गैरहाजिर रहे

**पुलिस भर्ती परीक्षा**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : यूपी पुलिस सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा शुक्रवार से शुरू हो गई। छह परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों पाली में 4992 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी, जिसके क्रम में 1892 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 3100 ने परीक्षा छोड़ी और वे परीक्षा से अनुपस्थित रहे। सुरक्षा की दृष्टि से अभ्यर्थियों की थ्री लेयर में चेकिंग करने के बाद कक्ष में प्रवेश दिया गया। आधार कार्ड, प्रवेश पत्र और पेन के अलावा कुछ भी अंदर ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। हाथ में बंधी राखियां, कलावे, ब्रासलेट आदि भी खुलवा दिए गए। इतना ही नहीं किसी को भी वाहन की चाबी तक अंदर ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। डीएम-एसपी समेत अन्य अफसर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते नजर आए।

शहर में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज, एसएन इंटर कॉलेज, ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, उपाधि महाविद्यालय और राजकीय पॉलिटेक्निक को परीक्षा केंद्र बनाया गया। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे तक कराई गई। इसमें शामिल होने वाले अभ्यर्थी सुबह आठ बजे से ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना शुरु हो गए। परीक्षा शुरू होने से पहले अभ्यर्थियों की लाइन लगवाकर सभी की चेकिंग की गई। इस दौरान प्रवेश पत्र और एक फोटो युक्त आईडी से मिलान करने के अलावा बायोमेट्रिक करने के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा शुरु होने से आधा घंटे पहले ही सभी को प्रवेश दिया गया।


नई बस्ती चौराहा पर बैरियर लगाकर रास्ता किया गया बंद और बाहर खड़े लोग। ● अमृत विचार


रामा इंटर कॉलेज में महिला अभ्यर्थियों की डिटेक्टर मशीन से चेकिंग करती महिला पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

### डीएम- एसपी ने चेक किए परीक्षा केंद्र

व्यवस्थाओं को परखने के लिए डीएम संजय कुमार और एसपी अविनाश पांडे ने जिले के सभी छह परीक्षा केंद्रों का बारी-बारी निरीक्षण किया। सबसे पहले डीएम-एसपी ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और राम इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान कक्ष में परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों को चेक करने के साथ ही ड्यूटी में लगे कक्ष निरीक्षकों के पास मोबाइल आदि को देखा। इसके बाद राजकीय पॉलिटेक्निक, एसएन इंटर कॉलेज, उपाधि महाविद्यालय और ड्रमंड कॉलेज का निरीक्षण किया। हालांकि कहीं भी कोई नकल करता नहीं मिला। इसके अलावा लगाए गए स्टेटिक और जोनल मजिस्ट्रेट भी परीक्षा केंद्रों पर तैनात रहे ताकि कोई गड़बड़ी न होने पाए।


रामा इंटर कॉलेज से निरीक्षण करके बाहर निकलते डीएम संजय कुमार एसपी अविनाश पांडे और एएसपी विक्रम दाहिया के अलावा अन्य अफसर। ● अमृत विचार

पहली पाली में 2496 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। जिनमें 950 अभ्यार्थी उपस्थित रहे। जबकि 1546 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। ठीक 12 बजे परीक्षा छोड़ी गई। परीक्षा देकर लौटे अभ्यर्थियों में कुछ के चेहरे पर मुस्कान दिखी, तो कोई मायूस दिखा। दूसरी पाली तीन से पांच बजे तक चली। जिसमें भी 2496 अभ्यार्थी पंजीकृत थे, जहां 942 ने परीक्षा दी। जबकि 1554 अभ्यर्थी दूसरी पाली में भी गैरहाजिर रहे। परीक्षा के दौरान सचल दल और जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट भी निगरानी करते रहे। इधर, परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी पुलिस कंट्रोल रूम से अटैच रहे। जहां से अफसर उसकी मॉनिटरिंग करते रहे। दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा संपन्न होने के बाद अभ्यर्थियों को कॉपियों को सीसीटीवी कैमरे में सील करने के बाद उन्हें कोषागार में सुरक्षित रखवाया गया।

### परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहा पुलिस बल

परीक्षा के दौरान किसी तरह की कोई घटना घटित न होने पाए। इसलिए सभी परीक्षा केंद्रों के बाहर कम से कम सात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। जोकि लगातार निगरानी करते रहे। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस भी मुस्तैद दिखी। राम इंटर कॉलेज और जीजीआईसी रोड पर बैरियर लगाकर सड़क को वनवे कर दिया गया। सिर्फ अभ्यर्थियों को ही इस रूट से जाने दिया गया। परीक्षा छूटते ही शहर के टनकपुर रोड, सुनगढ़ी तिराहा, रामा कॉलेज, डिग्री कॉलेज चौराहा समेत कई स्थानों पर जाम की समस्या बनी रही। ट्रैफिक पुलिस ने जाम को खुलवाया। दो पाली में परीक्षा होने के कारण दिन भर सड़कों पर वाहन दौड़ते रहे।

### इस बार 70 फीसदी से अधिक गैरहाजिर

इससे पहले पुलिस भर्ती परीक्षा 17 फरवरी को कराई गई थी। उस वक्त जिले में नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहां 9120 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। जिसमें 8880 अभ्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जबकि 240 ने ही परीक्षा छोड़ दी थी। मगर, अब सात महीने बाद हुई परीक्षा में पहले ही दिन अभ्यर्थियों की संख्या पिछले बार की तुलना बेहद कम रही। दोनों पालियों में 1892 ही उपस्थित रहे। जबकि अनुपस्थित रहने वालों की संख्या 3100 रही। माना जा रहा है कि कई अभ्यर्थियों का मनोबल परीक्षा निरस्त होने के अंदेशा पर जवाब दे गया और वह परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुए।


परीक्षा केंद्र पर सूची में अपना अनुक्रमांक और कक्ष देखते अभ्यर्थी।

**पहली पाली की उपस्थिति का विवरण**

| केंद्र का नाम | उपस्थित | अनुपस्थित |
|---|---|---|
| ड्रमंड कॉलेज | 185 | 295 |
| जीजीआईसी | 144 | 240 |
| राजकीय पॉलीटेक्निक | 169 | 311 |
| एसएन इंटर कॉलेज | 152 | 232 |
| रामा इंटर कॉलेज | 132 | 252 |
| उपाधि महाविद्यालय | 168 | 216 |

**दूसरी पाली की उपस्थिति का विवरण**

| केंद्र का नाम | उपस्थित | अनुपस्थित |
|---|---|---|
| ड्रमंड कॉलेज | 166 | 314 |
| जीजीआईसी | 153 | 231 |
| राजकीय पॉलीटेक्निक | 173 | 307 |
| एसएन इंटर कॉलेज | 134 | 250 |
| रामा इंटर कॉलेज | 161 | 223 |
| उपाधि महाविद्यालय | 155 | 229 |


रामा इंटर कॉलेज और जीजीआईसी केंद्र के बाहर सड़क पर तैनात पुलिस बल।


अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड चेक करती पुलिस।

### अभ्यार्थी बोले- दावे हवा-हवाई, नहीं मिली सुविधाएं, भीड़ देखकर खूब ठगे गए


परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए यातायात की व्यवस्था ठीक नहीं थी। सरकार ने भले ही बस सेवा फ्री कर दी हो। मगर बसें कम होने के कारण सुविधा का लाभ नहीं मिला। ऐसे में निजी वाहन का सहारा लेकर ठगी का शिकार होना पड़ा। - **सुषमा**, बरेली


पेपर पहले की तुलना काफी सरल रहा। थोड़ा बहुत रिजनिंग और मैथ के सवाल सुलझने में दिक्कतें आई। परीक्षा बेहतर रही। अब सिर्फ परिणाम का इंतजार रहेगा। हिंदी के सवाल सबसे सरल रहे। **तब्सुम**, भुत्ता बरेली


अभ्यार्थियों की सुविधा का ख्याल नहीं रखा गया। बिहार से परीक्षा देने के लिए एक दिन पहले ही स्टेशन पर आ गए थे। होटल में रुम के रेट अधिक होने के कारण मजबूरी में स्टेशन पर ही रात बिताना पड़ी। - **अक्षय गुप्ता**, छपरा, बिहार


इस बार परीक्षा में मैथ और रिजनिंग के प्रश्न मुश्किल लगे। हालांकि सामान्य ज्ञान और अन्य पेपर सरल रहा था। जिससे करने में दिक्कतें नहीं हुई। फिलहाल पेपर अच्छा रहा। सिर्फ मैथ में थोड़ा डर लग रहा है। - **सुखवीर** अलवर राजस्थान


एक दिन पहले ही घर से चल दिए थे। बरेली आने के बाद यहां पीलीभीत पहुंचे हैं। यहां हिसार से अधिक महंगाई है या फिर अभ्यार्थियों के चलते रेट बढ़ा दिए। इसलिए स्टेशन पर ही रात बिताने के बाद सुबह पेपर देने जाएंगे। - **लेखपाल सिंह**, हिसार हरियाणा

# दस सिंतबर तक ट्रेनों की संख्या नहीं बढ़ाए जाने पर आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचारः** लखनऊ- बरेली के बीच यात्री ट्रेनों का संचालन न होने पर व्यापारियों ने शुक्रवार को रेलवे स्टेशन पर जनसभा की और ज्ञापन सौंपा। इसमें पीलीभीत को व्यापारिक हब बताते हुए छात्र, अधिवक्ता और मजदूरों की सहूलियत के लिए एक दर्जन ट्रेनों का संचालन शुरू करने इसके अलावा माधोटांडा रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज और शेरपुर क्रासिंग पर अंडरपास बनवाने की मांग की।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी ने कहा पीलीभीत जिला नेपाल और उत्तराखंड से जुड़ा है। औद्योगिक दृष्टि से यह जनपद महत्तपूर्ण है। वर्तमान में बरेली से लखनऊ ब्राड गेज रेल प्रखंड पर ट्रेनों की संख्या नगण्य हैं। इससे आर्थिक और व्यापारिक ढांचा छिन्न भिन्न हो गया है। अधिवक्ता, छात्र, किसान, व्यापारी, चिकित्सक और मजदूर परेशान हैं। यह कॉरिडोर लखनऊ से सीतापुर लखीमपुर, मैलानी, पीलीभीत पूरनपुर बरेली मुरदाबाद से होकर दिल्ली से जुड़ा हुआ है। इस कॉरिडोर पर एक दर्जन पैसंजर और यात्री ट्रेनों के संचालन की मांग रखी।



पूरनपुर रेलवे स्टेशन पर स्टेशन मास्टर को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

- **व्यापारियों ने जनसभा कर ट्रेनों के संचालन के लिए सौंपा ज्ञापन**
- **माधोटांडा रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाए जाने की मांग**

ज्ञापन में लखनऊ से बरेली के बीच ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की मांग, कॉरिडोर की बीस फीसदी यात्री गड़ियों को इस रुट पर संचालित करने, स्टेशन पर बड़ी रेल लाइन का गुडस रैक लैडिग शैड स्थापित करने की मांग की गई। इसके साथ ही सिंतबर तक ट्रेनों की संख्या न बढ़ाए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर प्रदेश मंत्री नवीन अग्रवाल, नगर अध्यक्ष जाहिद खां, चैयरमैन शैलेंद्र गुप्ता, नगर मंत्री अजय खंडेलवाल, जिला प्रभारी अशोक खंडेलवाल, महामंत्री दीपक बंसल, संचिन, राहुल जायसवाल समेत कई व्यापारी मौजूद रहे।

खबरे www. amrit vichar. com पर भी पढ़े।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**Notice**
My daughter's name is mentioned as Akshara Mishra in the school records. Whereas her real name is Akshara. My daughter should be known and identified only by the name Akshara. Vivek Chandra Mishra, resident of IFFCO Township Aonla Bareilly.

**सूचना**
मेरा सही नाम रेशमा पत्नी वीरपाल है मेरे निवास व आधार कार्ड नं. 643974290024 में मेरी जन्मतिथि 02.01.1994 अंकित है जो कि सही है। लेकिन मेरे नाम का दूसरा आधार कार्ड नन्हीं देवी के नाम से जारी किया गया है जो कि गलत है। नन्हीं देवी पत्नी वीरपाल का नाम निरस्त किया जाये। **रेशमा पत्नी वीरपाल निवासी ग्राम उदरा टिहरी, पो. भाभीबण्डा तह. पुवायां जिला शाहजहांपुर**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र जयदीप दूबे को गलत आचरण के चलते संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से उसका कोई संबंध नहीं होगा। **रामलखन दूबे पुत्र दुखाछोर दूबे निवासी 36/8 लेबर कालोनी थाना सीबीगंज जिला बरेली।**

**आवश्यकता है**
(मान्यता प्राप्त)
**शिवदेई बालिका जूनियर हाई स्कूल** बीसलपुर जनपद- पीलीभीत **में अनुभवी प्रधान अध्यापिका की आवश्यकता है**
आवेदन रजिस्टर्ड डाक द्वारा दिनांक 31/ 8/2024 तक प्राप्त किए जाएंगे **साक्षात्कार दिनांक 7/9/2024 को अपराहन 12:00 बजे विद्यालय प्रांगण में होगा** आवेदक की शैक्षिक योग्यता निम्नवत होगी।
1-आवेदक बी०टी०सी०, जे०टी०सी०, एच०टी०सी० बीएड उपाधि धारक हो
2-उत्तर प्रदेश सरकार/ भारत सरकार द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (उच्च प्राथमिक स्तर) उत्तीर्ण हो
3-किसी मान्यता प्राप्त जूनियर हाई स्कूल से 05 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है
4-आवेदन के समय आवेदक की आयु 30 वर्ष से कम ना हो ।
इच्छुक अभ्यार्थी आवेदन करें एवं मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में उपस्थित हों।
**प्रबंधक, शिवदेई बालिका जूनियर हाई स्कूल, बीसलपुर जनपद -पीलीभीत उत्तर प्रदेश**
मो. 8126513072, 9456098995

**आवश्यकता**
बरेली में ऑनलाइन कंपनी में बाइकर्स की।
कमाएँ- 11000/- से 15000/- प्रतिमाह।
DL, Two wheeler & 4Gphone जरूरी है।
जल आकाश, परसाखेड़ा
7669334441, 7599074780, 9720554832

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### युवतियों को ले जा रहे बाइक सवारों को पीटा

**पूरनपुर :** थाना सेहरामऊ क्षेत्र की रहने वाली तीन युवतियों को दो युवक कई दिन से बाइक से लेकर जाते थे। आसपास के ग्रामीणों को उन पर शक था। गुरुवार शाम दोनों युवक जैसे ही तीन युवतियों को बाइक से लेकर जा रहे थे। जगतपुर रेलवे क्रासिंग के पास ग्रामीणों ने रोक लिया और युवकों से पूछताछ की। इसदौरान युवतियों को ले जाने वाले युवकों के गैर समुदाय के होने का पता चलने पर काफी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। ग्रामीणों ने दोनों युवकों की पिटाई लगा दी। इसके बाद युवक युवतियों को छोड़कर भाग गए। मामला चर्चा का विषय बना रहा। हालांकि इसकी सूचना पुलिस को नहीं दी गई।

### कोर्ट के आदेश पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा :** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने ग्राम उमरिया के सुरेश चंद्र की ओर से घर में घुसकर मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। गांव के ओमकार, नत्थूलाल, तुलाराम, सुरजीत, संतोष को आरोपी बनाया। दर्ज रिपोर्ट में बताया कि दो मई की सुबह सात बजे सुरेश भूसा लेकर जा रहे थे। थोड़ा भूसा गली में गिरने से नाराज होकर आरोपियों ने गाली दी। विरोध करने पर हमला कर दिया। ग्रामीण बचाव करने पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

### घायल की तहरीर पर बाइक चालक पर रिपोर्ट

**दियोरियाकलां :** न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया रतनपुरी के परशुराम ने बताया उसका बेटा हरिपाल साथी दियोहना गावं के शंकर लाल के साथ आठ जुलाई को पैनियां गांव से दियोहना मौसी के घर जा रहा था। लालपुर शिवनगर वाली नहर के पास सामने से आ रही बाइक का चालक तेजी व लापरवाही से वाहन चलाता आया और पीड़ित के पुत्र की खड़ी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पुत्र और उसका साथी घायल हो गए। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### अनियंत्रित होकर मैजिक पलटी, चालक घायल

**घुंघचिहाई :** पूरनपुर के मोहल्ला खानकाह के रहने वाले अशरफ मैजिक चालक हैं। गुरुवार रात वह बंडा से सवारिया छोड़कर वापस आ रहे थे। शाहबाजपुर के पास मैजिक अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। चालक मैजिक में दबकर घायल हो गया। ग्रामीणों ने उसे बमुश्किल निकालकर अस्प्ताल भिजवाया। इस दौरान भीड़ जमा रही।

# पहचान छिपाकर प्रेमजाल में फंसाया और लूटी अस्मत

## जबरन धर्म परिवर्तन और गोमांस खिलाने की कोशिश करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कोतवाली पुलिस ने नहीं की सुनवाई अब एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**अमृत विचार:** पहचान छिपाकर एक युवक ने हरियाणा की युवती को प्रेम जाल में फंसा लिया। इसके बाद उसे पीलीभीत ले आया और जबरन धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कर लिया। युवक के दो साथियों ने भी दुष्कर्म किया। आरोप है कि गोमांस बनाने व खिलाने का दबाव बनाया गया। किसी तरह छूटकर पीड़िता कोतवाली पहुंची लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय सादे कागज पर हस्ताक्षर करा लिए। अब एसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

गुड़गांव (हरियाणा) की रहने वाली एक युवती ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी मुलाकात गुड़गांव में एक युवक से हुई। उसने खुद को हिंदू बताकर दोस्ती कर ली। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया। शादी करने का आरोपी ने वादा किया और शारीरिक संबंध बनाए। नौ मई 2023 को आरोपी पीलीभीत ले आया। यहां पहुंचने पर पता चला कि वह मुस्लिम है। जब उससे पहचान छिपाने के बारे में सवाल किया तो मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं आरोपी ने अपनी मां व अन्य रिश्तेदारों के सहयोग से उसे कोतवाली क्षेत्र में डरा धमकाकर रखा।

तीन लोगों ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारपीट की गई। तीनों ने साथ बतौर पत्नी रहने का दबाव बनाया। 16 मई को आरोपी ने जबरन धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कर नाम भी बदल दिया। इसके बाद से आरोपी ने घर पर बंधक बनाकरभूखा रखा। आरोप है 21 अगस्त 2024 को रात आठ बजे गोमांस बनाने और खिलाने की कोशिश की। किसी तरह वहां से मौका पाकर भागी और कोतवाली पहुंचकर शिकायत की। मगर पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। पुलिस ने सादे कागज पर पीड़िता के हस्ताक्षर करा लिए। पीड़िता के साथ अंतरराष्ट्रीय युवा हिंदू वाहिनी पीलीभीत संगठन के जिला प्रभारी अभिषेक पाण्डेय, जिला अध्यक्ष शेखर पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष सौरभ गुप्ता, नगर अध्यक्ष रमेश राठौर आदि भी पुलिस लाइन पहुंचे थे और मामले को लव जेहाद का बताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

## एसपी के आदेश पर एफआईआर दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार:** क्षेत्र के एक व्यक्ति ने वह अपनी 27 वर्ष की बेटी के लिए रिश्ता तलाश कर रहे थे। इस बीच एक परिचित ने बरेली के नवाबगंज क्षेत्र में एक युवक बताया जो 45 वर्ष का था। घर परिवार को देखते हुए रिश्ता तय कर दिया गया। मंगनी की रस्म होने के बाद दहेज में लड़का पक्ष ने कार, दो लाख रुपये और सामान खरीदारी के लिए तीन लाख रुपये अलग से मांगे। करीब 19 लाख रुपये खर्च कर 31 जनवरी को शादी की। इसके बाद बेटी विदा होकर ससुराल पहुंची। आरोप है कि कई दिनों तक दामाद ने बेटी से शारीरिक संबंध नहीं बनाए। 15 दिन बीतने के बाद इसे लेकर जब सवाल जवाब बेटी ने किया तो पता चला कि युवक नपुंसक है। मायके वालों को इसकी जानकारी दी तो पति ने बहनोई से शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। विरोध करने पर मारपीट की। एसपी के आदेश पर थाना पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# डायरिया की चपेट में आने से बालिका की मौत

संवाददाता, बिलसंडा

- एक ही परिवार की तीन बालिकाएं एक साथ बीमार होने से खलबली
- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में कैंप लगाकर बांटी दबाएं

**अमृत विचार:** गांव गौहनियां में एक ही परिवार की तीन बालिकाएं डायरिया की चपेट में आ गई। जिनमें से एक बालिका की मौत हो गई। उधर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में कैंप लगा चेकअप कर दवा बांटी।

ग्राम गौहनिया के धर्मेंद्र कश्यप ने बताया कि बुधवार को उसकी तीनों बेटियों को डायरिया हो गया। उल्टी दस्त शुरू होने पर सात वर्षीय बेटी उपासना को सीएचसी ले जा रहे थे कि रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। जबकि छोटी बेटी पलक की हालत अभी गंभीर है। उसका नगर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। तीसरी बेटी रौनक की तबीयत में कुछ सुधार है।

उन्होंने बताया कि बुधवार को घर के सभी सदस्यों ने दाल चावल खाए थे, उसके बाद बेटियों की तबीयत खराब हो गई। गांव में संक्रामक रोग फैलने से लोगों में दहशत का माहौल है। उधर सीएचसी अधीक्षक मनीष राज शर्मा ने बताया कि गांव गौहनियां में एक बालिका की मौत के बाद टीम को भेज कर गांव में कैंप लगाकर दवा का वितरण कराया गया है। स्वास्थ्य टीम पूरी तरह से गांव पर नजर रखे हुए है।

### बीते साल हुई थी कई मौत

बीते साल क्षेत्र के गांव बिलहरा में 10, मकरंदपुर में 2, मरौरी खास में 2 और अन्य कई गांवों में भी दो दर्जन से अधिक लोगों की संक्रामक रोगों की चपेट में आने से मौत हो गई थी। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने अलग–अलग गांवों में टीम भेज कर ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कराते हुए दवा का वितरण भी कराया था। सीएमओ ने भी इन गांवों में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया था। जिसमें गंदगी की वजह से रोगों के फैलने की बात कही गई थी।

# बीएल एग्रो में मूंगदाल और तेल के तीन नमूने भरे

**बरेली, अमृत विचार:** ईजीआरएस पोर्टल के जरिए प्रधानमंत्री से की गई शिकायत पर परसाखेड़ा में बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज के खाद्य पदार्थों में मिलावट के शक में खाद्य सुरक्षा विभाग की विशेष टीम ने दूसरे दिन भी जांच की। सहायक आयुक्त खाद्य संदीप कुमार चौरसिया के नेतृत्व में विशेष टीम ने शुक्रवार को मूंगदाल का एक और रिफाइनरी से तेल के दो नमूने भरे और करीब 1.5 लाख कीमत की 15 सौ किलो मूंगदाल सीज की। सहायक आयुक्त खाद्य के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों सुशील सचान, प्रवीन राय, विनय कुमार यादव और करन सिंह ने रिफाइनरी से तेल के दो अलग–अलग टैंकों से लिए। एक नमूना मूंगदाल का भरा। सहायक आयुक्त ने बताया कि लेवलिंग के मानकों का उल्लंघन मिलने पर करीब 1.5 लाख रुपये की मूंगदाल सीज की गई है। आईजीआरएस के जरिए प्रधानमंत्री से शिकायत हुई है। जांच मिलने पर नमूने भरने की कार्रवाई की। नमूनों को जांच के लिए लखनऊ लैब में भेजने की तैयारी की जा रही है। टीम ने गुरुवार को खाद्य पदार्थों में मिलावट के शक में भंडारण से अजवाइन (नॅरिश ब्रांड), सरसों का तेल कच्ची घानी, पैक्ड रिफाइंड सन फ्लावर ऑयल (नॅरिश ब्रांड), रिफाइंड सन फ्लावर ऑयल (पैकिंग यूनिट के स्टोरेज टैंक से), सेंधा नमक, पैक्ड सरसों का तेल कच्ची घानी (बैल कोल्हू ब्रांड), प्रीमियम टी (नॅरिश ब्रांड), सरसों का तेल खुला (पैकिंग यूनिट के स्टोरेज टैंक से) आठ नमूने भरे थे।

## ईट भट्ठा मालिक से चार लाख की ठगी

**गजरौला, अमृत विचार:** सुनगढ़ी क्षेत्र के बल्लभनगर कॉलोनी के उमेश चंद्र ने बताया कि उनका सराय सुंदरपुर गांव में ईट भट्ठा है। बीते दिनों एक ठेकेदार बिहार के ग्राम शेखपुर का रहने वाला राम सरण प्रसाद मिला। उससे 30 कुशल श्रमिकों की आपूर्ति के लिए बात हुई थी। एडवांस में ठेकेदार ने चार लाख रुपए मांगे। पीड़ित ने आरोपी के बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते में छह जुलाई 2023 को रुपये भेज दिए। दिसंबर 2023 में श्रमिकों की आपूर्ति करनी थी। मगर समय पर लेबर नहीं भेजी गई। आरोपी से जब रुपये वापस मांगे गए तो पहले टालमटोल की गई। इसके बाद 22 जुलाई को आरोपी ने महज 25 हजार रुपये वापस कर दिये। बकाया धनराशि के लिए टालमटोल करता रहा। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदायें आमंत्रित करते है:–

**क्रम सं.-1,** ई–प्रापण निविदा संख्याः उप मु. इं.-नि.-छपरा-05-2024, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत महराजगंज स्टेशन पर गुड्स शेड, पहुँच मार्ग, सरकुलेटिंग एरिया, लेबर शेड, नया स्टेशन भवन तथा उससे सम्बन्धित कार्य तथा महाराजगंज–मसरख खण्ड के अन्तर्गत एल. एच.एस., लघु पुल, एफ.ओ.बी., पी.पी.शेल्टर, ट्रैक लिंकिंग एवं अन्य बचे हुये कार्य। अनुमानित निविदा मूल्यः ₹ 29,49,17,733.04, बयाना राशि (रू.): ₹ 16,24,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः 0.00, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 (बारह) माह

**नोटः** ◆ बिडिगं प्रारम्भ करने की तिथिः दिनांक 03-09-2024 ◆ उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथिः दिनांक 17-09-2024 को 15:00 बजे तक। ◆ उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथिः दिनांक 17-09-2024 को 15:30 बजे। ◆ निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। ◆ निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखो में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

◆ श्री विवेक नन्दन, कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/छपरा, मो. 9794844280

**उप मुख्य इंजीनियर/नि./छपरा**

मुजाधि/डब्लू–212

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी

- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों 05 एसएलआर के पार्सल स्थान को पट्टे पर देने के लिए 06.09.2024 को निर्धारित ई–नीलामी के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की गई है:

गाड़ी सं. 14314 (F-I, R-I), 22660 (F-I), 19610 (F-I), 19020 (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 06.09.2024 (Timings : 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्ते **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं। **2635/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई–टेन्डर संख्या, जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें:–

| | |
|---|---|
| **टेन्डर संख्या:** 143-DRM-MB-24-25, Dt. 22.08.2024 | |
| **कार्य का नाम:** Reconditioning of 230 Nos. CMS crossing by using technology of Translamatic Robotic welding in Moradabad division under DEN/TRACK/MB. | |
| **टेन्डर क्लोजिंग दिनांक:** 19.09.2024 | **टेन्डर क्लोजिंग समय:** 1600 Hrs. |
| **अनुमानित लागत:** रु. 1,34,70,667.60 | **धरोहर राशि:** रु. 2,17,400.00 |
| **टेन्डर फॉर्म की लागत:** शून्य | **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 08 माह |
| **बिडिंग आरंभ तिथि:** 05.09.2024 | |

टेन्डर न. **75/W/2/3/WA/DEN/Track/T. Notice,** दिनांक: 23.08.2024 **2629/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## प्राथमिक विद्यालय बरखन विकास क्षेत्र भदपुरा जनपद बरेली

### नीलामी सूचना

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली के पत्र संख्या SSA/निर्माण/461823/ 2023–24 दिनांक 15 दिसम्बर 2023 के अनुसार विद्यालय के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन (दो कक्ष) की नीलामी 27 अगस्त 2024 को प्रातः 11:00 बजे विद्यालय के प्रांगण में की जायेगी। बोली से पूर्व बोलीदाता को अपना आधार कार्ड तथा 10000/– रूपये की धनराशि धरोहर के रूप में जमा करनी होगी। बोलीदाता का पंजीकरण नीलामी दिवस को प्रातः 10 बजे से 10:30 तक होगा। नीलामी की शेष शर्तें विद्यालय पहुँचकर प्राप्त की जा सकती है।

**मो. असलम (अध्यक्ष)** — **प्रगति अग्रवाल (सचिव)**

**विद्यालय प्रबन्ध समिति प्राथमिक विद्यालय बरखन, विकास क्षेत्र भदपुरा जनपद बरेली**

## सूचना

### डाक अदालत

डाक सेवाएं देश के सामाजिक आर्थिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है और यह लगभग सभी नागरिकों के जीवन से जुड़ी हुई हैं। डाक विभाग के उपभोक्ताओं को पूरी संतुष्टि वाली सेवाएं प्रदान करने की कोशिशो के बावजूद भी कभी–कभी डाक सेवाओं में कुछ कमियां रह जाती हैं जिसकी विभाग को शिकायतें मिलती रहती हैं। डाक विभाग इन शिकायतों को प्रभावी तरीके से निपटाने के लिए समय–समय पर डाक अदालत का आयोजन करता है, जहाँ विभाग के अधिकारी असंतुष्ट ग्राहकों से मिलते हैं और उनकी शिकायतों से जुड़े विवरण मांग कर शीघ्र उनका निवारण करने की कोशिश करते है।

डाक मंडल बरेली के प्रवर अधीक्षक दिनांक 30.08.2024 को दोपहर 03:00 बजे अपने कार्यालय में डाक अदालत का आयोजन करेंगे। डाक अदालत में बरेली डाक मंडल से जुड़ी डाक सेवाओं की उन शिकायतों पर विचार किया जाएगा जिनका निवारण छः हफ्तों में नही किया जा सका है। डाक मंडल बरेली के तहत आने वाले डाकघरों की सेवाओं से सम्बंधित सभी शिकायतों पर डाक अदालत में विचार किया जाएगा। शिकायत में मनीआर्डर/बचत बैंक खाता/स्पीड पोस्ट/पंजीकृत पत्र/पार्सल/प्रमाण पत्र के पूर्ण विवरण के साथ उन अधिकारियों के नाम और पद का विवरण देना होगा जिनके समक्ष पहली पर शिकायत दर्ज कराई गई थी।

इच्छुक उपभोक्ता डाक सेवाओं से सम्बंधित अपनी शिकायत प्रवर अधीक्षक डाकघर, बरेली मंडल बरेली, हेड पोस्ट ऑफिस कैम्पस, बरेली–243001 के पते पर दिनांक 27.08.2024 तक या उससे पहले भेज सकते हैं। जिस लिफाफे में शिकायत पत्र भेजें, उस पर ''डाक अदालत'' अवश्य अंकित करें। दिनांक 27.08.2024 के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर डाक अदालत में विचार नही किया जायेगा।

**प्रवर अधीक्षक डाकघर**
**बरेली मण्डल बरेली – 243001**

## कार्यालय ग्राम पंचायत परातासपुर वि.खं. बिथरी चैनपुर बरेली

### निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत फर्मो व ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परातासपुर में वर्ष 2024–25 की कार्य योजना के अनुसार निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदा दिनांक 24.8.2024 से 04.9.2024 को अपरान्ह 3 बजे तक आंमत्रित की जाती है। जिसे दिनांक 04.9.2024 को 4 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत में खोला जायेगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत | योजना का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | चर्च से दीपक के मकान तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 3.44 लाख | मनरेगा |

इस कार्य के लिए ईट, रोड़ी, सीमेन्ट, बजरी, बजरफुट आदि की आपूर्ति की जायेगी। इच्छुक फर्म/संस्था किसी भी कार्य दिवस में निविदा सम्बन्धी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**राधा**, ग्राम प्रधान — **भगवान दास**, सचिव

## सैन्य स्टेशन, शाहजहांपुर- 242001

1. सैन्य स्टेशन, शाहजहांपुर में संविदा हेतु अटेंडेट पद के लिए प्रार्थना पत्र आमंत्रित किये जाते है:–
   - क) पदों की संख्या– 08 । महिलाओं और भूतपूर्व सैनिक एवं उनके आश्रितों को प्राथमिकता दी जाएगी।
   - ख) अवधि– 01 वर्ष (365 दिन)।
   - ग) कर्तव्यों का स्वरूप– आर्मी स्कूल बस अटेंडेंट।
   - घ) वेतन– 10648/–
2. योग्यता:–
   - क) अच्छा संवाद कौशल।
   - ख) बच्चों की देखभाल करने की क्षमता।
3. जिम्मेदारियां:–
   छात्रों को सैन्य स्टेशन, शाहजहांपुर में निर्धारित बस स्टॉप पर चढ़ने और उतरने के दौरान सहायता करना। स्कूल बस स्टॉप से स्कूल और स्कूल से बस स्टॉप तक की यात्रा के दौरान छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना। स्कूल बस में सफाई और व्यवस्था बनाए रखना। किसी भी मुद्दे या चिंता की रिपोर्ट स्कूल बस चालक / प्रबंधक / अभिभावकों को देना।
4. इच्छुक व्यक्ति प्रार्थना पत्र, मेडिकल फिटनेस प्रमाण जो मेडिकल ऑफिसर द्वारा प्रमाणित हो। आधार कार्ड, पेन कार्डस शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र आदि सभी दस्तावेज को बन्द लिफाफे में डालकर भेजें। लिफाफे के ऊपर (नाम, उम्र और मोबाइल नम्बर लिखें) अंतिम तिथि 27 अगस्त 2024 तक अपने आवेदन निम्नलिखित पते पर (हाथ या डाक के द्वारा) जमा कर सकते हैं:–

   पता:– टी.सी.पी.– 1 शाहजहांपुर कैंट पिन:– 242001

### जामिया उर्दू अलीगढ़ के फार्म उपलब्ध

**पीलीभीत :** इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में जामिया उर्दू अलीगढ़ के इब्तेदाई, अदीब, माहिर, कामिल, मोअल्लिम एवं फाजिल के फॉर्म उपलब्ध हो गए हैं। प्रधानाचार्य अखलाक हसन खान ने जानकारी देते हुए बताया कि फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर निर्धारित कर गई है। इच्छुक अभ्यर्थी इकरा गर्ल्स इंटर कॉलेज से फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

### छेड़छाड़ के विरोध पर मारपीट, रिपोर्ट

**दियोरियाकलां :** क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया उसकी बहन, चचेरी बहन के साथ बीते दिनों शौच को जा रही थी। इस बीच गांव के रविन्द्र कुमार ने मोबाइल से फोटो खींचना शुरू कर दिए। जानकारी मिलने पर जब परिवार के सदस्य आरोपी के घर पहुंचे तो अभद्रता की। आरोपी राजेश कुमार, सत्यपाल, महेंद्र पाल, रविन्द्र कुमार, जगपाल ने लाठी डंडे से हमला कर दिया। जिसमें पिता को गंभीर चोट आई। कोतवाल राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बताया तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### महिला को लगा करंट, हालत गंभीर

**बरखेड़ा :** ग्राम भैंसहा ग्वालपुर के रहने वाले रामऔतार ने बताया कि शुक्रवार सुबह उनका भाई कुंवरपाल और उसकी पत्नी गायत्री देवी (28) खेत पर घास काटने के लिए गए थे। कुंवरपाल खेत पर ही रुक गए। इसके बाद गायत्री सिर पर घास की गठरी रखकर घर जा रही थी। गांव की गलियों में कई जगह बिजली के झूलते तार हैं, जोकि काफी नीचे आ गए हैं। गठरी रखकर घर आ रही गायत्री बिजली के तार की चपेट में आ गई। उसे करंट लग गया। चीख पुकार सुनकर तमाम ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंच गए। किसी तरह महिला को बचाकर सीएचसी ले गए। वहां महिला का इलाज किया गया। परिजन का कहना है कि गांव में झूलते तारों की समस्या लंबे समय से है। इसका समाधान जिम्मेदारों को कराना चाहिए।

### विवाहिता की जान लेने की कोशिश

**बरखेड़ा :** गांव अरसिया बोझ की सोनी देवी ने बताया कि उसकी शादी एक साल पहले सितारगंज (उत्तराखंड) के मोहल्ला नकुलिया चौराहा चिमटी मजरा वार्ड नंबर एक के सचिन गुप्ता से पांच मई 2023 को हुई थी। मायके वालों ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। मगर ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे। कुछ दिन बाद से ही बाइक की मांग शुरू कर दी गई। इसके पूरा न होने पर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 17 अगस्त की रात आठ बजे जान से मारने की नियत से ननद नैना गुप्ता, नंदोई सचिन गुप्ता, सास अनीता गुप्ता, पति सचिन गुप्ता, छोटी ननद पूजा, सेजल और देवर राज गुप्ता ने कमरे में बंद करके पीटा। गले में रस्सी का फंदा डाल दिया और जान लेने की कोशिश की गई। किसी तरह आरोपियों के चंगुल से छूटकर भागी। फिर थाने पहुंचकर घटना की शिकायत की। वहीं से अपने भाई सर्वेश को कॉल कर बुला लिया और मायके आ गई। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि मामले में पति समेत सात ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर :** मोहल्ला दुर्गाप्रसाद के रविंद्र पाल गंगवार ने बताया उनकी पुत्री रिया गंगवार 21 अगस्त की सुबह बड़ी बहन रिचा के साथ स्कूटी से विद्यालय जवाहर नवोदय शिवपुरी नवदिया जा रही थी। ग्राम रोहनिया ईट भट्ठे के पास पहुंची तो सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों बहनें घायल हो गई। उनका बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## कर्मचारी भविष्य निधि संगठन

Telephone : (0581)-2510628
Fax : (0581)- 2511283

**EMPLOYEES' PROVIDENT FUND ORGANISATION**
**श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार**
**MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT, GOVERNMENT OF INDIA**
**क्षेत्रीय कार्यालय/Regional Office**
**भविष्य निधि भवन, 111, सिविल लाइन्स, बरेली–243001**
Bhavishya Nidhi Bhawan, 111, Civil Lines, Bareilly-243001
Website: www.epfindia.gov.in | E-mail: ro.bareilly@epfindia.gov.in

No. 120125 EPFO/RO/BLY/ADM — **प्रेस नोट** — Date: 23/08/24

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सदस्यों, पेंशन धारकों एवं नियोक्ताओं की समस्याओ के समाधान हेतु क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली द्वारा इस माह विभिन्न जिलों में दिनांक 27.08.2024 को आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम निधि आपके निकट 2.0 के आयोजन स्थलों की जानकारी निम्नवत् है:–

| जनपद | कार्यक्रम स्थल |
|---|---|
| बरेली | रक्षपाल बहादुर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, बरेली |
| मुरादाबाद | बल्लभ मेटल INC, मुरादाबाद |
| रामपुर | फेयर एंड एक्सपोर्टस लिमिटेड, रामपुर |
| शाहजहांपुर | रेयान इंटरनेशनल स्कूल, शाहजहांपुर |
| बदायूं | HP, इंटरनेशनल स्कूल, बदायूं |
| जे.पी.नगर | कामाक्षी पेपर लिमिटेड, दिल्ली रोड, जे.पी.नगर। |
| संभल (भीम नगर) | DSM शुगर रजपुरा, चंदौसी, संभल |
| पीलीभीत | बेन हुर गुरूकुल, पीलीभीत |

अन्य किसी जानकारी के लिए कार्यालय के हेल्पलाइन नं. 0581–2510628, 0581–2510832 पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

**(अनिल कुमार)**
**क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त/प्रभारी अधिकारी**

## कार्यालय नगर पंचायत रूदायन (बदायूं)

पत्रांक: 69/न.पं.रू./2024–25 — दिनांक: 22.08.2024

### आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय गोमती नगर विस्तार सेक्टर–7 उ0प्र0 लखनऊ कार्यालय के पत्र संख्या 4/319/ स्व. शौ/2022–23 लखनऊ दिनांक 06.05.2024 के क्रम में मा. उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिका संख्या–324 ऑफ 2020 डा. बलराम सिंह बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया में पारित आदेश दिनांक 20.10.2023 के अनुपालन में प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में मैनुवल स्कैवेंजरों एवं अस्वच्छ शौचालयों का सर्वेक्षण नगर पंचायत रूदायन सीमान्तर्गत स्थित समस्त 10 वार्डो में किया जा रहा है। अतः कोई भी सर्वसाधारण दिनांक 30.08.2024 तक कार्यालय नगर पंचायत रूदायन में उपस्थित होकर या श्री राजकुमार सक्सेना लिपिक मोबाईल नम्बर– 9759784926 से संपर्क कर अस्वच्छ शौचालय तथा मैनुवल स्कैवेंजरों की सूचना दे सकता है। जिससे इनका नियमानुसार सर्वेक्षण/ चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण किया जा सकें।

1. निकाय क्षेत्रान्तर्गत आने वाले सभी घरों में केन्द्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण इंजीनियरिंग संगठन द्वारा निर्धारित मानक (IS-2470 भाग 1–2) और डिजाईन के सेप्टिक टैंक बने होने चाहिए।
2. निकाय में प्रत्येक आवास/प्रोपर्टी में बने सेप्टिक टैंक की हर तीन साल में सफाई कराना अनिवार्य है जिसकी रसीद नगर पंचायत रूदायन से प्राप्त की जा सकेगी।
3. नगर पंचायत रूदायन के क्षेत्रान्तर्गत आने वाले घरों के सेप्टिक टैंक खाली कराने के लिए 1200/– प्रति चक्कर के हिसाब से भुगतान नियत किया जाता है जिसकी रसीद नगर पंचायत रूदायन से प्राप्त की जा सकती है।
4. प्रत्येक आवास/प्रॉपर्टी स्वामी को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके आवास प्रॉपर्टी के सेप्टिक टैंक से निकला मलबे/गाद नगर पंचायत रूदायन द्वारा निर्धारित स्थान (FSTP Plant बदायूँ) पर ही निपटान के लिए भेजा गया है।
5. प्रत्येक आवास/प्रॉपर्टी स्वामी को यह सुनिश्चित करना होगा कि डी–स्लीजिंग ऑपरेटर द्वारा सेप्टिक टैंक खाली करने का कार्य बिना सुरक्षा उपकरण के न करें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत रूदायन
जनपद– बदायूँ

## प्राथमिक विद्यालय गैनी वि. खं. मझगवां (बरेली)

### विज्ञप्ति नीलामी सूचना

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पत्रांक एस. एस. ए. 3395/3405/2023–24 दिनांक 25.10.2023 के अनुपालन में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रा. वि. गैनी वि. क्षे. मझगवां (बरेली) के प्रांगण में स्थित प्रा.वि. के जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 27 अगस्त 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। नीलामी पूर्ण न होने पर पुनः नीलामी दिनांक 31 अगस्त 2024 को कीजायेगी। बोलीदाता को नीलामी स्वीकृत होने पर 25% धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी तथा शेष धनराशि तीन दिवस के अन्दर विद्यालय के एस.एम.सी. खाते में जमा करनी होगी। नीलामी की नियम व शर्ते विद्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है।

**विमला** (अध्यक्ष) — **सुरेन्द्र सिंह** ग्राम प्रधान–गैनी — **अंजू पाण्डेय** (सचिव)

## उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवपुरी वि. खं. मझगवां (बरेली)

### विज्ञप्ति नीलामी सूचना

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पत्रांक एस. एस. ए. 3395/3405/2023–24 दिनांक 25.10.2023 के अनुपालन में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उच्च प्रा. वि. शिवपुरी वि. क्षे. मझगवां (बरेली) के प्रांगण में स्थित उच्च प्रा.वि. के जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 27 अगस्त 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। नीलामी पूर्ण न होने पर पुनः नीलामी दिनांक 31 अगस्त 2024 को की जायेगी। बोलीदाता को नीलामी स्वीकृत होने पर 25% धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी तथा शेष धनराशि तीन दिवस के अन्दर विद्यालय के एस.एम.सी. खाते में जमा करनी होगी। नीलामी की नियम व शर्ते विद्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है।

**सतीश रस्तोगी** (अध्यक्ष) — **भागवती देवी** ग्राम प्रधान–शिवपुरी — **रिंकु कुमार** (सचिव)

## कार्यालय ग्राम पंचायत अम्बरपुर, वि.खं. भदपुरा, जिला बरेली

### निविदा आमंत्रण सूचना

समस्त अधिकृत फर्मों एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोठा मक्खन में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है सामग्री विवरण निम्नवत् है :–

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | सुरेश पंडित जी के घर से अमर सिंह के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 840285.15 |

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 24.08.2024 को अपरान्ह 02 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में नियत तिथि व समय तक डाली जा सकती है। जो उसी दिन दिनांक 24.08.2024 को दोपहर 03 बजे निविदादाताओं व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

**नन्हीं देवी–प्रधान** — **काशीराम–रोजगार सेवक** — **संगीता देवी–सचिव**

## कम्पोजिट विद्यालय कुण्डरिया इखलासपुर विकास क्षेत्र मझगवाँ जिला बरेली

### नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बरेली के पत्रांक एस.एस.ए /निर्माण/4648–53/ 2023–24 दिनांक 15.12.2023 के अनुपालन में कम्पोजिट विद्यालय कुण्डरिया इखलासपुर के प्रांगण में स्थित जर्जर भवन की नीलामी दिनांक 27.08.2024 दिन मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। आवश्यक प्रक्रियायें पूरी न होने की स्थिति में नीलामी पुनः दिनांक 28.08.2024 दिन बुधवार को प्रातः 10:00 बजे की जायेगी। बोली से पूर्व बोलीकर्ता को अपना आधार कार्ड तथा रूपये 5000/– जमानत राशि के रूप में करनी होगी। बोलीदाता का रजिस्ट्रेशन नीलामी दिनांक को प्रातः 10:00 बजे से 10:30 बजे तक होगा, नीलामी की शेष शर्तें विद्यालय पहुँच कर प्राप्त की जा सकती है।

**अध्यक्ष–कान्ती देवी**, विद्यालय प्रबन्ध समिति — **सचिव–अर्चना सिंह**, विद्यालय प्रबन्ध समिति

**कम्पोजिट विद्यालय कुण्डरिया इखलासपुर वि. क्षे. मझगवाँ जिला बरेली**

**IIFL FINANCE**

**CIN: L67100MH1995PLC093797**
**Regd. Office:** IIFL House, Sun Infotech Park, Road No. 16V, Plot No.B-23, Thane Industrial Area, Wagle Estate, Thane - 400604
Tel: (91-22) 41035000 • Fax: (91-22) 25806654
E-mail: reach@iifl.com • Website: www.iifl.com

## सोने के गहनों की ई–नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना

एतद द्वारा सभी संबंधित उधारकर्ताओं को विशेषतया, और आम जनता को सामान्य रूप से सूचित किया जाता है कि हम, आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड (''आईआईएफएल'') उन डिफ़ॉल्ट ग्राहकों के सोने के गहनों की नीलामी कर रहे हैं, जिन्होंने पंजीकृत नीलामी सूचनाओं और बार–बार याद दिलाए जाने के बाद भी न तो अपने ऋण का भुगतान नियमित किया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया। निम्नलिखित लोन खातों में गिरवी रखे गये सोने के गहनों की सार्वजनिक नीलामी **ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड** द्वारा ऑनलाइन उनके ऑनलाइन नीलामी के प्लैटफॉर्म **https://egold.auctiontiger.net** पर **27.08.2024 को दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे के बीच** संचालित की जायेगी। स्थान या तिथि में कोई भी बदलाव (यदि कोई हो), नीलामी केंद्र में प्रदर्शित किया जायेगा। अगर किसी कारण से ई–नीलामी यहाँ दी गयी तारीख़ पर संचालित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर समान नियमों व शर्तों के साथ नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर कथित नीलामी संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। नीलाम नहीं किये जाने वाले सोने के गहनों को नीलामी के फ्लैटफॉर्म और/या नीलामी केंद्र पर विवरण प्रदर्शित करके आगे के कार्य दिवसों पर नीलाम किया जायेगा। अगर शाखा स्तर पर आयोजित नीलामी विफल हो जाती है, तो ज़िला स्तर पर कोई भी अन्य सूचना दिये बिना उसे विशिष्ट ज़िला केंद्र पर **10.09.2024** को फिर से नीलाम किया जायेगा। अगर किसी कारण से ज़िला–स्तरीय नीलामी यहाँ दी गयी तारीख पर आयोजित न की जा सके या नीलामी उसी दिन पूरी न हो पाये, तो आईआईएफएल को आगे की किसी भी तारीख़ पर ज़िला–स्तरीय नीलामी समान नियमों व शर्तों के साथ संचालित या संपन्न करने का अधिकार है। इस स्थिति में कि ग्राहक की मृत्यु हो गई है, नामांकित व्यक्ति या कानूनी उत्तराधिकारी सभी नीलामी शर्तों के अधीन होगा।

ज़िला केंद्र: **बरेली–सिविल लाइंस जीएल – 116–ए, पहली मंजिल, आईसीआईसीआई बैंक के ऊपर, सिविल लाइंस, बरेली–243001**

**शाखा का नाम: बरेली–सिविल लाइंस जीएल, तालुका – बरेली**

**गोल्ड लोन खाता. सं.:** GL25006971, GL25012092, GL26261842, GL26280730, GL26298646, GL26304767, GL26446995, GL26453261, GL27374028, GL27393943, GL27441185, GL27453371, GL27467041, GL27481453, GL27781354, GL27845446, GL27859039, GL27867596, GL27870042, GL28136938, GL28162026, GL28191128, GL28210299, GL28296529, GL28303620, GL28426862, GL28796764, GL28817002, GL28996639, GL29000029, GL29158375, GL29176630.

ई–नीलामी ''जैसा है, जहां है'', ''जैसा है जो है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर आयोजित की जाएगी और आईआईएफएल उक्त सोने के गहनों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेट, वजन या मूल्यांकन के मामले में ना तो कोई प्रतिनिधित्व करता है, और ना ही कोई वॉरंटी देता है। इस ई–नीलामी के अनुसार ई–नीलामी की प्रक्रिया और बिक्री (यदि कोई हो), उन नियमों व शर्तों के अधीन होगी, जो आईआईएफएल द्वारा अपने विवेक से लागू करना उचित समझा जाएगा। आईआईएफएल, अपने पूर्ण विवेक से, किसी भी खाते को नीलामी सूची से और किसी भी कार्यवाही को बिना किसी पूर्व सूचना के और बगैर कोई कारण बताए या तो स्थगित कर सकता है या हटा सकता है, और बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बोलियों या प्रस्तावों को अस्वीकार कर सकता है। डिफॉल्ट करने वाले उधारकर्ताओं गिरवी रखे गए गहनों का विवरण एवं अन्य विवरणों को संबंधित शाखा में प्रदर्शित किया गया है। इस नोटिस को प्रकाशित करने के बाद भी, डिफाल्टर उधारकर्ता के पास ब्याज और किसी भी लागू शुल्क सहित बकाया पूरी राशि चुकाने और अपने ऋण खाते को बंद करने या नियमित करने का विकल्प है। हालाँकि, यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उनके पास नीलामी की तारीख तक का समय है, जिस समय गिरवी रखे गए सोने के गहने बेचे जाएंगे और किसी भी बकाया राशि (यदि कोई हो) को ब्याज और लागत के साथ वापस कर दिया जाएगा। हालाँकि, डिफॉल्टर ऋण, जो इस प्रकाशन के समय या उसके बाद बंद या नियमित किए जाएंगे, उन्हें आनुपातिक रूप में प्रकाशन शुल्क का वहन करना होगा। उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि वे अपने नवीनतम बैंक खाते का विवरण दर्ज/अपडेट कराएं, ताकि उन्हें नीलामी से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय, यदि कोई हो, की वापसी की जा सके।

**विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तों के लिए आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड के संबंधित शाखा कार्यालय से संपर्क करें।**

दिनांक: **24.08.2024**
स्थान: बरेली

Sd/
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईआईएफएल फाइनेंस लिमिटेड

यावत्स्वस्थो ह्यय देह : तावन्मृत्युश्च दूरत : ।
तावदात्महितं कुर्यात प्रणांते किं करिष्यति ॥

जब तक शरीर स्वस्थ है, तभी तक मृत्यु भी दूर रहती है। अत : तभी आत्मा का कल्याण कर लेना चाहिए। प्राणों का अंत हो जाने पर क्या करेगा? केवल पश्चाताप ही शेष रहेगा।

## संपादकीय

# दागी जनप्रतिनिधि

भारत में इन दिनों महिला सुरक्षा का मुद्दा गंभीर चिंता का विषय है। कोलकाता में महिला डॉक्टर की रेप के बाद हत्या, कन्नौज में नाबालिग के साथ रेप जैसी घटनाओं से देश में आक्रोश है। इस बीच एडीआर यानी एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिसर्च की ओर से एक रिपोर्ट जारी की गई है। इस रिपोर्ट में उन जनप्रतिनिधियों की सूची है जिन पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। एडीआर रिपोर्ट कहती है कि 151 मौजूदा सांसदों और विधायकों पर महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले दर्ज हैं। इनमें एक तिहाई से ज्यादा 54 मामले सत्ताधारी पार्टी यानी भाजपा से जुड़े हैं। कांग्रेस के 23 और टीडीपी के 17 नेताओं के खिलाफ इस तरह के मामले हैं। इसमें भी हैरान करने वाली बात यह है कि 151 में से 16 सांसदों-विधायकों पर दुष्कर्म से संबंधित मामलें हैं, जिनमें से दो मौजूदा सांसद हैं और 14 विधायक हैं। इससे कुत्सित बात और क्या हो सकती है कि एक ओर हमारे माननीय चुनाव के वक्त महिला सुरक्षा पर लंबी-लंबी बातें करते हैं, लेकिन वही नेता महिलाओं के खिलाफ हिंसा में संलग्न पाए जा रहे हैं। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि हर चुनाव में ऐसे लोग भी बतौर उम्मीदवार किसी सीट पर अपना दावा पेश करते हैं और उनमें से कई जीत कर सांसद या विधायक भी बन जाते हैं, जिन पर गंभीर अपराधों के आरोप होते हैं।

गौरतलब है कि वर्ष 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने अनिवार्य कर दिया था कि राजनीतिक दलों को सार्वजनिक रूप से जानकारी देनी होगी कि वे आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों को क्यों टिकट दे रहे हैं। हालांकि एडीआर ने सिफारिश की थी कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने पर रोक लगाई जानी चाहिए। साथ ही एडीआर ने यह भी सिफारिश की, कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ अदालती मामलों का तय समय सीमा में समाधान किया जाना चाहिए और अदालतों द्वारा पुलिस जांच की निगरानी की जानी चाहिए, लेकिन ऐसा होता नहीं है। अब सवाल उठता है कि यदि किसी जनप्रतिनिधि पर महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध करने या उसमें शामिल होने का आरोप है तो उससे महिलाओं के हक में ईमानदार लड़ाई की कितनी उम्मीद की जा सकती है? जनता के प्रतिनिधि कहे जाने वाले जो लोग खुद गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त होने के आरोपी होते हैं, वे कानून बनाने या बचाने के दायित्व के प्रति कितने गंभीर हो सकते हैं? ऐसे में दागी नुमाइंदों का संसद में पहुंचना देश के लिए ठीक नहीं है। संसद में दागी नेता न पहुंचे इसके लिए देश की जनता को सोच समझकर अपने मत का प्रयोग करना चाहिए। ताकि लोकतंत्र के मंदिर में स्वच्छ छवि के लोग पहुंचे।

# वित्तीय अनुशासन और विकसित भारत



प्रो .एच .सी .पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

आर्थिक विकास के नए विकल्पों पर विचार करने के प्रयासों का जिक्र हैं। इसके अंतर्गत युवाओं को रोजगार के अवसर उत्पन्न करने और साथ ही प्रति व्यक्ति आय को 2392 प्रति वर्ष से बढ़ा कर 18000 डॉलर प्रति वर्ष करने का लक्ष्य है।



विकसित भारत के लक्ष्य को 2047 तक प्राप्त करने के लिए राज्यों को भी प्रयास करने होंगे। यदि सभी राज्यों में विदेशी निवेशकों का रुझान बढ़ेगा तो यह प्रयास वहां युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगा। साथ ही राज्य की जीडीपी बढ़ाने में भी सहायक होगा। विदेशी निवेशकों एवं कारोबारियों का भारत के प्रति पिछले कुछ वर्षों में आकर्षण अधिक बढ़ा है और यह क्रम लगातार जारी है। इस वर्ष अब तक बॉन्ड बाजार में एफपीआई निवेश एक लाख करोड़ से अधिक का हुआ है। हालांकि इक्विटी बाजार में उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जिसे नियंत्रित करने हेतु दीर्घकालिक योजना पर विचार करना होगा।

वैश्विक स्तर पर हो रही आर्थिक उथल-पुथल के कारण दुनिया की बड़ी-बड़ी आर्थिक शक्तियां मंदी का सामना कर रही हैं, इन आर्थिक संकटों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की गति लगातार बढ़ रही है और इसकी तेज गति से बढ़ने का अनुमान विश्व के विभिन्न संगठनों के द्वारा किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु प्रस्तुत बजट के प्रावधानों से विकसित भारत का खाका स्पष्ट रूप से व्यक्त हो रहा है। बजट में 48 लाख 21 हजार करोड़ रुपए के व्यय के साथ 32 हजार सात सौ करोड़ रुपए की प्राप्तियों का अनुमान व्यक्त किया गया है और राजकोषीय घाटे को कम करने के प्रयास भी बजट में स्पष्ट रूप से झलक रहे हैं।

वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 5.6 प्रतिशत रहा, जो कि संशोधित अनुमान 5.8 प्रतिशत से कम था। यह बेहतर कर संग्रह एवं वित्तीय अनुशासन के कारण ही संभव हो पाया, जिसमें शुद्ध कर प्राप्तियां 23.27 लाख करोड़ रुपये थे और कुल व्यय 44.43 लाख करोड़ रुपये रहा, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर भी 9.49 लाख करोड़ रुपये खर्च किए। इस प्रकार हर बार के बजट में पूंजीगत व्यय का बढ़ना अर्थव्यवस्था के विकास के लिए शुभ संकेत माना जा सकता है।

चालू वित्त वर्ष (2024-2025) के लिए सरकार ने सकल घरेलू उत्पाद का 5.1 प्रतिशत या 16,85,494 करोड़ रुपये का राजकोषीय घाटा अनुमान लगाया है और अगले वित्तीय वर्ष के लिए 4.5 प्रतिशत राजकोषीय घाटा हासिल करने की योजना है। यदि राजकोषीय घाटा अपेक्षा के अनुरूप रख पाने में कामयाबी मिलती है तो यह अर्थव्यवस्था की नींव को मजबूत करेगा, क्योंकि इसका मुख्य कारण वित्तीय अनुशासन के कारण कर संग्रहण के रूप में प्राप्त हो रहा राजस्व होगा, क्योंकि जहां एक और प्रत्यक्ष कर भुगतान करने वालों की संख्या में पिछले कुछ वर्षों में लगातार इजाफा हुआ है, नए करदाता लगातार बढ़ रहे हैं वहीं आय कर के स्लैब में बहुत अधिक बदलाव नहीं किए गए हैं। हालांकि स्टैंडर्ड डिडक्शन की राशि बढ़ाकर व टैक्स स्लैब में थोड़ा बदलाव करके निम्न-मध्य वर्ग को राहत जरूर दी गई है, लेकिन इससे कर संग्रहण मैं कोई खास कमी नहीं आएगी, बल्कि और अधिक राजस्व प्राप्त होगा। साथ ही अप्रत्यक्ष कर के रूप में जीएसटी से प्रति माह सरकार को बड़ी धनराशि राजस्व प्राप्ति के रूप में मिल रही है।

इस वर्ष अप्रैल माह में जीएसटी संग्रहण से 2.10 लाख करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई, मई में जीएसटी संग्रह 1.73 लाख करोड़ रुपए, जून में 1.74 लाख करोड़ तथा जुलाई में यह संग्रहण 1.82 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष के तुलना में 14.4 प्रतिशत से अधिक है और यह संग्रहण प्रति माह व वर्ष बढ़ रहा है। लगातार बढ़ रहा जीएसटी संग्रहण राजस्व प्राप्ति को बढ़ाने में सहायक है। इससे राजकोषीय घाटे को भी नियंत्रित करना आसान होगा। इसके अलावा बैंकिंग संस्थाओं का एनपीए घटाने के लिए और अधिक निगरानी रखनी होगी और वित्तीय अनुशासन का एक मजबूत ढांचा विकसित करना होगा, जो विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहायक होगा। क्योंकि राजकोषीय घाटे का बढ़ना इस बात की संभावना कम कर सकता है कि सरकार अपने ऋणदाताओं को भुगतान कर पाएगी। इससे समाज में एक प्रकार की आर्थिक असुरक्षा की भावना पैदा हो सकती है। बजट में पूंजीगत खर्च के लिए 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है, जो पिछले वर्ष के बजट से काफी अधिक है और जीडीपी का लगभग 3.4 प्रतिशत के बराबर है। पिछले एक दशक के कालखंड पर दृष्टि डाली जाए तो बजट में पूंजीगत व्यय का प्रावधान हर बार बढ़ाया गया है, जो दीर्घकालीन आर्थिक विकास की योजनाओं को प्रतिबिंबित करती है। इस प्रकार के प्रावधानों से रोजगार के नए क्षेत्र एवं नए-नए अवसर उपलब्ध होने की संभावनाएं प्रबल होती हैं। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रावधान सिर्फ बजट तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका जिक्र हाल ही में संपन्न नीति आयोग की बैठक में सरकार द्वारा प्रस्तुत अप्रोच पेपर से भी स्पष्ट होता है।

आर्थिक विकास के नए विकल्पों पर विचार करने के प्रयासों का जिक्र हैं। इसके अंतर्गत युवाओं को रोजगार के अवसर उत्पन्न करने और साथ ही प्रति व्यक्ति आय को 2392 प्रति वर्ष से बढ़ाकर 18000 डॉलर प्रति वर्ष करने का लक्ष्य है। देश की जीडीपी वर्तमान में 3.36 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य के साथ ही जीवन प्रत्याशा आय को बढ़ाकर 84 वर्ष करने, इन्फेंट मोर्टालिटी रेट को काम करने, साक्षरता को बढ़ाने का भी लक्ष्य रखा गया है और टोटल फर्टिलिटी रेट एफआर लगातार गिर रहा है उसको बढ़ाने का भी प्रावधान है। इसके अलावा मेक इन इंडिया अभियान के तहत भारतीय व्यवसायियों के लिए आवश्यक है कि वे अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप अपने उत्पाद निर्मित करें, जिससे भारतीय उत्पादों की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मांग बढ़े, विशेष रूप से यूरोपीय देशों और अमेरिका के बाजार में भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ाना तभी संभव होगा जब हमारे उत्पाद वहां उपलब्ध उत्पादों की तुलना में अधिक गुणवत्ता युक्त होंगे। इस प्रकार के प्रयासों से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर उत्पन्न होंगे और साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मांग बढ़ने से निर्यात भी बढ़ेगा, जिससे व्यापार घाटा भी संतुलित रहेगा।

विकसित भारत के लक्ष्य को 2047 तक प्राप्त करने के लिए राज्यों को भी प्रयास करने होंगे। यदि सभी राज्यों में विदेशी निवेशकों का रुझान बढ़ेगा तो यह प्रयास वहां युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगा। साथ ही राज्य की जीडीपी बढ़ाने में भी सहायक होगा। विदेशी निवेशकों एवं कारोबारियों का भारत के प्रति पिछले कुछ वर्षों में आकर्षण अधिक बढ़ा है और यह क्रम लगातार जारी है। इस वर्ष अब तक बॉन्ड बाजार में एफपीआई निवेश एक लाख करोड़ से अधिक का हुआ है। हालांकि इक्विटी बाजार में उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जिसे नियंत्रित करने हेतु दीर्घकालिक योजना पर विचार करना होगा।

## प्रसंगवश

# प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूक्रेन की यात्रा पर गए हैं। अब से कोई ढाई वर्ष पहले इस देश पर विश्व की महाशक्ति रूस ने आक्रामण किया था। तब से अब तक दोनों ओर की कितनी ही जन धन हानि हुई है।

अमेरिका व उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के देश यूक्रेन की कुछ स्पष्ट और कुछ परोक्ष मदद करते रहे हैं, अन्यथा अब तक कभी का यूक्रेन रूस के कब्जे में आ जाता, फिर भी रूस यूक्रेन के कुछ भागों पर कब्जा करने में सफल हो चुका है। मोदी ने न तो रूस को आक्रमणकारी घोषित किया और न ही यूक्रेन की कोई ठोस मदद ही की। उल्टे संयुक्त राष्ट्र संघ में जब जब यह मुद्दा उठा, तब तब ऐसा स्टैंड लिया, जिससे रूस की ही मदद हुई। रूस पर अमेरिकी प्रतिबंध लगाए जाने पर मोदी ने वहां से तेल की रिकार्ड खरीद करके उसे लाभ पहुंचाया।

कुछ दिन पहले मोदी रूस गए थे। ठीक तभी रूस ने यूक्रेन के बच्चों के एक अस्पताल पर बमबारी की, जिसमें 37 बच्चे मारे गए, किंतु मोदी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को गले लगाया। अमेरिका, पश्चिम और यूक्रेन इन बातों से मोदी से नाराज हैं। यूक्रेन ने तो यहां तक कहा था कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र हत्यारे को गले लगा रहा है। हाल ही में यूक्रेन ने अमेरिकी मदद से रूस पर बढ़त बना ली है और उसकी एक हजार किलोमीटर से ऊपर जमीन पर कब्जा कर लिया है। मास्को पर भी ड्रोन हमले किए हैं। सूचनानुसार अमेरिकी भाड़े के सैनिक भी इस युद्ध में अब भाग ले रहे हैं। जिस रूसी इलाके पर यूक्रेन ने कब्जा कर लिया है, वहां के स्थानीय नागरिकों ने मीडिया को बताया कि उन्होंने यूक्रेन पक्ष के सैनिकों को अमेरिकी और फ्रेंच भाषा बोलते सुना।

अतः अब रूस अपनी इज्जत बचाने का रास्ता ढूंढ रहा है। अनुमानतः मोदी रूसी एजेंडे को ही कामयाब बनाने हेतु यूक्रेन गए हैं और येन-केन-प्रकारेण युद्ध बंद कराने की कोशिश करेंगे। अमेरिका और नाटो मोदी मिशन को कतई कामयाब नहीं होने देना चाहेंगे। वे पस्त होते रूस को संभालने का मौका क्यों देंगे? अलबत्ता रूस बार-बार परमाणु हमलों की धमकी भी देता है, जो अमेरिका और पश्चिम कभी नहीं चाहेंगे। ऐसे में मोदी की यूक्रेनी यात्रा में किस करवट ऊंट बैठता है, यह देखने लायक होगा।

# खटाई में पड़ा लैटरल नियुक्ति का मामला



डॉ . अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

अब मौजूदा सपाई विपक्ष को यह लैटेरल एंट्री दलित चेतना का उभार लगती है। वोटों के जुआरी फिर मैदान में आ डटे हैं। ऐसे में भाजपा की रणनीतिक चूकें आश्चर्य में डालती हैं।

सहयोगी दलों की सहमति और उन्हें विश्वास में लिए बिना लैटेरल नियुक्ति का मामला तो फिलहाल खटाई में पड़ गया है और सरकार की किरकिरी भी हो गई। जाहिर है कि यह निर्णय मौजूदा स्थितियों में बिना इसके आनुषंगिक प्रभावों के आकलन के लिए ही ले लिया गया। राहुल गांधी और कांग्रेस के दीगर गला फाड़ चिल्लाने वाले नेतागण काठ की हांडी चढ़ाने का एक और मौका पा गए, जबकि सभी जानते हैं कि यह व्यवस्था लंबे समय से कांग्रेस सरकार में चलती रही, मगर अब वही दलित विरोधी और संविधान के विरुद्ध हो गई है।

भाजपा अपने अभी उसी पुराने तेवर में यह भूल गई कि उसके गठबंधन में गिरगिटी कैरेक्टर वाले दल भी हैं। चिराग पासवान को तो मोदी का हनुमान कहा जाने लगा था। दंडवत होकर मोदी के श्रीचरणों का स्पर्श करना फिर मोदी की उन्हें अंकवार में भर लेने की स्नेहवत्सलता हम सभी ने टीवी प्रसारणों में देखी थी। अब गिरगिट ने रंग बदल दिया। केंद्र में मंत्री बनने के लिए ही वह एक दिखावे की शराफत थी। बशीर बद्र के एक मशहूर शेर की याद हो आई-यूंही रोज मिलने की आरजू बड़ी रख रखाव की गुफ्तगू, ये शराफतें नहीं बेगरज उसे आपसे कोई काम है। दूसरे दल के मुखिया तो खैर पलटूराम कहे ही जाते हैं। भाजपा सरकार को इनसे आगे भी सजग रहना है।

उत्तर प्रदेश का विपक्ष भी कांग्रेस का ही भोंपू बना हुआ है। सुर में सुर मिलाने से वोटों की आमद हो जाए तो आखिर पीछे क्यों रहें। यहां पीडीए का जुमला जोर-शोर से उछाला जा रहा है। लाल टोपी वाले भाईजान का बड़ा जोरदार वक्तव्य अखबारों की सुर्खियों में है- "लैटेरल एंट्री को वापस लेने का निर्णय पीडीए चेतना की जीत"। भई वाह, यह दलित चेतना तब कहां थी जब आपके शासन काल में कितने ही गैर यूपीएससी भर्ती वाले आईएएस को लैटेरल एंट्री दी जा रही थी?

एक वाकया तो मुझे भी अच्छी तरह याद है। उन दिनों मैं बनारस में पदस्थ था। एक विभागीय कार्य के सिलसिले में जिले के ही एक ब्लाक मुख्यालय के बीडीओ कार्यालय पर पहुंचा तो वहां एक आईएएस अधिकारी की नेमप्लेट लगी देखी। ट्रेनी आईएएस की आरंभिक पदस्थता में मैदानी कार्यविधि की जानकारी के लिए ऐसी पोस्टिंग एक सामान्य प्रक्रिया है, मगर जब भीतर दाखिल हुआ तो जोरदार हैरत हुई। सामने का शख्स यही कोई पचास वर्षीय वय का था। मैं एक युवा चेहरे की कल्पना किए भीतर प्रविष्ट हुआ था। अचकचाते हुए मैंने पूछा कि क्या बीडीओ साहब आप ही हैं? कभी-कभी अधिकारियों की विदाई के बाद नेमप्लेट कुछ दिनों स्टाफ की लापरवाहीवश सुशोभित होती रहती है। मैं इस मुगालते में आ गया। मगर जब उन्होंने बिना आपत्ति दर्ज किए एकदम अनपेक्षित शिष्टाचार से जवाब दिया तो मेरा संदेह मिटा। वे वहां आईएएस सेवा में लैटेरल एंट्री के तत्काल पश्चात अल्पकालिक अवधि के प्रशिक्षण पर आए थे। पहले फल-फूल वाले विभाग में लखनऊ में संयुक्त निदेशक थे। स्थिति साफ हो चुकी थी। वे तत्कालीन सपा सरकार की कृपा स्वरुप आईएएस बने थे। अपनी वरिष्ठता के बावजूद भी एक निम्नतर ब्लाक स्तरीय पद पर कार्यरत होकर भी सुखाभास कर रहे थे।

तदनंतर बातचीत में अनौपचारिक हो गए, बताया कि वे फलां सीधी भर्ती के आईएएस अधिकारी के कनिष्ठ भ्राता श्री हैं। संयोग से उनके वही अग्रज मेरे सहपाठी थे और नेता जी के गुडबुक्स में होने के उपहार स्वरूप अपने भाई को भी आईएएस बनवा बैठे थे। एक ऐसे ही चिकित्सा विभाग के सीनियर अधिकारी भी लैटेरल एंट्री से भारत की सर्वोच्च प्रशासनिक सेवा में आ घुसे थे। उनको भी यह पदवी प्रसाद स्वरूप मिली थी। ऐसी भर्तियों को असली वाले आईएएस कैसे लेते हैं, यह तो मैं नहीं जानता। मगर मुझे यह बिल्कुल अच्छा नहीं लगता कि विशेषज्ञता के उच्च पद पर होकर भी ऐसी पदावनति की पोस्टिंग पाई जाए। यह तो स्वाभिमान और आत्मसम्मान को धता बता देना है।

अब मौजूदा सपाई विपक्ष को यह लैटेरल एंट्री दलित चेतना का उभार लगती है। वोटों के जुआरी फिर मैदान में आ डटे हैं। ऐसे में भाजपा की रणनीतिक चूकें आश्चर्य में डालती हैं। दो राज्यों में विधानसभा चुनाव और उत्तर प्रदेश में उप चुनाव आसन्न हैं। क्या भाजपा इससे बेखबर है। किस खाम ख्याली में डूबी हुई है यह पार्टी? क्या अब पराभव का वक्त आ पहुंचा है?

## सोशल फोरम

# सौहार्दपूर्ण व्यवहार



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

बीते दिनों बदायूं से आश्चर्यजनक खबर आई है कि रक्षाबंधन के दिन एक दामाद बरसात की वजह से ससुराल पहुंचने में लेट हो गया। फलस्वरूप अपने ससुर साले और बीबी के हाथों लिटा लिटाकर कूटा गया। दामाद पिटा। रोया। भागा। थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज करवाई। उससे पुलिस बेहद सहानुभूति पूर्वक पेश आई। उसे फस्ट एड भी मुहैया करवाया और फौरन कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया।

ससुराल वाले दामाद को पीट दे यह कोई बड़ी बात नहीं। पर पुलिस वाले ऐसा मरहम-पट्टी टाइप का व्यवहार करें ये ताज्जुब की बात। ऐसा आचरण उन्हें शोभा नहीं देता। पुलिस वाले यदि फ़रियादियों से ऐसे प्रेम से पेश आने लगेगी तो उनकी क्या इज्जत रह जाएगी? कैसे काम चलेगा? हम जानते हैं पुलिस काम नहीं करती उसका डर काम करता है। यदि लोग पुलिस से डरना बंद कर देंगे तो बड़ी गड़बड़ी हो जाएगी। मौका भर मिल जाए। हमारे यहां हर आदमी तड़प रहा है। कानून तोड़ने के लिए। कानून चुनौती देता है हमें। उकसाता है कि आओ हमें तोड़कर दिखाओ। हम तभी तक सज्जन हैं। जब तक मौका न मिले। हम लोग शरीफ हैं ही इसलिए क्योंकि पुलिस है और पुलिस के पास डंडा है। आप इस गलतफहमी में मत रहिए की पुलिस का डंडा बदमाशों के लिए है। बदमाश पुलिस से सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखने में हमेशा तत्पर बने रहते है और पुलिस भी उनका लिहाज करती है। इसलिए करती है कि बदमाश कब क्या हो जाए इसका कोई ठिकाना नहीं। पुलिस का काम है बदमाश होने के लिए छटपटा रहे आम लोगों को तमीज में रखे। ताकि वे हो चुके बदमाशों का मार्केट खराब न करें और खुद उन्हें फिजूल की भागदौड़ न करनी पड़े।

पुलिस मरहम लगाए ये बात ठीक नहीं। पुलिस समर्थ की इज्जत करती है। उसे पिटा आदमी पसंद नहीं आता। ऐसे नाजुक मौके पर यदि वो आपको चार लाते न लगाए। कॉलर पकड़ कर गरियाए नहीं। तो उसे कौन पुलिस मानेगा? सोचकर देखिए, उस पिटे दामाद को पुलिस के ऐसे व्यवहार से कितना सदमा पहुंचा होगा? पुलिस से अपील है कि वो आगे कभी ऐसे मदर टेरेसा टाईप के काम न करें। ऐसा इसलिए भी जरूरी है ताकि उनकी साख बनी रहे और उनके रौब की वजह से देश मे अमन-चैन कायम रहे।

-फेसबुक वॉल से

# कर्मचारियों के सेवानिवृत्तिक लाभ से वसूली गैरकानूनी



डॉ . चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

सुप्रीम कोर्ट ने सैयद अब्दुल कादिर मामले में कहा है कि निस्संदेह, शिक्षकों को अतिरिक्त राशि का भुगतान किया गया है, लेकिन इसके लिए उन्होंने कोई गलत बयानी या धोखाधड़ी नहीं की थी।

कर्मचारियों का पहले त्रुटि पूर्ण वेतन निर्धारण और सेवानिवृत्ति के समय या उसके बाद अधिक भुगतान की गई धनराशि की वसूली को समय-समय पर सर्वोच्च न्यायालय व उच्च न्यायालय ने अविधिक करार दिया है। स्पष्ट रूप से कहा है कि इस तरह सेवानिवृत्त हुए या उसके कगार पर खड़े कर्मचारियों से वसूली न की जाए, लेकिन चिंता का विषय है कि अधिकारी, सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिपादित कानून (लॉ) को शासनादेश व नियमावली के आगे मानने को तैयार ही नहीं है। वे इन निर्णयों में न्यायालयों के मानवीय पक्ष को भी समझना नहीं चाहते हैं।

सुप्रीम कोर्ट पूर्व में कई बार दोहरा चुका है कि सेवानिवृत्तिक लाभों से गलत वेतन निर्धारण के कारण वसूली अन्यायपूर्ण व मनमाना कार्य है। अधिकारियों के मनमानेपन से जुड़े इस विषय को विगत दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रविशंकर त्रिपाठी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य व अन्य के मामलें में गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि इस विषय में कानून की स्थिति को अच्छी तरह से जानते हुए अधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित कानून का उल्लंघन करके वसूली का अनुचित आदेश पारित किया है। सेवानिवृत्त कर्मचारी को परिहार्य मुकदमेबाजी में धकेल दिया है। ऐसे में अधिकारी गण दंडात्मक हर्जाना के पात्र हैं। हाईकोर्ट ने सभी संबंधित को आदेशित किया है कि याची रविशंकर त्रिपाठी के बैंक एकाउंट में कटौती राशि 3,12,926 छह सप्ताह के अंदर जमा (क्रेडिट) करें। पुलिस मुख्यालय लखनऊ के वित्त नियंत्रक और अपर आयुक्त पुलिस (एकाउंट) कानपुर को 20,000 हर्जाना याची को अदा करने का भी आदेश दिया। याची रविशंकर त्रिपाठी उप निरीक्षक पुलिस को सेवानिवृत्ति की तिथि से दो माह पहले 6 मार्च 2024 को उनके ग्रेच्युटी से 3,12,926 की कटौती का आदेश दिया और इस राशि की कटौती कर ली गई।

समूह 'ग' के सेवानिवृत्त कर्मचारी श्रीत्रिपाठी ने कटौती आदेश की वैधता को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। निर्णय में हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्टेट ऑफ पंजाब व अन्य बनाम रफीक मसीह व अन्य (2015) 4 एससीसी 334, थॉमस डेनियल बनाम स्टेट ऑफ केरल व अन्य 2022 एससीसी ऑनलाइन एससी 536, बी जे अकारा बनाम गवर्नमेंट ऑफ इंडिया (2006) 11 एससीसी 709, सैयद अब्दुल कादिर बनाम स्टेट ऑफ बिहार 2009 3 एससीसी 475 और जगदीश प्रसाद सिंह बनाम स्टेट आफ बिहार व अन्य 2024 एससीसी ऑनलाइन एस सी 1909 के विनिश्चयों को उद्धरित किया है। सुप्रीम कोर्ट ने अधिक भुगतान की वसूली से जुड़े बी.जे. अकारा मामले में एक महत्वपूर्ण टिप्पणी यह की थी कि न्यायालय अधिक भुगतान की वसूली पर रोक लगाने की राहत कर्मचारियों के किसी अधिकार के कारण नहीं देती है, बल्कि वसूली से उत्पन्न कठिनाई से राहत देने के लिए देती है। एक सरकारी कर्मचारी विशेष रूप से सेवा के निचले पायदान पर प्राप्त वेतन को अपने परिवार के भरण-पोषण पर खर्च हक मानकर करता रहता है। चूंकि अधिक भुगतान की वसूली के लिए बाद की कोई भी कार्रवाई उसकी कठिनाई का कारण बनती है, इसलिए उसे राहत दी जाती है।

सुप्रीम कोर्ट ने सैयद अब्दुल कादिर मामले में कहा है कि निस्संदेह, शिक्षकों को अतिरिक्त राशि का भुगतान किया गया है, लेकिन इसके लिए उन्होंने कोई गलत बयानी या धोखाधड़ी नहीं की थी। शिक्षकों को यह भी पता नहीं था कि उन्हें देय राशि से अधिक भुगतान किया गया है। अधिक भुगतान उन पर लागू नियम की गलत व्याख्या का परिणाम था, जिसके लिए कर्मचारियों (अपीलकर्ता) को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। अधिकांश लाभार्थी या तो सेवानिवृत्त हो चुके हैं या सेवानिवृत्त होने के कगार पर हैं। कोर्ट ने आगे कहा कि मामले के विशिष्ट तथ्यों और परिस्थितियों के दृष्टिगत शिक्षकों को किसी भी कठिनाई से बचाने के लिए उन्हें भुगतानित अधिक राशि की कोई वसूली नहीं की जानी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नल बी जे अकारा और सैयद अब्दुल कादिर के दृष्टांत का उल्लेख रफीक मसीह मामले में किया है। यहां न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि सेवा के निचले स्तर के कर्मचारी अपनी पूरी कमाई अपने परिवार के पालन-पोषण और कल्याण पर खर्च कर देते हैं। यदि अधिक भुगतान राशि वसूलने की अनुमति दी जाती है तो कर्मचारी को नियोक्ता को होने वाले लाभ की तुलना में कहीं अधिक कठिनाई होगी।

समूह 'ग' व 'घ' के कर्मचारी भले ही देय से अधिक वेतन प्राप्त किए हों, लेकिन उनसे सेवानिवृत्त के एक साल पहले या सेवानिवृत्त के समय वसूली न की जाए। ये कर्मचारी वेतन का गलत निर्धारण स्वयं नहीं करते हैं। उनसे ऐसी वसूली अन्यायपूर्ण और मनमानीपूर्ण होने के साथ ही भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित अधिदेश (मैंडेट) का भी उल्लंघन होगा।

# न्याय की बाजीगरी



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

सर्वोच्च न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन के मामले में बाबा रामदेव, बालकृष्ण व पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा माफी मांग लेने के बाद उनके विरुद्ध चल रही अवमानना कार्यवाही बंद कर दी है। पतंजलि ने अपनी दवाइयों का भ्रामक विज्ञापन कर जो कमाई की, उन दवाओं के अनावश्यक सेवन से मरीजों पर जो दुष्प्रभाव पड़ा उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। आर्थिक अपराध में फंसने के बाद भी धन्नासेठ दोषियों पर ठोस कार्रवाई कम ही होती है।

दुष्कर्म के दोषी कथावाचक संत आशाराम बापू को भी इलाज कराने हेतु 7 दिन की जमानत मिल गई है। इससे संत जी के शिष्यों में उत्साह का माहौल है। साध्वी दुष्कर्म व हत्या के मामले में दोषी डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख राम रहीम सिंह को सातवीं बार 21 दिन का पेरोल मिल गया है। इन्हें 17 जून 2022 को 30 दिन का पेरोल मिला था, उसके बाद वह बीते वर्ष 15 अक्टूबर को दूसरी बार, 21 जनवरी को तीसरी बार, 30 मार्च को चौथी बार, 20 अगस्त को पांचवी बार और 13 दिसंबर को छठी बार पेरोल पर बाहर आए थे। दो वर्ष में सात बार पेरोल पर छूटने का यह ऐसा रिकार्ड है, जिसे हर सजायाफ्ता तोड़ना चाहेगा।

ऐसी सजा का क्या फायदा, जिसमें कैदी को मनमाफिक पेरोल मिलती रहे। कांग्रेस हरियाणा में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को जोड़कर इसे देख रही है।

कहा जाता है कानून की दृष्टि में सब बराबर होते हैं, लेकिन यह सबसे बड़ा झूठ है। साधनहीन गरीबों और सुविधासंपन्न अमीरों के कानून में जमीन आसमान का अंतर होता है।

# स्कूल का छज्जा गिरने से 40 छात्र-छात्राएं घायल

## मजिस्ट्रेट जांच के आदेश, स्कूल प्रबंधक व प्रधानाचार्य पर रिपोर्ट दर्ज, मुख्यमंत्री ने लिया हादसे का संज्ञान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र जहांगीराबाद स्थित एक निजी स्कूल का छज्जा अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे में एक शिक्षिका और करीब 40 छात्र-छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में सभी घायलों को क्षेत्र के निजी व जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसमें से एक बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।

हादसे का संज्ञान खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया और बच्चों को बेहतर चिकित्सा व्यवस्था दिए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर चोटिल बच्चों का हाल जानने राज्यमंत्री सतीश शर्मा जिला अस्पताल पहुंचे। घटना जहांगीराबाद कस्बे में सद्दीपुर रोड पर स्थित अवध अकादमी स्कूल की है जहां शुक्रवार की सुबह छात्र-छात्राएं स्कूल पहुंचे थे। स्कूल में प्रार्थना शुरू होने वाली थी तभी कुछ बच्चे प्रार्थना के दौरान छज्जे से होकर जीने से नीचे आ रहे थे। उसी दौरान करीब 20 फीट लंबा छज्जा अचानक भरभराकर गिर गया। छज्जा गिरने से स्कूल की शिक्षिका प्राची वर्मा (25 वर्ष) और करीब 40 बच्चे घायल हो गए। घटना के बारे में जब गांव के लोगों को पता चला तो वह तुरंत दौड़े। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह कई अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से राहत व बचाव कार्य शुरू कराया।



बाराबंकी में निजी स्कूल का टूटा छज्जा और मौके पर इकट्ठा लोग। ● अमृत विचार

● **एक शिक्षिका, 26 बच्चों का अस्पताल में चल रहा इलाज**

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट और डीआईओएस की कमेटी हादसे की जांच के लिए बनाई गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

**-सत्येंद्र कुमार**, जिलाधिकारी

### 5वीं की मान्यता पर 12वीं तक स्कूल

स्कूल के पास सिर्फ कक्षा 5वीं तक की ही मान्यता है, लेकिन बच्चे इंटर तक की पढ़ाई कर रहे हैं। समाजसेवी देवेंद्र पाण्डेय की शिकायत पर डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने जीआईसी के उप-प्रधानाचार्य और बीईओ बाराबंकी से संयुक्त जांच कराई थी। जांच में विद्यालय की केवल कक्षा 5 तक की मान्यता की बात सामने आई थी। जबकि कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों की कक्षाएं अवैध रूप से चलाई जा रही थीं। जिसे बंद करने को लेकर डीआईओएस ने आदेश दिया था। उस आदेश का अगर पालन हो जाता, तो शायद इस हादसे से बचा जा सकता था।

# नहीं पहुंचे राहुल गांधी, अब सुनवाई 5 सितंबर को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में शुक्रवार को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में सांसद राहुल गांधी नहीं पहुंचे। मजिस्ट्रेट के यहां परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने परिवादी की हाजिरी माफी व साक्ष्य दाखिल करने के लिए मौका दिए जाने की मांग की। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली तारीख 5 सितम्बर की नियत की है।

बंगलुरु में एक जनसभा के दौरान सांसद राहुल गांधी ने तत्कालीन भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसको लेकर कोतवाली देहात थाने के हनुमानगंज निवासी कोआपरेटिव के पूर्व चेयरमैन व भाजपा नेता विजय मिश्रा ने 4 अगस्त 2018 को राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था, जिसमें राहुल गांधी की जमानत व बयान दर्ज हो चुका है।

# निदेशक, पंचायती राज के खिलाफ जमानती वारंट जारी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

● **हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं किया**

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रविवार की सार्वजनिक छुट्टी के दिन एक कर्मचारी के स्थानांतरण का विवादित आदेश पारित करने के मामले में निदेशक, पंचायती राज, उत्तर प्रदेश के विरुद्ध जमानती वारंट जारी करते हुए उन्हें 20 हजार रुपए के निजी मुचलके को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, लखनऊ के समक्ष जमा करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त को उक्त अधिकारी को हाईकोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का भी निर्देश दिया गया है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकलपीठ ने सुरेंद्र कुमार भाटी की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। दरअसल कोर्ट ने अपने पिछले आदेश में उक्त अधिकारी से व्यक्तिगत हलफनामा मांगते हुए यह पूछा था कि उन विशेष परिस्थितियों को इंगित करें, जिनके तहत स्थानांतरण का आक्षेपित आदेश रविवार की सार्वजनिक छुट्टी के दिन पारित किया। निदेशक को यह स्पष्ट रूप से बताना होगा कि रविवार को उनका कार्यालय कार्यरत था या नहीं और किन परिस्थितियों में यह आदेश पारित किया गया था। कोर्ट ने निदेशक पंचायती राज, लखनऊ द्वारा याची को बुलंदशहर से ललितपुर स्थानांतरित करने के आदेश 30 जून 2024 को निलंबित कर दिया था । शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि उक्त अधिकारी द्वारा व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल नहीं किया गया है और व्यक्तिगत रूप से वह उपस्थित भी नहीं हुए हैं। इस पर कोर्ट ने गहरी नाराजगी जताते हुए उक्त अधिकारी के खिलाफ जमानती वारंट जारी कर दिया।

# 2001 से लंबित दुष्कर्म मामले के आरोपी को कोर्ट ने किया बरी

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 2001 से लंबित दुष्कर्म मामले के आरोपी को बरी करते हुए अपने आदेश में कहा कि 6 वर्ष से कम उम्र की बच्ची से दुष्कर्म करने पर उसके शरीर पर चोटों के निशान अवश्य आएंगे। इस तरह के साक्ष्य मेडिकल दस्तावेजों और डॉक्टर की गवाही से सुपुष्ट होने चाहिए।

ऐसा न होने की स्थिति में दुष्कर्म के अपराध को संदिग्ध दृष्टि से देखा जा सकता है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी की खंडपीठ ने हीरा की आपराधिक अपील को स्वीकार करते हुए की। आरोपी के विरुद्ध पुलिस स्टेशन जहांगीराबाद बुलंदशहर में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कोर्ट ने पाया कि पीड़िता की मेडिकल जांच घटना के समय से साढ़े छः घंटे बाद की गई थी। चिकित्सीय जांच करने वाले डॉक्टर का कहना है कि पीड़िता के अंदरूनी अंगों पर किसी तरह की बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। ऐसे में दुष्कर्म की संभावना नहीं बनती है। महत्वपूर्ण तथ्य को नजरअंदाज करते हुए ट्रायल कोर्ट ने वर्ष 2002 में याची को आजीवन कारावास की सजा सुना दी। कोर्ट ने मेडिकल साक्ष्यों और किसी बाहरी चोट के अभाव में ट्रायल कोर्ट के आक्षेपित आदेश को रद करते हुए आरोपी को बरी कर दिया।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय समेत 100 लोगों के खिलाफ एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● **हजरतगंज व गौतमपल्ली थाने में दर्ज रिपोर्ट में अजय कुमार लल्लू व पुनिया भी आरोपी**

**अमृत विचार :** हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अगुवाई में गुरुवार को ईडी कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाना था। हजरतगंज के राजभवन गेट-2 के पास पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान उग्र कांग्रेस नेताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। राजधानी में निषेधाज्ञा लागू है। पुलिस ने बिना अनुमति प्रदर्शन कर सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के मामले में हजरतगंज और गौतमपल्ली थाने में प्रदेश अध्यक्ष समेत करीब 100 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया। वीडियो फुटेज से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

चौकी प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने हजरतगंज और रमेश चंद्र पांडेय ने गौतमपल्ली थाने में तहरीर दी। दरोगाओं के मुताबिक प्रदर्शन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, बाराबंकी के सांसद तनुज पूनिया, राष्ट्रीय महासचिव धीरज गुर्जर, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह, सेवादल प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय, एनएसयूआई के अनस रहमान, प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, संगठन सचिव अनिल यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान, युवा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अंकित तिवारी, सेवा दल मध्य के पूर्व अध्यक्ष राजेश काली, अध्यक्ष दक्षिणी डॉ. शहजाद आलम और अमित के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने और 7 सीएल एक्ट की धारा में मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश के लिए वीडियो और आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# कांग्रेस, सपा व इंडी गठबंधन एक ही थाली के चट्टे-बट्टे : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बसपा प्रमुख मायावती ने एससी-एसटी आरक्षण में वर्गीकरण और क्रीमीलेयर को लेकर केंद्र सरकार को आड़े हाथ लिया, साथ ही भारत बंद में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की चुप्पी का हलावा देते हुए, इंडी गठबंधन को एक ही थाली के चट्टे-बट्टे करार दिया।

बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि भाजपा का एससी-एसटी आरक्षण विरोधी रवैया बरकरार है। आरक्षण वर्गीकरण व क्रीमीलेयर का नया नियम लागू करने के निर्णय के विरुद्ध केन्द्र द्वारा अभी तक भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाना, अति दुःखद व चिंताजनक है। कहा कि पहले तो केन्द्र ने न्यायालय में लचर पैरवी की और अब संविधान संशोधन बिल नहीं लाने से सिद्ध होता है कि आरक्षण को लेकर बीजेपी का रवैया नहीं बदला है। दूसरी पोस्ट में उन्होंने सपा, कांग्रेस व इनके इंडी गठबंधन की भी चुप्पी को घातक बताते हुए कहा कि साबित है कि एससी-एसटी वर्गों के सही हित, कल्याण व उत्थान के मामले में दोनों ही पार्टियाँ व इनके गठबंधन एक ही थैली के चट्टे-बट्टे हैं साथ ही बताया कि इन वर्गों का हित अंबेडकरवादी बीएसपी में ही सुरक्षित है।

# कांग्रेस के पूर्व सचिव भोला पाण्डेय का निधन

**लखनऊ, अमृत विचार :** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक भोला पाण्डेय का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। उन्होंने लखनऊ के गोमती नगर स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वह पिछले कुछ समय से बीमार थे। भोला पांडेय साल 1978 में इंदिरा गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में उस वक्त अचानक दुनियाभर में चर्चा का विषय बने जबकि उन्होंने दिल्ली के पालम हवाई अड्डे पर क्रिकेट की गेंद और खिलौना पिस्तौल दिखाकर प्लेन हाईजैक कर लिया था।



# बच्चों के खिलाफ यौन अपराध जघन्यतम अपराधों में से एक

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बच्चों के यौन शोषण से जुड़े एक मामले पर अपनी गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि बच्चों के खिलाफ यौन अपराध सबसे जघन्य अपराधों में से एक है, जो पीड़ितों पर गहरी और स्थायी छाप छोड़ जाता है।

ऐसे आघातों के मनोवैज्ञानिक प्रभाव बहुत गहरे और बहुआयामी होते हैं, जो बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक स्थिरता और सामाजिक संबंधों को प्रभावित करते हैं और इसके साथ ही उनके जीवन के हर पहलू को भी प्रभावित करते हैं। ऐसे आघात भावनात्मक, व्यावहारिक और सामाजिक समस्याओं का एक ऐसा सिलसिला उत्पन्न कर सकते हैं जो बच्चे के वयस्क होने के बाद भी उसे परेशान करता रहता है। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि ऐसे गंभीर अपराधों में समझौते के आधार पर आरोपी को राहत नहीं दी जा सकती है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की एकल पीठ ने राम बिहारी की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया।

कोर्ट ने पाया कि याची लगातार यौन शोषण करने वाला व्यक्ति है। यद्यपि उसे हाईकोर्ट की एक अलग पीठ ने इससे पहले पोक्सो के दो अन्य मामलों में समझौते के आधार पर राहत देते हुए मामलों को रद्द कर दिया था, लेकिन आरोपी लगातार बच्चे का यौन शोषण करता रहा। याची के खिलाफ थाना कोतवाली, जालौन में पोक्सो, आईपीसी और इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया था। कोर्ट ने पीड़ित के बयान पर विचार करते हुए निष्कर्ष निकाला कि जब वह 13 वर्ष का था, तब उसके साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाया गया था। आरोपी ने घटना को अपने फोन में रिकॉर्ड भी किया था। दूसरी ओर याची का दावा है कि दोनों पक्षों के बीच वित्तीय लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। अंत में कोर्ट ने अपराध की गंभीरता, अपराध के सामाजिक प्रभाव और बच्चे पर पड़ने वाले मनोवैज्ञानिक प्रभाव को देखते हुए याचिका खारिज कर दी।

# नर्सिंग पेपर लीक करने का आरोपी गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार:** एसटीएफ ने एसजीपीजीआई लखनऊ की नर्सिंग परीक्षा के पेपर को लीक करने वाले कानपुर निवासी आरोपी को गिरफ्तार किया है। तालगांव में दर्ज अभियोग के आधार पर पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा है।

एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया कि फतेहपुर जनपद का पतारी निवासी रविकान्त पुत्र रामकुमार पिछले काफी समय से लखनऊ के जानकीपुरम थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर 92 इन्क्लेव और कानपुर जनपद के नौबस्ता थाना क्षेत्र स्थित गल्ला मंडी में रह रहा था। आरोपी बीते दिनों हुई एसजीपीजीआई लखनऊ नर्सिंग परीक्षा के प्रश्न पत्रों को लीक करने के मामले में शामिल था। इसको लेकर उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया।

लहरपुर सीओ सुशील कुमार यादव के निर्देशन में आरोपी रविकान्त को लखनऊ-सीतापुर हाईवे पर स्थित न्यू गौरव ढाबा के पास जमैय्यतपुर टिकरिया मोड़ से गिरफ्तार किया गया। लखनऊ एसटीएफ की टीम में निरीक्षक हेमन्त भूषण सिंह के अलावा एसआई हरीश सिंह चौहान और फोर्स मौजूद रही।

# मुआवजा नहीं मिल रहा बिजली उपभोक्ताओं को

**लखनऊ:** विद्युत उपभोक्ताओं को मुआवजा कानून बनने के बाद भी उपभोक्ताओं को मुआवजा नहीं मिल रहा है, जबकि राज्य में बिजली समस्या संबन्धी हेल्पलाइन 1912 पर पिछले पांच माह में मिलने वाली 28 लाख 84 हजार 346 शिकायतों में विभाग ने खुद माना है कि 12 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण तय समय के बाद किया गया है। उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बयान में कहा, उपभोक्ताओं को मुआवजा का लाभ 1912 के माध्यम से मिलना है।

# महिला सुरक्षा को लेकर तैयारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● **जिलों में अधिकारियों ने बैठक कर बनाई रणनीति**

**अमृत विचार:** महिलाओं की सुरक्षा को अपर मुख्य सचिव गृह के निर्देश के बाद जिला मुख्यालयों में हलचल शुरू हो गई। एसीएस द्वारा भेजी गई गाइडलाइन के मुताबिक कार्य करने के लिए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक स्तर बैठकों का दौर शुरू हो गया है। प्रत्येक जिले में गाइडलाइन के मुताबिक योजनाएं बनाई जा रही हैं।

बतादें कि गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने प्रदेश के सभी डीएम और एसपी को निर्देश दिए थे कि सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों में महिला कर्मचारियों से संस्थान में तय समय से ज्यादा काम न लिया जाए। दफ्तरों में उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहें। सभी संस्थान सीसी कैमरों से लैस हों। महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न होने पर सख्त कार्रवाई की जाए। दफ्तर से देर रात घर जाने वाली महिला कर्मचारियों को इमरजेंसी पड़ने पर पुलिस वाहन (पीआरवी) से घर पहुंचाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए अभियान पहले से चल रहा है। इसी कड़ी में अफसरों को निर्देश दिए गए हैं कि रात में आने-जाने वाले रास्तों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। महिला हेल्पलाइन-112, 1090 का प्रसार हो। सुरक्षा के अन्य इंतजामों के साथ महिलाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था भी की जाए।


## वर्ग पहेली-170

**बाएं से दाएं**

1. 1. गिरकर चक्कर खाते हुए आगे या नीचे की ओर जाना; ढुलकना 2. घिसटना, रपटना 3. किसी ओर झुकना या आकृष्ट होना 4. मर जाना।
4. 1. पूरे समय के थोड़े से ही भाग से संबधित 2. ऐसी नौकरी जहां पूरे समय काम करने की बजाय थोड़े समय काम करने के लिए ही रखा जाता है 3. कुछ या थोड़े समय के लिए किया जानेवाला
6. 1. वकील का पेशा 2. किसी के पक्ष में किया जाने वाला मंडन, पैरवी
7. रामचंद्र, मर्यादा पुरुषोत्तम राम।

**ऊपर से नीचे**

2. कण से युक्त।
3. एक ही पुरुष के साथ संबंध रखने वाली स्त्री, एकनिष्ठा, पतिव्रता।
5. 1. (पुराण) इंद्र की नगरी, अमरावती 2. स्वर्ग।




### वर्ग पहेली -169 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ज | | 2 उ | | 3 क |
| | 4 म | धु | प | | च |
| | ना | | व | | ह |
| | | 5 सि | स | का | री |
| 6 अ | थि | र | थ | | |
| | | ना | | 7 कौ | र |
| 8 धा | तु | मा | न | | |

## सुडोकू -83

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | 5 | |
| 7 | 2 | | 3 | | | 1 | | |
| 9 | 5 | | | | 2 | | 8 | |
| 4 | | 6 | | | 1 | | | |
| 2 | | 3 | | | | 4 | | 9 |
| | | | 4 | | 9 | | | 8 |
| | 4 | | 8 | | | | 2 | 6 |
| | | 1 | | | 6 | | 7 | 3 |
| | 6 | | 9 | | | 5 | | |

### सुडोकू -82 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 4 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 2 | 3 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 1 | 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 8 |
| 7 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 6 | 9 | 1 | 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 4 |
| 8 | 2 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 1 | 5 | 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 2 | 7 |
| 3 | 8 | 2 | 1 | 7 | 5 | 9 | 4 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 9 | 2 | 3 | 8 | 1 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 अगस्त शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 07 .51 तक तत्पश्चात षष्ठी 25 अगस्त 05 .30 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**मेष:** आज सिर्फ जरूरी कार्यों को ही प्राथमिकता दें। रिश्तों को लेकर कुछ असमंजस भरी स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। अपनी कार्यशैली को लेकर आत्ममंथन करने की आवश्यकता है। दिनचर्या का बड़ा समय पढ़ने और शोध आदि में दे सकते हैं।

**वृष:** आज घर के कार्यों में भी मन नहीं लगेगा। नशे का सेवन बिल्कुल भी न करें। शेयर मार्केट में बड़ा पैसा निवेश करने से बचें। संभावना है की आपका विचार ज्यादा सार्थक हो, लेकिन सही बात कहने पर भी आप निशाने पर लिए जा सकते हैं।

**मिथुन:** आज संतान के भविष्य को लेकर कुछ निर्णय लेने पड़ सकते हैं। धीरे-धीरे अटके मामलों को सुलझा लेंगे। समाज में आपका रसूख बढ़ेगा। अचानक धन लाभ भी हो सकता है। अच्छे मित्रों के संयोग से मन प्रफुल्लित रहेगा।

**कर्क:** आज पूर्व निर्धारित कार्यों की योजना समय से पहले बना लेंगे। समय का सदुपयोग करेंगे। कमीशन और इंश्योरेंस जैसे कार्यों से लाभ प्राप्त होगा। आप लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनाकर उभरेंगे। आईटी फील्ड से जुड़े लोगों को जॉब में काफी आनंद आएगा।

**सिंह:** आज अपनी मानसिक स्थिति सकारात्मक बनाकर रखें। सामाजिक संबंधों का लाभ आपको मिलेगा। जीवनसाथी के प्रति अपनापन और प्रेम दोनों ही बढ़ेगा। लोग आपकी आदतों पर सवाल उठा सकते हैं। आपको अपनी प्रोडक्ट क्वालिटी पर ध्यान देना चाहिए।

**कन्या:** आज नया कुछ भी शुरू न करें। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। मुंह में छाले पड़ सकते हैं। हेल्दी डाइट का कड़ाई से पालन करें। कहीं बाहर न जाएं। आपको अचानक कुछ अवरोधों का सामना करना पड़ेगा। पैसों की तंगी रहेगी।

**तुला:** आज आर्थिक परेशानियों को लेकर थोड़ा परेशान होना पड़ेगा। निजी रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। ऑफिस में लोग आपका काफी सहयोग करेंगे। व्यवसाय में आपको नए तरीके की योजना अपनानी पड़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ अचानक परिवर्तन हो सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज व्यापार के मामले में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। किसी रिश्तेदार की आपको मदद करनी पड़ सकती है। भागदौड़ की अधिकता रहेगी। सहकर्मियों के सहयोग से आपके काम जल्दी में पूरे हो जायेंगे। जॉब के नए अवसर आपको मिल सकते हैं।


**धनु:** आज ऑफिस का महत्वपूर्ण काम आपके सामने आएगा। सोशल मीडिया पर संवेदनशील और भ्रामक पोस्टों को लाइक शेयर करने से बचें। घर के बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त होगा। विद्यार्थी उच्च शिक्षा की तैयारी करेंगे। किसी पर भी आंख-मूंदकर भरोसा न करें।

**मकर:** आज आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है। सार्वजनिक क्षेत्रों में आपकी दिलचस्पी बढ़ेगी। निजी रिश्तों में मधुरता आयेगी। आपके बारे में लोगों की राय मिश्रित रहेगी। लोग मीठा बोलकर आपसे अपने काम करवाने का प्रयास करेंगे।

**कुंभ:** आज छोटे भाई बहनों के साथ किसी गंभीर विषय पर चर्चा करेंगे। किसी बड़ी डील से आपको आर्थिक लाभ हो सकता है। फाइनेंस संबंधी कार्यों से जुड़े लोगों को आर्थिक लाभ मिलेगा। आपकी प्रबल इच्छाशक्ति से सभी कार्य समय पर पूर्ण कर लेंगे।

**मीन:** आज विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। गलत रास्तों का चुनाव न करें। आंखों में जलन जैसी समस्या हो सकती है। हार्डवेयर संबंधित कारोबार में लाभ की संभावना बन रही है। पारिवारिक समस्याओं के कारण मन विचलित हो सकता है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अश्विनी 18 .05 तक तत्पश्चात भरणी।

## आज की फिल्में

B4U Movies
मफिया राज — सुबह : 10 .44
भैया जी सुपरहिट — रात : 09 .00

&pictures
द कराटे किड — सुबह : 11 .13
खिलाड़ी 786 — रात : 07 .30

Sony Pix
स्पाइडर मैन — सुबह : 11 .02
डोंट ब्रीथ 2 — रात : 09 .59

Zee Cinema
वलाटी — सुबह : 11 .15
आरआरआर — रात : 08 .00

Colors Cineplex
एनाकोंडा 3 — दोपहर :12 .08
योद्धा — रात : 07 .59

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात :08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति की लंबी उम्र के लिए पत्नी मंदिर गई।
वहां पर पत्नी ने पंडित जी से एक सवाल पूछा
महिला- पंडित जी, कोई ऐसा व्रत बताइए, जिससे पति की उम्र लंबी हो जाए?
पंडित जी- आप हफ्ते में चार दिन मौन व्रत रखा करो।

सास - बहू, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है। उसकी बातों पर कभी विश्वास मत करना।
वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी?
बहू - कह रही थी कि आप बहुत भली औरत हैं।
अब सास अपनी ही बातों में फंस गई।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन - तुलसी 2090, राज श्री 1420, फॉर्च्यून कि. 1725, रविन्द्रा 1970, फॉर्च्यून ली. 1575, जय जवान 1510, सचिन 1555, सूरज 1535, अवसर 1650, राग गोल्ड 1655, गृहणी ली 1565, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1655, चक्र टिन 1905, ब्लू 1685, आशीर्वाद मस्टर्ड 1915, स्वास्तिक 2060। किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 31000, लाल मिर्च 19000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायन 15500-23000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकिलो) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-900। चावल-(प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल न्या 10400, जैनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सुमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी परमट 4950, खजाना 4950। दाल दलहन - मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान न्या 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छोटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10700, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, चना काला 8350, दाल चना 9300, लाल हिंदुस्तान 9400, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 8400, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 13400, मोटा हीरा 15300, अरहर गोला मोटा 14600, अरहर पटका मोटा 14800, अरहर कोरा मोटा 15300, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100। चीनी - डालमिया 4110, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090, बहेड़ी 4100।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 73500 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 72500 |
| सिल्वर (पक्की) | 854 (अनुमानित) |

# डंपिंग से भारतीय इस्पात बाजार प्रभावित

## चीन में मांग घटने और अनुचित आयात से पड़ रहा असर, सरकार को कार्रवाई करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व इस्पात सचिव नागेन्द्र नाथ सिन्हा ने कहा है कि चीन में मांग में कमी के बीच भारतीय इस्पात बाजार 'अनुचित आयात और डंपिंग' से प्रभावित हुआ है और सरकार को समयबद्ध तरीके से कार्रवाई करने की जरूरत है।

उन्होंने शुक्रवार को बिगमिंट के भारतीय लौह अयस्क और पेलेट शिखर सम्मेलन के सातवें संस्करण में कहा, अगर आप फ्लैट इस्पात उत्पादों की बात करें तो आयात निश्चित रूप से एक समस्या है। चीनी बाजार में मंदी ने वास्तव में (घरेलू) बाजार को हिलाकर रख दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि बढ़ते आयात से मूल्य प्राप्ति प्रभावित हो रही है, जिससे इस्पात निर्माताओं की लाभ पर असर पड़ा है। अभी जो आयात हो रहा है वह अनुचित है और डंपिंग हो रही है और भारत सरकार को निश्चित



बिगमिंट के भारतीय लौह अयस्क व पेलेट शिखर सम्मेलन में बोले पूर्व इस्पात सचिव

रूप से समयसीमा के भीतर इसका जवाब देना चाहिए। उनका यह बयान इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि स्थानीय इस्पात कंपनियां कई महीनों से चीन सहित चुनिंदा देशों से आयात का मुद्दा उठा रही हैं। इस्पात विनिर्माताओं ने चिंता जताई है कि भारत इस्पात का वैश्विक आपूर्तिकर्ता बनने के लक्ष्य के विपरीत, इस्पात का शुद्ध आयातक बन रहा है। सिन्हा ने कहा, शुल्क लगाने के लिए किए गए आवेदनों पर लगभग डेढ़ वर्ष की लंबी समयावधि के लिए विचार किया जा रहा है, जिससे उद्योग को कम से कम निष्पक्ष सुनवाई में मदद नहीं मिलेगी।

सरकार ने 16 अगस्त को घरेलू उद्योग की शिकायत के बाद वियतनाम से हॉट रोल्ड स्टील उत्पादों के आयात में डंपिंग रोधी जांच शुरू की। वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) मिश्र धातु या गैर-मिश्र धातु इस्पात के हॉट रोल्ड फ्लैट उत्पादों की कथित डंपिंग की जांच कर रही है। डीजीटीआर की अधिसूचना के अनुसार, भारतीय इस्पात संघ ने घरेलू उत्पादकों - जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड और आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया लिमिटेड की ओर से एक आवेदन दायर किया है, जिसमें वियतनाम से आयात पर डंपिंग रोधी जांच शुरू करने की मांग की गई है।

### इंजीनियरिंग निर्यात में आगे सुधार की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारत से इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात में तीन माह की तेजी के बीच अमेरिका, यूएई, सऊदी अरब और सिंगापुर जैसे प्रमुख बाजारों में जुलाई 2024 में वृद्धि दर्ज की गयी, जबकि बांग्लादेश और रूस जैसे देशों को इन वस्तुओं का निर्यात वार्षिक आधार पर कम हुआ। भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी-इंडिया) के अध्यक्ष अरुण कुमार गरोडिया का कहना है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में वृद्धि की संभावनाओं के साथ ही इस बार के बजट में विनिर्माताओं को प्रोत्साहन के प्रावधानों से इंजीनियरिंग निर्यात में आगे सुधार की उम्मीद है। ईईपीसी -इंडिया की शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत से इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात के 25 प्रमुख बाजारों में से 10 में निर्यात जुलाई में बढ़ा जबकि 15 के मामले में सकारात्मक था, जबकि 15 देशों के मामले में निर्यात घटा। ये 25 वे बाजार है जिनमें भारत का तीन चौथाई इंजीनियरिंग माल बिकता है।

# अमेरिका बड़ा कारोबारी साझेदार चीन के साथ ज्यादा व्यापार घाटा

नई दिल्ली, एजेंसी

चालू कैलेंडर साल के पहले छह महीनों (जनवरी-जून) में अमेरिका भारत का शीर्ष कारोबारी साझेदार बनकर उभरा है जबकि देश ने इस अवधि में चीन के साथ 41.6 अरब डॉलर का अधिकतम व्यापार घाटा दर्ज किया है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि जनवरी-जून, 2024 के दौरान देश का व्यापारिक निर्यात 5.41% बढ़कर 230.51 अरब डॉलर हो गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, चीन 41.6 अरब डॉलर के बड़े व्यापार घाटे के साथ सूची में सबसे ऊपर है, क्योंकि चीन को निर्यात 8.5 अरब डॉलर था, जबकि जनवरी-जून 2024 के दौरान आयात 50.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि भारत 239 देशों को उत्पादों का निर्यात करता है और इनमें से 126 देशों ने निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दिखाई है। इन देशों का भारत के कुल निर्यात में 75.3% हिस्सा है।



देश का व्यापारिक निर्यात 5.41% बढ़कर 230.51 अरब डॉलर हुआ

### 98 देशों को निर्यात में गिरावट

निर्यात में वृद्धि वाले देशों में अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, सिंगापुर और चीन हैं। हालांकि, 98 देशों के निर्यात में गिरावट आई है जिनमें इटली, बेल्जियम, नेपाल और हांगकांग है। अमेरिका भारत का शीर्ष निर्यात भागीदार है। अमेरिकी निर्यात जनवरी-जून, 2023 में 37.7 अरब डॉलर था जो इस साल की समान अवधि में 10.5% बढ़कर 41.6 अरब डॉलर हो गया। साल की पहली छमाही में, चीन भारत का सबसे बड़ा आयात आपूर्तिकर्ता रहा। चीन से आयात 46.2 अरब डॉलर से बढ़कर 50.1 अरब डॉलर हो गया। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, 2023-24 में चीन भारत का शीर्ष कारोबारी साझेदार रहा लेकिन जनवरी से जून में अमेरिका सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार बन गया।

# एसएमई का ऑडिट करते समय ज्यादा सावधानी बरतें सीए : सेबी

मुंबई, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य अश्विनी भाटिया ने शुक्रवार को चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) से लघु एवं मझोले उद्यम (एसएमई) एक्सचेंज मंच पर सूचीबद्ध कंपनियों का ऑडिट करते समय अधिक सतर्कता बरतने को कहा। चार्टर्ड अकाउंटेंट के उद्योग समारोह में भाटिया ने कहा कि सूचीबद्ध एसएमई को लेकर अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है क्योंकि यही कंपनियां भविष्य में मुख्य एक्सचेंज का हिस्सा बनेंगी।

भाटिया ने कहा, हमने वहां (एसएमई मंच पर) कुछ चुनौतियां देखी हैं। हम अनुरोध करते



लघु एवं मझोले उद्यम वाली कंपनियां भविष्य में मुख्य एक्सचेंज का बनेंगी हिस्सा

हैं कि जहां तक एसएमई आईपीओ और कोष जुटाने का सवाल है, तो सावधानी बरतें क्योंकि ये छोटी कंपनियां आगे चलकर बड़ी होंगी। भाटिया ने कहा कि ऐसी इकाइयों द्वारा 14,000 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं, जिनमें से 6,000 करोड़ रुपये सिर्फ 2023-24 में जुटाए गए हैं। उन्होंने सीए की तुलना चिकित्सकों से करते हुए कहा कि वे कंपनियों के संचालन को सुनिश्चित करके प्रथम स्तर के नियामक के रूप में कार्य करते हैं।

# बिजली की मांग आगामी छह साल तक 15 गीगावाट की दर से बढ़ेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में बिजली की मांग आगामी छह वर्षों में 15 गीगावाट सालाना की दर से बढ़ेगी। वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक दशक में बिजली की मांग सालाना 11 गीगावाट की दर से बढ़ी है।

भारतीय बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता संघ (आईईईएमए) के कार्यक्रम में बिजली विभाग के अतिरिक्त सचिव श्रीकांत नागुलापल्ली ने कहा कि 2030 तक सौर ऊर्जा घंटों के दौरान 85 गीगावाट अतिरिक्त मांग बढ़ जाएगी और गैर सौर ऊर्जा घंटों के दौरान अधिकतम मांग में 90 गीगावाट से अधिक की वृद्धि होगी। सालाना बढ़ोतरी इन संख्याओं को सही रूप से प्रतिबिंबित नहीं कर सकती है, लेकिन



पिछले एक दशक में बिजली की मांग सालाना 11 गीगावाट की दर से बढ़ी

यदि आप पूर्ण संख्या देखें तो यह बड़ी छलांग है और इस वृद्धि को पूरा करने के लिए हमारी कोयला क्षमता के साथ सौर, पवन, भंडारण और पारेषण का भी पर्याप्त विस्तार हो रहा है। 10 वर्षों में भारत की अधिकतम मांग औसतन 11 गीगावाट की दर से बढ़ी है और अगले छह साल में मांग औसतन 15 गीगावाट सालाना की दर से बढ़ेगी। लगभग 40 गीगावाट बिजली भंडारण के माध्यम से होगी।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.54 अरब डॉलर बढ़कर 674.66 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 16 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 4.54 अरब डॉलर बढ़कर 674.66 अरब डॉलर हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 4.8 अरब डॉलर घटकर 670.11 अरब डॉलर रहा था।

आरबीआई की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 16 अगस्त को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.60 अरब डॉलर बढ़कर 591.56 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 86.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 60.10 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) छह करोड़ डॉलर बढ़कर 18.34 अरब डॉलर हो गए।



## एक नजर

### इंदौर में कॉटेज की छत गिरी, पांच की मौत

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में शुक्रवार को रिजॉर्ट के निर्माणाधीन कॉटेज की सीमेंट की छत का स्लैब गिरने से मलबे में दबने से पांच की मौत हो गई। एसपी हितिका वासल ने बताया कि जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर चोरल क्षेत्र में निर्माण कार्य के दौरान सीमेंट की छत की स्लैब भरी गई थी और वहां काम कर रहे पांच लोग इसके नीचे सो गए थे।

### छह दुकानों पर फर्जी सीएम दस्ते का छापा, दो गिरफ्तार

**भिवानी।** हरियाणा में फर्जी मुख्यमंत्री उड़नदस्ता बनाकर पांच जिलों की छह दवा दुकानों पर छापे मारने के आरोपी में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरोह के सरगना और दो सदस्यों को दादरी की अपराध अन्वेषण एजेंसी ने पकड़ा है। दो गाडियां भी जब्त की गई है और अदालत ने उन्हें दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। डीएसपी-मुख्यालय धीरज कुमार ने गिरफ्तारी की जानकारी दी हैं।

### लापता विमान की खोज में फिर जुटी नौसेना

**जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर से उड़ान भरने के बाद लापता हुए प्रशिक्षण विमान की तलाश के लिए नौसेना ने शुक्रवार को फिर से अभियान शुरू कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि खराब मौसम के कारण गुरुवार शाम छह बजे खोज अभियान रोक दिया था। विमान सवार प्रशिक्षु पायलट और उसके प्रशिक्षक के शव चांडिल बांध में मिले थे।

### दिल्ली में बुजुर्गों की पेंशन बहाल की गई: आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली में बुजुर्गों को अब पेंशन मिलनी शुरू हो गई है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर पिछले पांच महीने से पेंशन में योगदान नहीं देना का आरोप भी लगाया। आतिशी ने कहा कि शहर के एक लाख लाभार्थियों में से 90 हजार को गुरुवार को उनका पिछला बकाया मिल गया। मंत्री ने दावा किया, पेंशन में से दिल्ली सरकार 2,200 और केंद्र 300 रुपये का भुगतान करती है।

### जेल तोड़ने का साजिशकर्ता न्यायिक हिरासत में

**चंडीगढ़।** पंजाब में 2016 में नाभा जेल तोड़ने के साजिशकर्ता रमनजीत सिंह को गुरुवार को हांगकांग से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद शुक्रवार सुबह पंजाब लाया गया और एक अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे दो सप्ताह की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# दरवाजे की टूटी कुंडी भी जांच के घेरे में

## जांच अधिकारी अस्पताल में लगे सीसीटीवी के फुटेज का कर रहे हैं विश्लेषण

कोलकाता, एजेंसी

**डॉक्टर से दरिंदगी**

- सीबीआई यह पता लगाने में जुटी कि अपराध के समय सभागार के बाहर कोई तैनात तो नहीं था

प. बंगाल की राजधानी कोलकाता के सरकारी आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी के मामले की जांच कर रहा सीबीआई इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रहा है कि कैसे अपराध को बिना किसी बाधा के अस्पताल के उस सभागार में अंजाम दिया गया, जिसके दरवाजे की कुंडी टूटी हुई थी।

अधिकारी ने बताया कि हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या सभागार के बाहर कोई व्यक्ति यह तैनात था कि अपराध को अंजाम देने में कोई बाधा नहीं आए। जांच अधिकारी इसकी पुष्टि के लिए सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर रहे हैं। जांच अधिकारियों ने इस बात पर हैरानी जताई कि जब चिकित्सक को प्रताड़ित किया जा रहा था तो सभागार में से आ रही आवाज किसी को सुनाई क्यों नहीं दी। सीबीआई ने बताया, दरवाजे की कुंडी टूटी थी जिसकी वजह से दरवाजा बंद नहीं हो रहा था। हम इसकी जांच कर रहे हैं कि अपराध के दौरान क्या कोई व्यक्ति सभागार के बाहर मौजूद था। कुंडी टूटी होने से दरवाजा खराब था। पीड़िता आठ-नौ अगस्त की रात दो से तीन बजे के बीच सभागार में दाखिल हुई थी और ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने सभागार में उसे सोते देखा था। सभी से पूछताछ में पता चला कि कुंडी खराब होने की जानकारी सभी को थी और इस कारण चिकित्सक उस रात दरवाजा बंद नहीं कर पाई थी।

### हाईकोर्ट ने वित्तीय अनियमितताओं की जांच सीबीआई को सौंपी

**कोलकाता।** हाईकोर्ट ने शुक्रवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच राज्य सरकार द्वारा गठित एसआईटी से सीबीआई को स्थानांतरित करने का आदेश दिया। यह निर्णय चिकित्सा प्रतिष्ठान के पूर्व उपाधीक्षक अख्तर अली की याचिका के बाद आया, जिन्होंने कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष के कार्यकाल के दौरान कथित वित्तीय कदाचार की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच कराने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज ने सीबीआई को तीन सप्ताह के भीतर जांच संबंधी प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मामले में अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी और तभी अदालत रिपोर्ट की समीक्षा करेगी।

# वक्फ बोर्ड को 40 पूर्व कर्मियों की पेंशन रोकने पर नोटिस

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट ने याचिका पर जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन मंजूर नहीं करने के आरोप में केन्द्रशासित प्रदेश के बोर्ड आयुक्त सचिव राजस्व, अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी को नोटिस जारी किया है। कोर्ट में दाखिल याचिका में आरोप है कि भाजपा नेता दरक्षण अंद्राबी को जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से सेवानिवृत्त हुए 40 कर्मचारियों को पेंशन नहीं मिल रही है। न्यायमूर्ति संजय धर ने प्रतिवादियों को एक सप्ताह में आवश्यक कदम उठाने की शर्त पर नोटिस जारी किया। कोर्ट ने कहा, मामले में अगली सुनवाई अदालत ने सात अक्टूबर को मुकर्रर की है।

# पर्सनल लॉ बोर्ड समेत कई मुस्लिम संगठनों ने दी आंदोलन की धमकी

जमीर सिद्दीकी, नई दिल्ली

- वक्फ संपत्तियों के तहस-नहस करने की साजिश का आरोप बिल वापस लेने की मांग

**अमृत विचार:** वक्फ संशोधन बिल को वापस कराने के लिए ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीअत उलमा हिंद, जमाअत इस्लामी हिंद, जमाअत अहले हदीस एकजुट हो गए हैं। ये तीनों ही मुस्लिम संगठन ऐसे हैं, जिनका मुस्लिमों पर वर्चस्व है। इन तीनों संगठनों ने सीधे चेतावनी दी है कि सरकार ने इस विधेयक को वापस नहीं लिया तो देशव्यापी आंदोलन चलाने को मजबूर होंगे। इन संगठनों ने एनडीए में शामिल धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक पार्टियों और विपक्ष की सभी पार्टियों से मांग की है कि इस विधेयक को किसी भी कीमत पर संसद में पारित नहीं दें।

चेतावनी दी है कि यदि वक्फ संपत्तियों को नष्ट करने और उनपर कब्जा करने का रास्ता साफ करने वाला ये विधेयक संसद में पेश किया गया तो ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड अन्य अल्संख्यकों और न्याप्रिय लोगों के साथ इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन चलाएगा।

पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी, बोर्ड के महासचिव मौलाना मोहम्मद फजलुर रहीम मुजद्दिदी, प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास, जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष एवं बोर्ड के उपाध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी, जमाअत इस्लामी हिंद और बोर्ड के उपाध्यक्ष सैयद सआदत उल्लाह हुसैनी, मरकजी जमीअत अहले हदीस और बोर्ड के उपाध्यक्ष मौलाना असगर अली इमाम मेंहदी सलफी ने नई दिल्ली में संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता में कहा कि सरकार इस विधेयक को वापस ले।

# बेसमेंट के चार सहमालिकों को जमानत देने से कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

**कोचिंग सेंटर मामला**

- 27 जुलाई को बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्रों की हुई थी मौत

दिल्ली की अदालत ने ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित कोचिंग सेंटर के उस बेसमेंट के चार सह-मालिकों को जमानत देने से शुक्रवार को इनकार कर दिया, जिसमें 27 जुलाई को पानी भरने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन छात्रों की मौत हो गई थी। अदालत ने कहा कि घटना के लिए केवल वे जिम्मेदार नहीं हैं।

अदालत ने कहा कि शिकायत के बाद भी बेसमेंट के अवैध उपयोग के मामले को लंबित रखने वाले दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारियों की भूमिका उनकी मिलीभगत पर बहुत कुछ कहती है। ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित राऊज आईएएस स्टडी सर्किल में हुई घटना की जांच कर रही सीबीआई दोषियों को न्याय के दायरे में लाएगी। प्रधान जिला एवं सत्र जज अंजू बजाज चांदना ने बेसमेंट के चार सह मालिकों परविंदर सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह को जमानत देने से मनाकर दिया है।

# हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र बंद का आह्वान करने से दलों को रोका

मुंबई, एजेंसी

**बदलापुर यौन शोषण**



- राजनीतिक दलों ने आज राज्य में बंद का किया है आह्वान

बम्बई हाईकोर्ट ने राजनीतिक दलों को महाराष्ट्र बंद का आह्वान करने से रोक दिया। विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) ने ठाणे जिले के बदलापुर के स्कूल में दो बच्चियों के कथित यौन शोषण के विरोध में 24 अगस्त को पूरे राज्य में बंद का आह्वान किया है। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की खंडपीठ ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार बंद को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी।

पीठ ने कहा कि बंद के आह्वान को चुनौती देने वाली अधिवक्ता सुभाष झा और गुणरत्न सदावर्ते के माध्यम से शुक्रवार को दायर दो याचिकाओं पर जल्द ही आदेश पारित करेगी। हम किसी भी राजनीतिक दल को बंद का आह्वान करने से रोक रहे हैं। राज्य सरकार सभी निवारक कदम उठाएगी। राज्य के महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने अदालत को बताया कि बंद का आह्वान अवैध है। सराफ ने कहा, सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाएगी कि जनता या सार्वजनिक संपत्ति को कोई नुकसान न पहुंचे।

### कोर्ट का आदेश विपक्ष के गाल पर तमाचा: शिंदे

**नासिक।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बदलापुर घटना के सिलसिले में महाराष्ट्र बंद बुलाने का आह्वान करने पर रोक लगाने संबंधी बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को विपक्ष के गाल पर तमाचा करार दिया और कहा कि सरकार इस निर्देश को लागू करेगी। शिंदे ने मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिन योजना को शुरू करने के मौके पर एक जनसभा में यह बात कही।

### मुंह पर काली पट्टी बांध करेंगे प्रदर्शन: पटोले

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बंद को लेकर कोर्ट के फैसले के बाद कांग्रेस ने कहा कि राज्य के स्कूल में यौन शोषण की घटना को लेकर विपक्ष सरकार के खिलाफ मुंह पर काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करेंगे। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि महा विकास आघाडी के नेता राज्य में विभिन्न स्थानों पर काले झंडे लहरा कर और मुंह पर काली पट्टी बांधकर भाजपा-शिवसेना-राकांपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे।

# भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने अवरोधक तोड़े, पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने हेमंत सोरेन सरकार के कथित अन्याय और चुनावी वादों को पूरा न करने के खिलाफ रांची में शुक्रवार को आयोजित रैली के दौरान अवरोधक तोड़ दिए, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और पानी की बौछारें छोड़ीं। प्रदर्शनकारियों ने विरोध कार्यक्रम स्थल मोरहाबादी मैदान के पास स्थित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास की ओर कूच करने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया।

# स्कूल सुरक्षा, संरक्षा पर निर्देश लागू करें

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दिए आदेश

विद्यालयों और शैक्षणिक स्थानों में बढ़ते आपराध पर केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए स्कूल सुरक्षा और संरक्षा पर निर्देश को लागू करने का आदेश दिया है। साथ ही सभी से राज्य में स्कूल सुरक्षा और संरक्षा-2021 पर निर्देश की अधिसूचना के बारे में जानकारी देने का भी अनुरोध किया गया है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार विद्यालयों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने शिक्षा मंत्रालय ने प्रक्रियाओं, जवाबदेही को मजबूत करने और विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में स्कूल सुरक्षा और संरक्षा के बारे में निर्देश-2021 विकसित किया हैं, जो पॉक्सो निर्देशों के अनुरूप हैं।

इन निर्देशों में अन्य बातों के साथ सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त और निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा और संरक्षा के मामले में स्कूल प्रबंधन की जवाबदेही तय करने का प्रावधान हैं। ये निर्देश निवारक शिक्षा, विभिन्न हितधारकों की जवाबदेही, रिपोर्टिंग प्रक्रिया, संबंधित कानूनी प्रावधानों, सहायता और परामर्श तथा सुरक्षित माहौल के बारे में उपाय प्रदान करते हैं।

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में असम में व्यापक पैमाने पर प्रदर्शन

**गुवाहाटी।** असम के नागांव जिले में तीन व्यक्तियों द्वारा 14 वर्षीय किशोरी से कथित तौर पर दुष्कर्म किए जाने की घटना के विरोध में राज्य में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि यह घटना धींग इलाके में उस समय हुई, जब लड़की गुरुवार शाम को ट्यूशन से घर लौट रही थी।

उन्होंने बताया कि लोगों को नाबालिग सड़क किनारे बेहोशी मिली थी, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। अधिकारी ने बताया कि दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। इस बीच, लोग गिरफ्तारी की मांग को लेकर शुक्रवार सुबह सड़कों पर उतर आए। पुलिस महानिदेशक जी पी सिंह के धींग वहां पहुंचे। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा, धींग में नाबालिग से हुई घटना ने हम सबकी अंतरात्मा को झकझोर दिया है।

# मनरेगा को कमजोर कर रहे प्रधानमंत्री : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी



- मनरेगा की वर्षगांठ पर बोले नेता प्रतिपक्ष-प्रधानमंत्री आलोचनाओं के बावजूद इस योजना पर कर रहे भरोसा

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की वर्षगांठ पर शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी तमाम आलोचनाओं के बावजूद इस योजना पर भरोसे के साथ इसे कमजोर कर रहे हैं। यह संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार का ऐसा कदम था, जिसने लोगों को सशक्त बनाया।

राहुल गांधी ने फेसबुक पर किए पोस्ट में कहा, 2005 में आज के ही दिन जब संप्रग सरकार ने मनरेगा लागू किया, तो हमने देश के विकास के लिए समान और समावेशी दृष्टिकोण की कल्पना की। हमारा दृष्टिकोण स्पष्ट, सरल और एकल था कि हमें गरीबों का उत्थान करना है। उनका कहना है कि मनरेगा लोगों को सम्मानजनक बुनियादी न्यूनतम आय की गारंटी देकर सशक्त बनाने का कदम था। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मनरेगा के लिए बजटीय आवंटन को 10 साल के निचले स्तर पर ला दिया गया है। आधार कार्ड और प्रौद्योगिकी की आड़ में सात करोड़ श्रमिकों के जॉब कार्ड हटा दिए गए हैं, राज्यों को भुगतान में देरी की गई है, और मजदूरी बेहद निचले स्तर पर रखी गई है।

# जय नहीं तो कौन होगा बीसीसीआई का मार्गदर्शक

नई दिल्ली, एजेंसी



- अगर शाह आईसीसी चेयरमैन बने तो बीसीसीआई सचिव पद के लिए कोई स्पष्ट दावेदार नहीं

आंकड़े जय शाह को अगले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद चेयरमैन के रूप में चुनने के पक्ष में होंगे लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह विश्व संचालन संस्था में शामिल होने का फैसला करेंगे या नहीं और इसके बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड सचिव के रूप में उनकी जगह कौन लेगा।

माना जा रहा है कि शाह को आईसीसी बोर्ड के 16 में से 15 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है लेकिन वह इस पद पर आना चाहते हैं या नहीं, इसे तय करने के लिए उनके पास 96 घंटे से भी कम समय है। वहीं उनके पास बीसीसीआई सचिव के रूप में लगातार दूसरे कार्यकाल में अभी एक साल बाकी है। नया आईसीसी चेयरमैन एक दिसंबर को कार्यभार संभालेगा और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 अगस्त है। सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड में वापसी के लिए अनिवार्य तीन साल का कूलिंग ऑफ पीरियड शाह के लिए अक्टूबर 2025 में अपना कार्यकाल पूरा होने के बाद शुरू होगा] लेकिन इस बात पर बड़ा सवालिया निशान है कि बीसीसीआई में शाह की जगह कौन लेगा क्योंकि उन्होंने और उनके करीबी लोगों ने अभी तक तत्काल योजनाओं का खुलासा नहीं किया है।

## संभावित उम्मीदवारों पर एक नजर

**राजीव शुक्ला :** ऐसी संभावना है कि बीसीसीआई पदों में फेरबदल करे और मौजूदा उपाध्यक्ष और राज्यसभा में कांग्रेस के सांसद शुक्ला को एक साल के लिए यह काम करने के लिए कहे। शुक्ला को निश्चित रूप से सचिव बनने में कोई आपत्ति नहीं होगी।

**आशीष शेलार :** महाराष्ट्र भाजपा के दिग्गज शेलार बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष हैं और मुंबई क्रिकेट संघ प्रशासन में बड़ा नाम हैं। शेलार हालांकि एक कुशल राजनीतिज्ञ हैं और बीसीसीआई सचिव पद के लिए उन्हें अपना समय देना होगा। पर वह भी इस दौड़ में शामिल हो सकते हैं।

**अरुण धूमल:** इंडियन प्रीमियर लीग चेयरमैन के पास बोर्ड चलाने के लिए अनुभव है। वह कोषाध्यक्ष रह चुके हैं और लुभावनी क्रिकेट लीग के प्रमुख हैं।

**संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया :** वह हालांकि लोकप्रिय नाम नहीं हैं, लेकिन मौजूदा बीसीसीआई प्रशासन में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं जिन्हें भी पदोन्नत किया जा सकता है। युवा प्रशासकों में दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष रोहन जेटली या बंगाल क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष अविषेक डालमिया के नाम पर चर्चा हो सकती है। अन्य युवा राज्य इकाई के अधिकारियों में पंजाब के दिलशेर खन्ना, गोवा के विपुल फड़के और छत्तीसगढ़ के प्रभतेज भाटिया शामिल हैं।

## मुंबई हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे तेंदुलकर

**मुंबई।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर रविवार को यहां होने वाली मुंबई हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर शुरू करेंगे जिसमें 6,000 महिलाओं सहित करीब 20,000 प्रतिभागियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है।

तेंदुलकर यहां बांद्रा कुर्ला परिसर में सुबह पांच बजे मैराथन की मुख्य रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसकी 10के रेस में सबसे ज्यादा 8,000 से अधिक पंजीकरण हुए हैं जबकि 21के (21 किमी) हाफ मैराथन में 4,000 धावक उतरेंगे जिसमें महाराष्ट्र के अलावा अन्य एलीट एथलीट शिरकत करेंगे। वहीं 5के रेस में 5,000 धावक और 3के रेस में 3,000 से ज्यादा प्रतिभागी होंगे।

# वार्न के निधन से लगा कोई अपना गया

मेलबर्न, एजेंसी



- भारतीय कलाई के स्पिनर कुलदीप पहुंचे मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड, साझा किए अनुभव
- बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का बॉक्सिंग डे टेस्ट 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा

भारत के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने खुलासा किया है कि दो साल पहले ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज शेन वार्न के निधन से उन्हें लगा कि जैसे उन्होंने अपने परिवार का कोई सदस्य खो दिया क्योंकि उनका हमेशा मानना था कि उनके बीच एक मजबूत रिश्ता था।

ऑस्ट्रेलिया की संक्षिप्त पारिवारिक यात्रा पर आए कुलदीप ने अपने आदर्श क्रिकेटर के घरेलू मैदान प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड का दौरा किया, जहां उन्होंने स्टेडियम के बाहर वार्न की प्रतिमा के साथ फोटो खिंचवाई। कुलदीप ने कहा शेन वार्न मेरे आदर्श थे और मेरा उनके साथ बहुत गहरा रिश्ता था। जब भी मैं वार्न के बारे में सोचता हूं तो मैं भावुक हो जाता हूं। ऐसा लगता है जैसे मैंने परिवार से किसी को खो दिया है। वार्न का 2022 में थाईलैंड में छुट्टियां बिताने के दौरान दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। कुलदीप की यह यात्रा 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से कुछ महीने पहले हो रही है। मैं बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का इंतजार कर रहा हूं। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच शानदार प्रतियोगिता की उम्मीद कर रहे हैं। बॉक्सिंग डे टेस्ट 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा।

### महत्वपूर्ण योगदान देने को तैयार हूं : ग्रीन

**सिडनी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने बल्लेबाजी प्रदर्शन से उत्साहित ऑस्ट्रेलिया के ऑल राउंडर कैमरन ग्रीन भारत के खिलाफ 22 नवंबर से उनके घरेलू मैदान पर्थ में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की शृंखला में बल्ले और गेंद दोनों से महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहते हैं। यह दोनों देश पिछले तीन दशक में पहली बार पांच टेस्ट मैच की शृंखला खेलेंगे।

## खेल डायरी

### अदिति-दीक्षा की एआईजी में निराशाजनक शुरुआत

**सेंट एंड्रयूज (स्कॉटलैंड)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर और अदिति अशोक ने एआईजी महिला ओपन के पहले दौर के आखिरी होल में बर्डी लगाकर कट में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को बनाए रखा। तेज हवा से प्रभावित पहले दिन के खेल के बाद अदिति चार-ओवर 76 का कार्ड खेलकर संयुक्त 79वें जबकि दीक्षा पांच ओवर 77 का कार्ड खेलकर संयुक्त 100वें स्थान पर है। दोनों खिलाड़ियों को कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। कट के तीन ओवर या चार ओवर रहने की संभावना है। अदिति ने पहले, दूसरे और 12वें होल में बोगी जबकि 13वें होल में डबल बोगी की। उन्होंने नौवें होल में बर्डी लगाकर चार ओवर का कार्ड बनाया। दीक्षा ने 10वें, 11वें, 13वें, 16वें और 17वें होल पर बोगी की।

### शुभंकर की डेनमार्क में अच्छी शुरूआत

**आरहस (डेनमार्क)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा पहले दो दौर में दो अंडर 69 के समान स्कोर से शुक्रवार को यहां दानिश गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त पांचवें स्थान पर बने हुए हैं, हालांकि अभी उनके स्थान में बदलाव हो सकता है क्योंक दूसरा दौर अभी जारी है। पेरिस ओलंपिक के बाद संक्षिप्त ब्रेक लेने वाले शुभंकर पहले दौर के समाप्त होने के बाद संयुक्त 14वें स्थान पर बने हुए थे। अन्य भारतीय गोल्फरों में ओम प्रकाश पांच ओवर 76 के कार्ड से संयुक्त 145वें स्थान पर हैं।

### डुओंग-डीहार्ट पिकलबॉल चैंपियनशिप फाइनल में

**मुंबई।** अमेरिका के क्वांग डुओंग ने भारत के अरमान भाटिया को 2-0 से हराकर दूसरी मॉनसून पिकलबॉल चैंपियनशिप के पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना हमवतन रायलर डीहार्ट से होगा। डीहार्ट ने शुक्रवार को दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस के जे डिविलियर्स को 2-0 से हराया। महिला एकल स्पर्धा के फाइनल में ब्रिटेन की थाडिया लॉक और चीनी ताइपे की पेई चुआन काओ के बीच मुकाबला होगा। थैडिया ने सेमीफाइनल में करीबी मुकाबले में एमिलिया श्मिट को 2-1 से जबकि पेई चुआन काओ ने निकोला को 2-0 से हराया।

### गुकेश और प्रज्ञानानंदा ने सिंकफील्ड कप में ड्रॉ खेला

**सेंट लुइस (अमेरिका)।** विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश यहां सिंकफील्ड कप के चौथे दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा के खिलाफ अच्छी स्थिति पर पहुंचने के बावजूद जीत दर्ज नहीं कर सके और उन्हें अंक बांटकर संतोष करना पड़ा। चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ नवंबर में विश्व चैम्पियनशिप मैच खेलने के लिए तैयार गुकेश ने फिरौजा को कड़ी चुनौती दी। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने भी होलैंड के अनीश गिरी के खिलाफ बाजी ड्रा कराई। अमेरिका के वेस्ले सो ने एकमात्र निर्णायक बाजी जीती। उन्होंने रूस के इयान नेपोमनियाच्ची को हराकर पूरे अंक जुटाये। इस तरह वेस्ले सो के फिरौजा की तरह 2.5 अंक हो गए हैं और दोनों चार दौर के बाद संयुक्त बढ़त बनाए हैं। उनके बाद अमेरिका के फैबियानो कारूआना, फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लाग्रेव, नेपोमनियाच्ची, प्रज्ञानानंदा और गुकेश शामिल हैं। उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव और गिरी 1.5 लेकर संयुक्त नौवें स्थान पर हैं।

### ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप 24 से लखनऊ में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों के 400 खिलाड़ी लखनऊ में 24 व 25 अगस्त को होने वाली डब्लूएमएसकेएफ ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप-2024 में पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकान कराटे फेडरेशन, इंडिया के तत्वावधान में वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकान कराटे फेडरेशन, उत्तर प्रदेश के द्वारा दो दिवसीय चैंपियनशिप के मुकाबले चौक स्टेडियम के लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल में खेले जाएंगे। चैंपियनशिप की पूर्व संध्या पर आज खिलाड़ियों का वजन भी किया गया। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन के सचिव संतोष कुमार ने बताया कि चैंपियनशिप में 78 स्वर्ण, 78 रजत व 156 कांस्य पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा होगी। चैंपियनशिप में बालक व बालिकाओ में कुमिते के 62 भार वर्ग व काता की 16 श्रेणियों सहित कुल 78 वर्गों के मुकाबले होंगे। इस चैंपियनशिप में मेजबान उत्तर प्रदेश, पंजाब, झारखंड, गोवा, उत्तराखंड और राजस्थान की टीम भाग लेगी।

**डायमंड लीग : चोपड़ा दूसरे स्थान पर, एंडरसन ने 90.61 मी. के साथ थ्रो साथ पाया पहला स्थान**

# रिकॉर्ड 89.49 मी. थ्रो के साथ फाइनल में पहुंचे नीरज चोपड़ा

लुसाने एजेंसी

- 14 सितंबर को हाने वाले डायमंड लीग के फाइनल के लिए शीर्ष छह में बने रहना जरूरी



पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग में 89.49 थ्रो कर दूसरे स्थान पर रहे, उन्हें ब्रसेल्स में 14 सितंबर को होने वाले डायमंड लीग के फाइनल मुकाबले के लिए शीर्ष छह में बने रहना होगा।

स्विट्जरलैंड में लुसाने में शुक्रवार को डायमंड लीग 2024 की स्पर्धा में नीरज ने अपने अंतिम प्रयास में इस सीजन का सर्वश्रेष्ठ 89.49 मीटर का थ्रो किया। उन्होंने डायमंड लीग एथलीट प्रतियोगिता में अपने स्वयं के पेरिस ओलिंपिक में फेंके 89.45 मीटर के थ्रो के रिकार्ड को तोड़ा। नीरज चोपड़ा जहां अभी डायमंड लीग की प्वाइंट्स टेबल में 14 अंकों के साथ चौथे नंबर पर हैं तो वहीं एंडरसन पीटर्स ने लुसाने डायमंड लीग में 90.61 मीटर का थ्रो करने के साथ पहले स्थान पर खत्म किया और फाइनल के लिए अपनी जगह को भी बना लिया है। वहीं जैकिब वैल्डिच ने 16 अंकों के साथ हैं अंक टेबल में दूसरे नंबर पर हैं और उन्होंने भी अपनी जगह को पक्का कर लिया है।

भारतीय एथलीट का पहला थ्रो 82.10 मीटर, दूसरा 83.21 मीटर, तीसरा 83.31 मीटर, चौथा 82.34 मीटर, पांचवे थ्रो में 85.58 मीटर भाला फेंका। अपने आखिरी थ्रो में नीरज शानदार प्रदर्शन करते हुए 89.49 मीटर पहुंचे। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने 90.61 मीटर के शानदार थ्रो के साथ नया मीट रिकॉर्ड दर्ज करते हुए पहले स्थान पर रहे, जबकि जर्मनी के जूलियन वेबर 87.08 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर जगह बनाई। पीटर्स शुरू से ही शांत दिखे और अपने दूसरे प्रयास में 88.49 मीटर के साथ इसे बेहतर करने से पहले 86.36 मीटर के थ्रो के साथ शानदार शुरुआत की। वेबर अपने दूसरे प्रयास में 87.08 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए थे और बाकी स्पर्धा में यह उनका सर्वश्रेष्ठ रहा। लुसाने लीग में दूसरे स्थान पर रहने के बाद, नीरज वर्तमान में ओवरऑल स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर हैं और सितंबर में ब्रुसेल्स में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की मजबूत स्थिति में हैं। उन्होंने 2022 में डायमंड लीग खिताब जीता था। नीरज ने कहा शुरुआत में बेहतर महसूस नहीं हो रहा था, लेकिन थ्रो से खुश हूं, खासकर आखिरी प्रयास में सर्वश्रेष्ठ थ्रो से।

# टेस्ट को बचाने के लिए अलग से कोष तैयार करेगा आईसीसी

सिडनी, एजेंसी

International Cricket Council

- 150 लाख अमेरिकी डॉलर का अलग से कोष बनेगा

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद टेस्ट क्रिकेट के लिए कम से कम 150 लाख अमेरिकी डॉलर का अलग से कोष तैयार करने पर विचार कर रहा है जिससे खिलाड़ियों की मैच फीस बढ़ाने में मदद मिलेगी और उन्हें केवल आकर्षक टी-20 फ्रेंचाइजी लीग पर ध्यान केंद्रित करने से रोका जा सकेगा।

सिडनी मार्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इस तरह का प्रस्ताव रखा है जिसे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) का समर्थन हासिल है। शाह अभी आईसीसी अध्यक्ष बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। इस कोष से टेस्ट क्रिकेटरों की न्यूनतम मैच फीस में बढ़ोतरी होगी और यह विदेशी दौरों पर टीमों को भेजने की लागत को कवर करेगा। इससे वेस्टइंडीज जैसे क्रिकेट बोर्ड को मदद मिलेगी जिसके खिलाड़ी के टेस्ट क्रिकेट के बजाय वैश्विक टी-20 प्रतियोगिताओं में खेलने को प्राथमिकता दे रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है इस कोष के बनने के बाद सभी खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम भुगतान सुनिश्चित होगा जो लगभग 10000 डॉलर होगा। इसके अलावा यह उन देश के विदेशी दौरों की लागत का भी भुगतान करेगा जो टेस्ट क्रिकेट में बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

कोष गठित करने की अवधारणा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष माइक बेयर्ड ने जनवरी में रखी थी और उन्हें खुशी है कि इस पर प्रगति हो रही है। हमें हर बाधा को दूर करने और टेस्ट क्रिकेट को सर्वश्रेष्ठ में से सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। उस इतिहास और उस विरासत को बनाए रखने की जरूरत है, जो सीमित ओवरों की क्रिकेट के नए स्वरूपों के साथ आगे बढ़ रही है। इस कोष से तीन सबसे धनी क्रिकेट बोर्ड भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को किसी तरह का लाभ होने की संभावना नहीं है क्योंकि वे पहले से ही अपने खिलाड़ियों को पर्याप्त वेतन प्रदान करते हैं।

## पीसीबी को प्रसारण अधिकार के लिए नहीं मिली अच्छी रकम

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को अगस्त 2024 से दिसंबर 2026 की अवधि के बीच अंतर्राष्ट्रीय घरेलू मैचों के प्रसारण अधिकार बेचने के लिए रखे गए अपने आरक्षित मूल्य से लगभग आधी रकम ही मिली है। पाकिस्तान क्षेत्र के प्रसारण अधिकार 1.72 अरब पाकिस्तानी रुपये (पीकेआर) में बेचे गए हैं जो बोर्ड द्वारा अधिकार बेचने के लिए रखे गए शुरुआती आरक्षित मूल्य 3.2 अरब पीकेआर से लगभग 1.48 अरब पीकेआर कम है।

पीसीबी अधिकारियों ने हालांकि बिना कोई आंकड़ा साझा किए दावा किया है कि यह प्रसारण अधिकार पिछले चक्र (2021 से 2024) की तुलना में दोगुनी से अधिक कीमत पर बेचे गए हैं। उपलब्ध विवरण के अनुसार पीसीबी ने हाल ही में अपने पाकिस्तान क्षेत्र के प्रसारण अधिकार 28 महीने की अवधि के लिए एआरवाई और टॉवर स्पोर्ट्स के गठजोड़ को बेचा और दावा किया कि पिछले अनुबंध की तुलना में इसे अधिक राशि में बेचा गया है।

## छह दिनों का होगा श्रीलंका न्यूजीलैंड का शुरूआती टेस्ट

**दुबई।** अगले महीने गॉल में न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रीलंका का शुरुआती टेस्ट मैच छह दिन का होगा, जिसमें इस द्वीपीय देश में राष्ट्रपति चुनाव के कारण एक दिन विश्राम का प्रावधान है।

आईसीसी ने शुक्रवार को यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि 18 सितंबर को शुरू होने वाले टेस्ट में डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट रिपब्लिक ऑफ श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव के कारण 21 सितंबर को विश्राम का दिन होगा। दो दशकों से अधिक समय में यह पहली बार होगा कि श्रीलंका छह दिनों के टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। दो मैचों की यह शृंखला मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र का हिस्सा है जिसका दूसरा टेस्ट 26-30 सितंबर तक उसी स्थान पर खेला जाएगा। पिछली शताब्दी में टेस्ट क्रिकेट के बीच में एक दिन का विश्राम आम बात थी लेकिन अब यह प्रचलन लगभग खत्म हो गया है।

# शतक से चूके शादमन, बांग्लादेश ने बनाए 316 रन

रावलपिंडी (पाकिस्तान), एजेंसी



- पहले टेस्ट के तीसरे दिन शादमन इस्लाम ने खेली शानदार पारी
- मुशिफकुर और लिटन दास ने जड़े अर्धशतक, 132 रन अभी पीछे है बांग्लादेश

<< पारी के दौरान शॉट खेलते लिटन दास। ● एजेंसी

सलामी बल्लेबाज शादमन इस्लाम (93 रन) के वापसी में शतक से चूकने के बावजूद बांग्लादेश ने शुक्रवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक पहली पारी में पांच विकेट पर 316 रन बना लिए। बांग्लादेश अब भी पाकिस्तान से 132 रन से पिछड़ रहा है।

घरेलू टीम ने मोहम्मद रिजवान और सउद शकील के शतकों की बदौलत पहली पारी छह विकेट पर 448 रन बनाकर घोषित की थी। स्टंप तक मुशिफकुर रहीम 55 रन और लिटन दास 52 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। इन दोनों ने मिलकर 98 रन की साझेदारी निभाई। दोनों बल्लेबाजों ने शाहीन शाह अफरीदी (55 रन देकर कोई विकेट नहीं) और नसीम शाह (77 रन देकर एक विकेट) के खिलाफ डटकर बल्लेबाजी की। दास ने 52 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। मुशिफकुर ने 10 महीनों बाद अपने पहले टेस्ट में शानदार अर्धशतक जड़ा। मोमिनुल हक ने 50 और शादमन के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 94 रन की भागीदारी निभाई।

## बॉलीवुड हलचल

# लुथरिया के साथ फिर काम करेंगे अक्षय



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार, मिलन लुथरिया निर्देशित एक्शन फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि फिल्म निर्माता सिद्धार्थ आनंद अपनी पत्नी ममता आनंद के साथ अपनी प्रोडक्शन कंपनी मार्फ्लिक्स के तहत एक्शन फिल्म का निर्माण करने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि सिद्धार्थ आनंद ने निर्देशक मिलन लुथरिया और लेखक रजत अरोड़ा को एक्शन फिल्म पर आधारित स्क्रिप्ट लिखने को कहा है। कहा जा रहा कि जब फिल्म स्क्रिप्ट लॉक की गई तो अक्षय कुमार, सिद्धार्थ आनंद, मिलन लुथरिया और रजत अरोड़ा की सर्वसम्मत पसंद थे और अक्षय को भी लगा कि इस समय उनके लिए यह सही फिल्म है। इस फिल्म में अक्षय कुमार को पहले कभी न देखे गए अवतार में दिखाया जाएगा। अक्षय कुमार ने इससे पूर्व मिलन लुथरिया के साथ वर्ष 2013 में प्रदर्शित गैंगस्टर फिल्म, वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई दोबारा में काम किया है।

# बार्डर 2 में सनी देओल के साथ नजर आएंगे वरूण धवन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता वरूण धवन आने वाली फिल्म बार्डर 2 में सनी देओल के साथ काम करते नजर आयेंगे। जेपी दत्ता निर्देशित वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म बार्डर में सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम भूमिका में थे। करीब 27 साल बाद बॉर्डर का सीक्वल बनने जा रहा है। फिल्म बार्डर 2 में सनी देओल की मुख्य भूमिका होगी। बॉर्डर 2 में वरुण धवन की भी एंट्री हो गयी है। वरुण धवन ने एक अनाउंसमेंट वीडियो के साथ बॉर्डर 2 में अपनी एंट्री कन्फर्म कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया है और फिल्म से जुड़ने की खुशी जाहिर की है। वरुण धवन ने बॉर्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर करते हुए लिखा, मैं चौथी क्लास में था, जब मैं चंदन सिनेमा गया और बॉर्डर देखी और इसने मुझ पर बहुत बड़ा प्रभाव डाला। मुझे अभी भी याद है कि हॉल में हम सभी ने राष्ट्रीय गौरव की भावना महसूस की थी। मैंने अपने सशस्त्र बलों को आदर्श मानना शुरू कर दिया और आज भी मैं उन्हें सलाम करता हूं कि कैसे वे हमारी रक्षा करते हैं और हमें हमारी सीमाओं पर या प्राकृतिक आपदाओं के दौरान सुरक्षित रखते हैं।जे पी दत्ता सर की वॉर फिल्म आज भी मेरी सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक है। जे पी सर और भूषण कुमार द्वारा निर्मित बॉर्डर 2 में एक भूमिका निभाना मेरे करियर का एक बहुत ही खास पल है। मुझे अपने हीरो सनी पाजी (सनी देओल) के साथ काम करने का मौका मिला, जिससे यह और भी खास हो गया। मैं एक बहादुर जवान की कहानी को स्क्रीन पर लाने के लिए उत्साहित हूं जो भारत की सबसे बड़ी वॉर फिल्म होने का वादा करती है।

# जाबेउर चोट के कारण अमेरिकी ओपन से हटीं

न्यूयॉर्क, एजेंसी



<< कंधे की चोट से जूझ रही हैं ओन्स जाबेउर। ● एजेंसी

अमेरिकी ओपन में 2022 की उपविजेता ओन्स जाबेउर कंधे की चोट के कारण इस साल के टूर्नामेंट से हट गईं। सोमवार से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में जाबेउर को 17वीं वरीयता मिलनी थी।

अमेरिकी टेनिस एसोसिएशन ने कहा कि जाबेउर के हट जाने के बाद वरीयता प्राप्त करने के लिए पात्र अगली सर्वोच्च खिलाड़ी एलिस मर्टेंस को 33वीं वरीयता दी जाएगी। जाबेउर हाल में चोटों से जूझती रही है। उन्होंने मॉन्ट्रियल में अपने एकमात्र मैच में नाओमी ओसाका से हारने के बाद वाशिंगटन में हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था। जाबेउर ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि उनका कंधा अभी ठीक नहीं हुआ है और इस कारण वह अमेरिकी ओपन में नहीं खेल पाएंगी। ट्यूनीशिया कि यह खिलाड़ी 2022 और 2023 में विंबलडन के फाइनल में भी पहुंची थीं।

### माइया टेनिस इन द लैंड के सेमीफाइनल में

**क्लीवलैंड (अमेरिका)।** ब्राजील की शीर्ष वरीयता प्राप्त बीट्रिज हद्दाद माइया ने गुरुवार को फ्रांस की क्लारा बुरेल को 6-2, 6-2 से हराकर टेनिस इन द लैंड टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में विश्व में 23वें नंबर की खिलाड़ी हद्दाद मैया का सामना चेक गणराज्य की तीसरी वरीयता प्राप्त कतेरीना सिनियाकोवा से होगा, जिन्होंने अमेरिका की छठी वरीयता प्राप्त पेटन स्टर्न्स को 1-6, 6-3, 6-4 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में अमेरिका की मेकार्टनी केसलर रूस की पांचवीं वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोटापोवा से भिड़ेंगी। केसलर ने नीदरलैंड की अरांटेक्सा रस को 6-4, 6-2 से और पोटापोवा ने रोमानिया की एना बोगदान को 6-2, 6-1 से हराया।

### मॉन्टेरी के सेमीफाइनल में एम्मा

**मॉन्टेरी (मैक्सिको)।** अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके पोलैंड की नौवीं वरीयता प्राप्त मैग्डेलेना फ्रेच को 6-7 (3), 6-0, 6-2 से हराकर मॉन्टेरी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। नवारो इस डब्ल्यूटीए 500 हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की छठी वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा से भिड़ेंगी। नोस्कोवा ने यूक्रेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को 6-4, 6-4 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में रूस की तीसरी वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा का सामना न्यूजीलैंड की लुलु सुन से होगा। अलेक्जेंड्रोवा ने चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त यू युआन को 7-5, 7-6 (3) से और सुन ने रूस की एरिका एंड्रीवा को 6-4, 6-3 से हराया।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

